# दैनिक बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 266 | जयपुर | बुधवार ,30 जुलाई, 2025 | श्रावण, शुक्ल पक्ष-षष्ठी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 10

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## संक्षिप्त समाचार

### हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा-छात्रसंघ चुनाव क्यों नहीं करवा रहे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स )।** प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव नहीं कराने को लेकर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब मांगा हैं। जस्टिस अनूप ढंढ की अदालत ने छात्र जय यादव की याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार और राजस्थान यूनिवर्सिटी से जवाब तलब किया हैं।याचिका में कहा गया था कि सरकार पिछले तीन सत्रों से छात्रसंघ चुनाव नहीं करवा रही हैं। जबकि लिंगदोह कमेटी की सिफारिशों के तहत अकेडमिक सैशन शुरू होने के 6-8 सप्ताह के अंदर ही चुनाव कराए जाने का प्रावधान हैं।वहीं छात्रसंघ चुनाव के जरिए छात्र प्रतिनिधि चुनना छात्रों का मौलिक अधिकार हैं। सरकार उसका भी उल्लंघन कर रही हैं।

दो साल से सरकार कारण नहीं बता रही

अधिवक्ता शांतनु पारीक ने बहस करते हुए कहा कि राज्य सरकार हाईकोर्ट की लॉर्जर बैंच के फैसले और लिंगदोह कमेटी की सिफारिशों को नहीं मान रही हैं। दोनों में छात्रसंघ चुनाव कराने की बात कही गई हैं।इस पर कोर्ट ने याचिकाकर्ता से चुनाव नहीं कराने के पीछे का कारण पूछा, तो उन्होने कहा कि सरकार पिछले दो सालों से बिना किसी कारण के चुनाव नहीं करवा रही हैं।उन्होने बताया कि सत्र 2023-24 में सरकार ने चुनाव नहीं कराने के पीछे कारण बताते हुए कहा था कि नेशनल एजुकेशन पॉलिसी अभी लागू हुई हैं। उसके प्रावधान लागू करने में समय लग रहा हैं। वहीं हम लिंगदोह कमेटी की सिफारिशें लागू नहीं हो पा रही है। ऐसे में चुनाव नहीं करा सकते हैं। लेकिन सत्र 2024-25 और सत्र 2025-26 में सरकार ने चुनाव नहीं कराने का कोई कारण नहीं बताया।

### खेल विभाग ने आरसीए एकेडमी का बदला नाम




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स.)।** राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एकेडमी का नाम बदल दिया गया है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आरसीए एकेडमी के नाम से पहचानी जाने वाली बिल्डिंग अब मेजर ध्यानचंद बिल्डिंग के नाम से पहचानी जाएगी। मंगलवार को खेल विभाग ने इसके आदेश जारी किए।दरअसल, खेल विभाग के अधिकारियों ने सवाई मानसिंह स्टेडियम में बनी बिल्डिंग का नाम बदल खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को प्रस्ताव भेजा था। जिस पर खेल मंत्री ने मंगलवार को स्वीकृति जारी कर दी है। ऐसे में अब अब तक राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन एकेडमी के नाम से पहचानी जाने वाली बिल्डिंग अब से मेजर ध्यानचंद भवन के नाम से पहचानी जाएगी।राजस्थान खेल परिषद के सचिव राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया- राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन से सवाई मानसिंह स्टेडियम का रूद्ध खत्म हो गया है। अब सवाई मानसिंह स्टेडियम पूरी तरह से खेल परिषद के अधीन है। ऐसे में खेल परिषद ने आरसीए एकेडमी बिल्डिंग का नाम बदल मेजर ध्यानचंद भवन करने का फैसला किया था। इस पर आला स्तर से स्वीकृति मिल चुकी है।

### हिमाचल में बादल फटा, घरों में घुसा मलबा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** देशभर में बारिश के कारण जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बिहार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। एमपी में भोपाल 34 जिलों में भारी बारिश हो रही है हिमाचल प्रदेश के मंडी में सोमवार देर रात बादल फटा। अब तक 3 लोगों की मौत हो गई और 2 लापता हैं। 15 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया। चंडीगढ़-मनाली और मंडी-जोगेंद्रनगर फोरलेन बंद हो गया है।

## पीएम मोदी का विपक्ष पर करारा हमला

# जिनको भारत का पक्ष नहीं दिखता, उनको आईना दिखाने खड़ा हूं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मोदी ने कहा कि यह भारत को हिंसा की आग में झोंकने का एक सोचा-समझा प्रयास था। यह भारत में दंगे फैलाने की एक साजिश थी। आज मैं देशवासियों का आभार व्यक्त करता हूँ कि देश ने एकजुट होकर उस साजिश को नाकाम कर दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा के दौरान बोलते हुए कहा कि जिनको भारत का पक्ष नहीं दिखता, उनको आईना दिखाने के लिए मैं खड़ा हूं। उन्होंने कहा कि मैंने कहा था कि यह भारत के %विजयोत्सव% का एक सत्र है। जब मैं %विजयोत्सव% की बात कर रहा हूं, तो मैं कहना चाहूंगा - ये %विजयोत्सव% यह विजयोत्सव आतंकी मुख्यालय को मिट्टी मिलाने और सिंदूर का सौगंध पूरा करने का है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में जो क्रूर घटना घटी, जिस तरह आतंकवादियों ने निर्दोष लोगों से उनका धर्म पूछकर उन्हें गोलियों से भून दिया, वह क्रूरता की पराकाष्ठा थी।



मोदी ने कहा कि यह भारत को हिंसा की आग में झोंकने का एक सोचा-समझा प्रयास था। यह भारत में दंगे फैलाने की एक साजिश थी। आज मैं देशवासियों का आभार व्यक्त करता हूँ कि देश ने एकजुट होकर उस साजिश को नाकाम कर दिया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान जिस प्रकार से देश के लोगों ने मेरा साथ दिया, मुझे आशीर्वाद दिया, देश की जनता का मुझ पर कर्ज है। मैं देशवासियों का आभार व्यक्त करता हूं, मैं देशवासियों का अभिनंदन करता हूं। मोदी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि मैं इस सदन के समक्ष भारत का पक्ष रखने के लिए यहां खड़ा हूं। जो लोग भारत का पक्ष नहीं देख पा रहे हैं, मैं उन्हें आईना दिखाने के लिए यहां खड़ा हूं।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि पहलगाम के बाद भारत लौटने पर उन्होंने एक बैठक बुलाई और आतंकवादियों को करारा जवाब देने का फैसला किया। उन्होंने आगे कहा, हमें अपने सशस्त्र बलों पर भरोसा है और हमने उन्हें आतंकवादियों को उनकी कल्पना से परे सज़ा देने की पूरी छूट दी है। मोदी ने सदन को आगे बताया कि पाकिस्तान को पता था कि भारत कुछ करने वाला है और उसने परमाणु धमकी देनी शुरू कर दी थी। हालाँकि, भारत ने योजना के अनुसार कार्रवाई की और पाकिस्तान कुछ नहीं कर सका। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारतीय सुरक्षा बलों ने 22 अप्रैल के आतंकवादी हमले का बदला 22 मिनट में ले लिया तथा उन स्थानों पर आतंकवादी शिविरों को नष्ट कर दिया जहां वे पहले कभी नहीं पहुंच पाए थे।

## ऑपरेशन सिंदूर पीएम की छवि बचाने को था

# राहुल का केंद्र पर हमला, बोले-लड़ने की इच्छाशक्ति नहीं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता ने कहा कि पहलगाम आतंकी घटना होने के बाद मैं करनाल में नरवाल जी के घर गया। उनके बेटे नेवी में थे और वो सीआरपीएफ में थे। मुझे ऐसा लगा कि मैं अपने परिवार के साथ बैठा हूं। उन्होंने अपने बेटे का फोटो एल्बम दिखाया, उसके बारे में बताया कि वो बहुत हंसी-मजाक करता था। ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि विपक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चट्टान की तरह सरकार के साथ खड़ा रहा। उन्होंने कहा कि एक क्रूर हमला (पहलगाम), एक निर्दयी हमला जो स्पष्ट रूप से पाकिस्तानी सरकार द्वारा आयोजित और सुनियोजित था। युवाओं और बुजुर्गों की निर्मम हत्या कर दी गई।



हम सभी, इस सदन के प्रत्येक व्यक्ति ने मिलकर, पाकिस्तान की निंदा की है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर शुरू होते ही, बल्कि शुरू होने से पहले ही, विपक्ष ने, सभी दलों ने, यह प्रतिबद्धता जताई थी कि हम सेना और भारत की निर्वाचित सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़े रहेंगे।

राहुल ने कहा कि हमने उनके कुछ नेताओं की ओर से कुछ व्यंग्यात्मक टिप्पणियाँ सुनीं। लेकिन हमने कुछ नहीं कहा। यह एक ऐसी बात थी जिस पर इंडिया गठबंधन के सभी वरिष्ठ नेतृत्व सहमत थे। हमें बहुत गर्व है कि एक विपक्ष के रूप में, हम एकजुट रहे, जैसा कि हमें होना चाहिए था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बयान का हवाला देते हुए कहा कि सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के तुरंत बाद पाकिस्तान को बताया कि हम संघर्ष को आगे नहीं बढ़ाना चाहते, एक तरह से सरकार ने कह दिया कि हमारे पास राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि पहलगाम आतंकी घटना होने के बाद मैं करनाल में नरवाल जी के घर गया। उनके बेटे नेवी में थे और वो सीआरपीएफ में थे। मुझे ऐसा लगा कि मैं अपने परिवार के साथ बैठा हूं। उन्होंने अपने बेटे का फोटो एल्बम दिखाया, उसके बारे में बताया कि वो बहुत हंसी-मजाक करता था। बहन ने कहा- मैं दरवाजे की ओर देखती हूं, लेकिन मेरा भाई नहीं आता है और कभी नहीं आएगा।

## पीएम मोदी से मिले सीएम भजनलाल

# मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा-सरकार के कामकाज की दी जानकारी

बनास वरदान

**जयपुर (का.स.)।** सीएम भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सीएम की दिल्ली में संसद भवन में पीएम से करीब 45 मिनट बातचीत हुई। इससे पहले सोमवार को वसुंधरा राजे ने पीएम से मुलाकात की थी।राज्य की टॉप लीडरशिप से पीएम की मुलाकात के बाद माना जा रहा है कि दोनों नेताओं से राजस्थान की मौजूदा राजनीति को लेकर फीडबैक लिया है। इन मुलाकातों के बाद प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा बढ़ गई है।इन मुलाकात को जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफे के बाद प्रदेश की राजनीति में आए वैक्यूम को भरने की कवायद से जोड़कर भी देखा जा रहा है। धनखड़ के इस्तीफे के बाद प्रदेश से किसी भी बड़े पद पर कोई जाट चेहरा नहीं है।ऐसे में आने वाले समय में जाट समुदाय को किस तरह से साधा जाए। उन्हें सत्ता और संगठन में किस तरह से एडजस्ट किया जाए। इन मुद्दों को लेकर भी पीएम की वसुंधरा और सीएम से चर्चा होना बताया जा रहा है।

मंत्रिमंडल विस्तार में सभी गुटों को



मौका

वसुंधरा राजे सीएम नहीं बनाए जाने के बाद से अपने समर्थन वाले नेताओं को सरकार व संगठन में एडजस्ट कराने का प्रयास कर रही हैं। इसे लेकर वसुंधरा पार्टी की टॉप लीडरशिप को भी अवगत करा चुकी हैं।वसुंधरा चाहती हैं कि उनके समर्थकों को राजस्थान की राजनीति में उचित स्थान मिले। माना यह भी जा रहा है कि वसुंधरा ने पीएम मोदी से मुलाकात के समय इस बात को भी रखा है।वहीं, मंगलवार को पीएम से सीएम की मुलाकात के बाद प्रदेश में प्रस्तावित मंत्रिमंडल विस्तार में इसकी झलक भी देखने को मिल सकती है।

झालावाड़ हादसे और सरकार के कामकाज को लेकर चर्चा

माना जा रहा है कि पीएम ने झालावाड़ के पीपलोदी गांव में हुए स्कूल हादसे को लेकर भी दोनों नेताओं के साथ चर्चा की है। मोदी ने ङ्क अकाउंट पर पोस्ट करके घटना पर दुख जताया था।झालावाड़ वसुंधरा राजे का निर्वाचन जिला है। इस सीट से उनके बेटे दुष्यंत सिंह सांसद भी हैं। इस घटना के बाद प्रदेश सरकार के कामकाज पर भी सवाल खड़े हुए थे।

सीएम बोले- डबल इंजन की सरकार आदर्श राज्य बनाने की दिशा में काम कर रही

मुलाकात के बाद सीएम भजनलाल ने बताया- पीएम मोदी से मिलकर राजस्थान के विकास पर चर्चा की। उनके दूरदर्शी नेतृत्व और निरंतर सहयोग के लिए राजस्थान की ओर से आभार व्यक्त किया।हमारी डबल इंजन की सरकार लगातार राजस्थान को आदर्श राज्य बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। जहां प्रत्येक किसान, युवा, महिला, गरीब और वंचित वर्ग को न्याय मिल रहा है और वे अपनी पूर्ण क्षमता के साथ सम्मान युक्त जीवन जी रहे हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद यह मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है। इसके सियासी मायने भी निकाले जाने लगे हैं।

# राजस्थान में 1936 स्कूलों का होगा रिनोवेशन

## 2746 स्कूलों में बनेंगे टॉयलेट, शिक्षमंत्री बोले- उद्घाटन का नहीं करें इंतजार, तत्काल भवनों का उपयोग करें

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स )।** झालावाड़ और जैसलमेर में हुए हादसों के बाद शिक्षा विभाग पूरी तरह से एक्टिव मोड में आ गया है। शिक्षा विभाग ने प्रदेश के 1936 स्कूलों में रिनोवेशन के लिए 169.52 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी की है। वहीं, प्रदेशभर में 2746 टॉयलेट बनाने का भी फैसला किया गया है। इसके साथ ही शिक्षा मंत्री ने पूर्व निर्मित कक्षा



और भवन का बिना उद्घाटन ही उपयोग करने के भी आदेश दिए हैं।दिलावर ने कहा- सरकार प्रदेश के स्कूल भवनों का सर्वे कर रही है। इनमें जो जर्जर या खतरनाक स्थिति में है। उनमें कक्षाएं न लगाने के लिए निर्देश दिए जा चुके हैं। फिर भी बरसात के मौसम को देखते हुए और ज्यादा सावधानी बरतने की आवश्यकता है। सभी संस्था प्रधान अपने स्तर पर भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर संवेदनशील रहे। किसी तरह की कोई लापरवाही नहीं करें।

उद्घाटन का ना करें इंतजार

दिलावर ने कहा- स्कूलों में नवनिर्मित कक्षों और भवन का उपयोग तत्काल शुरू किया जाए। संस्था प्रधान उनके उद्घाटन करने का इंतजार नहीं करे।

# राज्यसभा में खरगे-नड्डा का हाई-वोल्टेज तकरार

## पीएम पर बयान से शुरू होकर माफी तक पहुंची बात

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विपक्षी सांसदों के हंगामे के बाद नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे से माफी मांगी और अपनी टिप्पणी वापस ले ली। नड्डा के बयान के बाद खड़गे ने कहा कि इस सदन में कुछ नेता हैं जिनका मैं बहुत सम्मान करता हूँ। नड्डा जी उनमें से एक हैं। राजनाथ जी और वह ऐसे मंत्री हैं जो बिना अपना संतुलन खोए बोलते हैं।

मंगलवार को राज्यसभा में उस समय भारी हंगामा हुआ जब केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। संसद के उच्च सदन में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष बहस के दौरान बोलते हुए, नड्डा ने 83 वर्षीय खड़गे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए विवादास्पद शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। राज्यसभा में सदन के नेता ने कहा कि वह (राज्यसभा नेता मल्लिकार्जुन खड़गे) बहुत वरिष्ठ नेता हैं, लेकिन जिस तरह से उन्होंने प्रधानमंत्री पर टिप्पणी की। मैं उनका दर्द समझ सकता हूँ। वह (प्रधानमंत्री मोदी) 11 साल से वहाँ हैं। वह दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। लेकिन आपको अपनी पार्टी से इतना प्यार है कि आप अपना मानसिक संतुलन खोकर इतनी पीड़ा में हैं, ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करें।

हालांकि, विपक्षी सांसदों के हंगामे के बाद नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे से माफी मांगी और अपनी टिप्पणी वापस ले ली। नड्डा के बयान के बाद खड़गे ने



कहा कि इस सदन में कुछ नेता हैं जिनका मैं बहुत सम्मान करता हूँ। नड्डा जी उनमें से एक हैं। राजनाथ जी और वह ऐसे मंत्री हैं जो बिना अपना संतुलन खोए बोलते हैं। वह आज मुझे बता रहे हैं। यह शर्म की बात है। उन्हें माफ़ी मांगनी चाहिए, मैं इसे ऐसे ही नहीं छोड़ने वाला। इसके बाद नड्डा ने कहा कि हम विपक्ष के नेता का सम्मान करते हैं। मैंने अपने शब्द वापस ले लिए। अगर आपको ठेस पहुँची हो तो मैं क्षमा चाहता हूँ। लेकिन आप भी भावनाओं में बह गए थे। आप इतने बहक गए थे कि आपको प्रधानमंत्री की गरिमा का भी ध्यान नहीं रहा, यह दुखद है।

खड़गे ने मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर बहस के दौरान ऊपरी सदन में बोलते हुए पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों के ठिकाने के बारे में केंद्र से सवाल किया। खड़गे ने सबसे पहले कहा कि पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को मैं अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। मैं उनके परिवारों के प्रति भी अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं कहना चाहूंगा - मेहंदी वाले हाथों ने पति की लाश उठाई है, बेबस रोते बच्चों ने पापा की जान गंवाई है, अश्रु भरे लाचार खादी बेबस नारी को देखा है, पहलगाम घाटी में हमने अपनों को मरते देखा है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पूरे देश और इस सदन के साथ, मैं (पहलगाम में) हुए बर्बर हमले और पाकिस्तान द्वारा आतंकवादियों को लगातार दिए जा रहे समर्थन की निंदा करता हूँ। उन्होंने कहा कि हमने पहले भी पाकिस्तान की निंदा की थी, आज भी करेंगे और अगर कल भी ऐसा ही चलता रहा, तो भी हम उसकी निंदा करते रहेंगे। लेकिन यहाँ हम उसकी निंदा करते हैं और आप उनकी दावत में शामिल होते हैं और उन्हें गले लगाते हैं।







सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर( राज. ) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, नि[illegible]बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

## उदयपुर लेकसिटी राउण्ड टेबल के विशाल शाह चेयरमैन एवं सिमरनजीतसिंह सचिव बनें

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर (नि.स.)।** उदयपुर लेकसिटी राउण्ड टेबल-206 की वर्ष 2025-26 की वार्षिक आमसभा आज एक निजी होटल में आयोजित की गई। जिसमें विशाल शाह चेयरमैन एवं सिमरनजीतसिंह सचिव चुने गये। इसके अलावा मोहित सिंघवी उपाध्यक्ष,असीम बोलिया कोषाध्यक्ष, निवर्तमान चेयरमैन मोहित अग्रवाल को कार्यकारिणी में शामिल किया गया।

## जेएसजी मेवाड़ ने किया वृक्षारोपण, 39 पेड़ रौपें

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (नि.स.)।** जेएसजी मेवाड़ ग्रुप ने आज राजकीय प्राथमिक विद्यालय, राती तलाई में 39 पेड़ रोप कर वृक्षारोपण के सिग्नेचर प्रोजेक्ट की शुरूआत की गई। ग्रुप सचिव संजय कोठारी ने बताया कि ग्रुप द्वारा आयोजित इस वृक्षारोपण अभियान में सभी सदस्यों ने सम्मिलित हो कर इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभायी। मुख्य अतिथि मुख्य वन संरक्षक आर.के.जैन,संसथापक अध्यक्ष विजेन्द्र बापना,अध्यक्ष राजेश लोढ़ा,राजेन्द्र भण्डारी,कमलेश बोलिया,एस.एल.सहलोत, सी.एस.बोलिया ने सहयोग किया।

## रोटरी क्लब दृष्टि ने बावड़ी की सफाई कर चमकाया, पीने लायक बना पानी

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** रोटरी क्लब दृष्टि ने संरक्षक डॉ. स्वीटी छाबड़ा की अगुवाई में मंगलवार को अमरख जी महादेव स्थित ऐतिहासिक बावड़ी की सफाई कर उसे न केवल चमकाया वरन् उसका पानी पीने लायक बनाया। अब तक क्लब 7 बावड़ियों की सफाई कर चुका है। डॉ. स्वीटी छाबड़ा ने बताया कि क्लब ने इस प्रोजेक्ट को सिग्नेचर प्रोजेक्ट के रूप में हाथ में ले रखा है। यह प्रोजेक्ट वर्ष पर्यन्त चलेगा। 2 अगस्त को शहर की 2 और बावड़ियों को साफ किया जायेगा। उन्होंने बताया कि यह प्रोजेक्ट न केवल स्वच्छता का संदेश देता है वरन् हमारी सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण की भी प्रेरणा देता है।

## पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय पावटा में कक्षा 6 के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

### 13 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय पावटा में सत्र 2026-27 के लिए, कक्षा 6 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। प्राचार्य संजू जोशी ने बताया कि पूर्व में आवेदन 29 जुलाई तक मांगे गये थे लेकिन सर्वर डाउन होने से आवेदन तिथि आगे बढ़ाकर 13 अगस्त कर दी गई। पहले यह विद्यालय जयपुर जिले में था लेकिन कोटपूतली-बहरोड़ को नया जिला बनाये जाने से यह विद्यालय जयपुर से हटकर कोटपूतली-बहरोड़ जिले क्षेत्र में आ गया। जब तक जयपुर जिले में नया विद्यालय बनकर संचालित न हो तब तक जिला कोटपूतली-बहरोड़ व जयपुर जिले के सभी विद्यालयों में कक्षा 5 में अध्ययनरत विद्यार्थी भी पावटा नवोदय में आवेदन कर सकते हैं।

## हरियालो राजस्थान के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का किया आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** श्री अग्रसेन महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में हरियालो राजस्थान के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजकुमार गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अग्रसेन शिक्षा प्रसार समिति के अध्यक्ष रामदयाल पटवारी, महामंत्री ओमप्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश तिघारिया रहे।




कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्रपटल के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर हुई,कार्यक्रम में %एक पेड़ मां के नाम% के तहत महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्य किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. ताराचंद, डॉ. मनोज, डॉ. तपन व्यास, सुनीता शर्मा, आशा मंगल, नवीन माथुर, धर्मेंद्र शर्मा, आशुतोष गुप्ता,एवं शैक्षिक और अशैक्षिक स्टॉफ आदि उपस्थित रहे ।

## झालावाड़ स्कूल हादसे के बाद स्टाफ चिंतित

### जजावर इंग्लिश मीडियम स्कूल के कई कमरों मे दरारें

बढ़ता राजस्थान

**जजावर( पदम शाह )।** कस्बे के महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल भवन की वर्षों से पूरी छत टपकने की वजह से कई कमरों मे दरारें नजर आने लग गई हैं कहीं छत से होने वाला यह रिसाव एक दिन पुरे भवन के लिए खतरा नही बन जाए इस बात को लेकर स्कूल स्टाफ चिंतित हैं। मौका स्तिथि के अनुसार यह स्कूल भवन बहुत पुराना है भवन की छत डेमेज होने साथ साथ पानी की सही निकासी नही होने से प्रत्येक कमरे टपकते है पहाडी साइड वाले कमरो की दिवार भी सीलन की वजह से बरसात के दौरान गीली ही रहती है ज्यादा बरसात के दौरान एक कमरे से दुसरे कमरे मे दिवार से होकर पानी भी आ जाता है यही नहीं स्कूल भवन के पीछे जहां मिड डे मील बनता है वहां जर्जर टीन शेड के नीचे बने चूल्हे के पास की दिवार तो फूल भी गई हैं जो कभी भी धराशायी हो सकती है । स्कूल के प्रभारी मनीष प्रजापत ने बताया कि भवन की सारी स्तिथि से अधिकारियो को अवगत करा दिया है संपूर्ण भवन को मरम्मत की दरकार है उन्होने बताया कि भवन की मौजूदा स्तिथि के अनुसार हम स्कूल मे नामांकित करीब 80 से अधिक बच्चों की सुरक्षा को लेकर बिल्कुल संवेदनशील है लेकिन संपूर्ण भवन की मजबूती के लिए मरम्मत होना बहुत आवश्यक हैं। उधर सीबीइओ अनिल गोयल ने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार पंचायतवार स्कूल भवनों की वास्तविक स्तिथि जानने के लिए अलग अलग टीम गठित की गई है टीम द्वारा सारी स्तिथि मौके पर जाकर देखी जाएगी उस रिपोर्ट के आधार पर भवनों की मरम्मत के प्रस्ताव तैयार होंगे।



# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर में पारंपरिक खाद्य एवं वैश्विक मानकों पर प्री.कंसल्टेटिव स्टेकहोल्डर मीटिंग का आयोजन

### ग्लोबल फूड रेगुलेटरी समिट 2025 त्रस्नत्रः पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम से पूर्व राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में हुआ प्री.कंसल्टेटिव स्टेकहोल्डर मीटिंग का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। ग्लोबल फूड रेगुलेटरी समिट 2025 पर पारंपरिक खाद्य एवं वैश्विक मानकों विषय पर मंगलवार को राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में प्री.कंसल्टेटिव स्टेकहोल्डर मीटिंग का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक का उद्देश्य भारत की समृद्ध पारंपरिक खाद्य प्रणाली को वैश्विक खाद्य सुरक्षा एवं मानकों के परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करना है।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने कहा कि भारत की पारंपरिक आहार प्रणाली केवल पोषण का साधन नहीं बल्कि यह हमारी जीवनशैली, संस्कृति और स्वास्थ्य का आधार भी है। उन्होंने नीति.निर्माताओं, वैज्ञानिकों और उद्योग जगत के बीच सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पारंपरिक खाद्य प्रणालियाँ कृषि विविधताए स्थानीय संसाधनों और मौसम अनुसार आहार की अवधारणा पर आधारित होती हैं। विज्ञान एवं मानक ष्ठह्लष्ठश्वढ्ढ भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण स्नस्स्ढ्ढ की सलाहकार प्रोफेसर अल्का राव ने मुख्य वक्ता के रूप में पारंपरिक खाद्य के वैश्विक मानकीकरण में स्नस्स्ढ्ढ की भूमिका एवं कार्य योजनाओं की जानकारी दी।



प्रोफेसर मीता कोटेचा ने पारंपरिक खाद्य पद्धतियों की सांस्कृतिक एवं चिकित्सीय महत्व पर जानकारी दी। रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग के विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर अनुपम श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा यह प्री.कंसल्टेटिव बैठक त्रस्नत्रः 25 के लिए एक मार्गदर्शक सिद्ध होगी। इस बैठक में पारंपरिक खाद्य उत्पादकों, खाद्य व्यापार संगठनों, आयुर्वेद संबंधित संस्थानों क्रस्, स्ह्नक्रञ्ज जयपुर सहित कई स्टेकहोल्डर्स ने भाग लिया। विशेष संवाद सत्र में पारंपरिक खाद्य विशेषज्ञों और उद्योग प्रतिनिधियों के बीच उपयोगी चर्चाएं हुईं, जिसमें पारंपरिक आहार प्रणाली को वैश्विक मानकों के अनुरूप ढालने के उपायों पर विचार किया गया। तकनीकी सत्र का संचालन डॉ रविंदर सिंह निदेशक स्नस्स्ढ्ढ ने पारंपरिक खाद्य विशेषज्ञों और उद्योग प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने पारंपरिक खाद्य प्रणालियों के संरक्षणए संवर्धन एवं अंतरराष्ट्रीय मानकों से जोड़ने हेतु सहयोग की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## दीक्षा वहीं ले जिसके मन में असंयम से संयम की ओर बढ़ने का भाव आयें :कृतार्थप्रभाश्री

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** सूरजपोल स्थित दादाबाड़ी में साध्वी कृतार्थप्रभा श्रीजी ने कहा कि आज का दिन परमात्मा नेमिनाथ का जन्म कल्याणक है। हम तो आने जन्मदिन को जन्मदिन कहते हैं परमात्मा के जन्मदिन को कल्याणक कहते हैं। परमात्मा के कैवल्य ज्ञान दिवस को कैवल्य कल्याणक कहते हैं। परमात्मा को अपने जन्म के बाद मालूम है कि इसके बाद उनका कल्याण होना है। माता के गर्भ में आते हैं तब पहले इंद्र को पता चलता है कि परमात्मा ने जन्म लिया है। दीक्षा, मोक्ष, जन्म, कैवल्य कुछ भी हो कल्याणक इसीलिए कहते हैं।

देवलोक में सुख और दुख दोनों होते हैं। परमात्मा सुख त्यागकर यहां क्यों आये क्योंकि च्यवन कल्याणक के बाद जन्म कल्याणक होता है। जन्म कल्याणक यह संदेश देता है कि नौ महीने तक गर्भ रूपी कोठरी में उल्टा रहा। इसके बाद मुक्ति मिल जाएगी। आप भी प्रण लें कि ये अंतिम हो, इसके बाद जन्म नहीं लेना है। तीसरा दीक्षा कल्याणक। अंदर से वैराग्य जागे तभी दीक्षा ले सकते हैं। परमात्मा ने संयम का मार्ग बताया खुद के कल्याण के लिए। गरीब-अमीर का कोई अर्थ नहीं। दीक्षा वही लेगा जिसके मन में असंयम से संयम की ओर बढ़ने का भाव आता है। भगवान नेमिनाथ की शादी नही हुई। जो था सब दान देना शुरू किया। एक वर्ष बाद दीक्षा हुई। दान सिर्फ पुण्यशाली ही ले सकता था। जो ज्यादा पुण्य करके आया परमात्मा के हाथों से उसे दान मिला। दीक्षा कल्याणक का संदेश यह कि संसार मेजन जितने भी जीव हैं उनकी आत्मा को नही दुखाना हो तो आगे बढ़ो, कल्याणक के दिन संकल्प करो कि जीवों को दुख नाही देना है। कैवल्य कल्याणक यांकी शरीर की सेवा नहीं करनी। सिर्फ आंखों को छोड़कर सब त्याग दिया। दीक्षा के 56 दिन होते ही उन्हें कैवल्य ज्ञान हुआ। अंतिम मोक्ष कल्याणक यानी मोक्ष प्राप्त किया। साध्वी विरलप्रभा श्रीजी ने गीत प्रस्तुत किया।

## कमलेश श्री नारायणी सेना के जिला उपाध्यक्ष नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** श्री नारायणी सेना के राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश सैन और कौर कमेटी की सहमति से जिलाध्यक्ष भीमसिंह ने प्रागपुरा कस्बे निवासी कमलेश पुत्र रामस्वरूप सैन को श्री नारायणी सेना का कोटपूतली-बहरोड़ जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। जिला प्रधान महासचिव विकास सैन ने कहा कि कमलेश सैन के सामाजिक कार्यों के प्रति लगन, निष्ठा और समाज के प्रति समर्पित भावना को देखते हुए जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। जिला प्रभारी संजय सैन ने बताया कि कमलेश को संगठनात्मक क्रियाकलापों का अनुभव है और वे सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। श्री नारायणी सेना जिलाध्यक्ष भीमसिंह सैन का आभार जताते हुए कमलेश सैन ने कहा कि वे संगठन में मिली जिम्मेदारियों को बखूबी ईमानदारी से निभायेंगे और समाज के प्रति निस्वार्थ होकर कार्य करेंगे। कमलेश की नियुक्ति को लेकर महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष बृजबाला सैन, प्रदेश मिडिया प्रभारी पहलाद सैन, कोटपूतली उपाध्यक्ष कैलाश चंद सैन, पावटा वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सैन पंडितपुरा, महेन्द्र सैन पवाना, मुकेश सैन प्रागपुरा समेत अन्य लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दीं।



## जिला प्रशासन ने दिए निर्देश-खनन पिटों व गहरे गड्ढों की तारबंदी और चेतावनी पट्ट अनिवार्य

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** मानसून की मूसलधार बारिश के चलते जिले के तालाब, नाडियां, एनीकट एवं खनन क्षेत्र के गहरे गड्ढे पानी से भर चुके हैं। ऐसे में डूबने जैसी असामयिक दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है।जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने खनन क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि खनन पट्टाधारी व क्वारी लाइसेंसधारी अपने-अपने खनन पिटों सहित आसपास के 200 मीटर दायरे में स्थित सभी गहरे गड्ढों की तारबंदी, चेतावनी पट्ट तथा अन्य सुरक्षात्मक उपाय प्राथमिकता से सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया है कि जिन स्थानों पर सुरक्षा के लिहाज से खतरा बना हुआ है, वहां खनन कार्य अस्थायी रूप से स्थगित रखा जाए। साथ ही, आस-पास के ग्रामीणों को खतरे के प्रति जागरूक करने तथा मवेशियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएं।जिला प्रशासन ने सभी खनन पट्टाधारियों से अपेक्षा की है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में किए गए सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी शीघ्र संबंधित कार्यालय को प्रस्तुत करें, ताकि समय रहते सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचाव किया जा सके।मानसून में सुरक्षा के प्रति कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खनन क्षेत्रों में कड़ी निगरानी और कार्यवाही की जाएगी।

कमल राम मीना, जिला कलेक्टर, ब्यावर



## राजकीय जिला अस्पताल मे टीबी रोगियों को निक्षय मित्र अभियान के अंतर्गत पोषण किट प्रदान की

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा निक्षय मित्र अभियान के अंतर्गत मंगलवार को जिला अस्पताल में पोषण किट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. पुष्पेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में किट वितरण हुआ।कार्यक्रम में डॉ. रामराज मीणा, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर उपेंद्र कुमार गुप्ता और एसटीएस मनोज सैनी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर टीबी रोगियों को पोषण किट प्रदान की गईं।मरीजों को पोषक भोजन के बारे में जानकारी दीनिक्षय मित्र अभियान का मुख्य उद्देश्य टीबी रोगियों को उचित पोषण प्रदान करना है। इससे रोगियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग इस अभियान के माध्यम से आम जनता में टीबी रोग के प्रति जागरूकता भी बढ़ा रहा है।कार्यक्रम केदौरानस्वास्थ्यकर्मियों ने रोगियों को पोषण के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्हें नियमित रूप से दवा सेवन करने के लिए प्रेरित किया गया।2 हजार पोषण किट बांटेविभाग ने लगभग 2 हजार पोषण किट वितरण का लक्ष्य रखा है। निक्षय किट में आटा, चावल, सोयाबीन और दाल जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थ शामिल हैं। इन किट के माध्यम से टीबी रोगियों के स्वास्थ्य में सुधार लाने का प्रयास किया जा रहा है।

## मिलावटखोरी पर प्रशासन का बड़ा वार, एक्सपायरी खाद्य सामग्री जब्त, दूषित घी पर होगी कानूनी कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** राजस्थान सरकार की शुद्ध आहार-मिलावट पर वार योजना के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिलावटखोरों के विरुद्ध जिला स्तर पर विशेष कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को जिला कलेक्टर डॉ. कमल कुमार मीणा एवं सीएमएचओ डॉ. संजय गहलोत के निर्देशानुसार गठित खाद्य सुरक्षा टीम ने कलश एजेंसीज पर औचक निरीक्षण किया। शिकायतों के आधार पर की गई इस कार्रवाई में वहां एक्सपायरी अचार, टमाटर सॉस, सोया सॉस व रसगुल्ला पाए गए। टॉमेटो सॉस (ब्रांड - रॉयल) एवं सोया सॉस (ब्रांड - रॉयल) के सैम्पल मौके पर लिए गए। साथ ही लगभग 1300 लीटर खाद्य सामग्री सीज की गई। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की स्थिति अत्यंत खराब पाई गई तथा कार्यरत श्रमिकों के पास मेडिकल हेल्थ फिटनेस प्रमाण पत्र भी नहीं मिले। टीम द्वारा मौके पर ही दूषित खाद्य पदार्थ नष्ट कराए गए व संबंधित व्यापारी को पाबंद किया गया। सैम्पल जांच के लिए अजमेर लैब भेजे गए हैं। रिपोर्ट असंतोषजनक पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं दूसरी ओर 18.जून.2025 को मैसर्स काबरा ट्रेडर्स से लिया गया ईजी डेयरी ब्रांड देसी घी का सैंपल लैब में अनसेफ (असुरक्षित) पाया गया है। उल्लेखनीय है कि इस ब्रांड की पूर्व जांच रिपोर्ट भी असुरक्षित आई थी। इस गंभीर मामले में काबरा ट्रेडर्स व साहू ट्रेडर्स पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी नारायण सिंह ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि यह विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा। आगामी चरण में रक्षा बंधन व अन्य त्यौहारों को देखते हुए होटलों, रेस्टोरेंट्स, मिठाई की दुकानों, दूध-मावा विक्रेताओं और कैफे पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



# चोरों के हौसले बुलंदः घर में सो रही महिला के पैरों से चुराई चांदी की पायजेब

### मंदिर में रखे दानपात्र से 40 हजार की नगदी समेत चोरों ने भगवान का मुकुट चुराया

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** प्रागपुरा थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। विगत सोमवार की रात प्रागपुरा थाना इलाके से दो जगह चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। पहली एक घटना बावड़ी में चबुतरे वाले महाराज स्थित व्यापारी राजेश यादव के घर में हुई, जहां अज्ञात चोरों ने घर में प्रवेश कर मोबाइल और बोलेरो की चाबी चुरा ली। इसके अलावा चोरों ने घर में सो रही राजेश यादव की पत्नी के पैर के एक पैर से चांदी की पायजेब चुरा ली तथा दूसरे पैर से पायजेब निकालने का प्रयास किया तो जाग होने वह डर गई और पास हि बगल में सो रहे पति राजेश को आवाज लगाई तो ये चोर बाइक पर सवार होकर फरार हो गये। दूसरी घटना गोमती धाम राधा कृष्ण मंदिर में हुई, जहां चोरों ने मंदिर में रखा दान पात्र तोड़कर नगदी समेत अन्य कीमती सामान ले गए। मंदिर के देखभालकर्ता विकास पुत्र पप्पू राम यादव ने बताया कि मंदिर में रखे दान पात्र में करीब 40 हजार की नगदी और पीतल के बर्तन, भगवान का चांदी का मुकुट, आभूषण और 500 मीटर तांबे के तार की केबल चोरी हो गए हैं। पुलिस ने दोनों घटनाओं की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। लेकिन लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि पुलिस इन पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जाए। इसके अलावा लोगों को सुरक्षा के उपायों की जानकारी देने के लिए एक जागरूकता अभियान चलाया जाए। पुलिस प्रशासन का स्लोगन है कि आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय, लेकिन धरातल पर स्थिति इससे कहीं परे है। अब देखना यह है कि पुलिस प्रशासन इन चोरी की घटनाओं पर कैसे अंकुश लगाती है।



# विधायक श्रीमती दीप्ति माहेश्वरी ने किया राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन

**18 माह में बदली प्रदेश की तस्वीर, मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हुए परिवर्तनकारी कार्य -विधायक श्रीमती माहेश्वरी, जनकल्याण को समर्पित है सरकार, हर क्षेत्र में सुनिश्चित हो रहा सर्वांगीण विकास -विधायक श्रीमती माहेश्वरी, राज्य सरकार ने गत 18 माह में महिला कल्याण से लेकर कृषि, विद्युत, रोजगार और हर क्षेत्र में किए उल्लेखनीय कार्य -विधायक श्रीमती माहेश्वरी**

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद। राज्य सरकार की 18 माह की उपलब्धियों, योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन मंगलवार को राजसमंद विधायक श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी ने किया। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन कर राज्य सरकार की नीतियों और विकास कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के इस प्रयास की सराहना की।विधायक श्रीमती माहेश्वरी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हमारी डबल इंजन की सरकार हर क्षेत्र में अधिकतम विकास कार्य सुनिश्चित कर रही है। यह प्रदर्शनी आमजन को राज्य सरकार की प्राथमिकताओं और जनकल्याणकारी योजनाओं से सीधे जोड़ने का माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि जब अठारह माह पूर्व मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में नई सरकार का गठन हुआ, तब एक नई उम्मीद, नया उजाला राजस्थान में छाया।




उन्होंने कहा कि हमने केवल वादे नहीं किए, बल्कि एक समर्पित दृष्टि के साथ विकसित राजस्थान के निर्माण का संकल्प लिया। आज मैं पूरे गर्व से कह सकती हूँ कि यह सरकार उस दिशा में ठोस कदमों के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है, ।

विधायक ने कहा कि श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार ने राजस्थान को एक मॉडल स्टेट बनाया है। हमारे सामने एक लंबा रास्ता है। हमें राजस्थान को देश का सबसे विकसित राज्य बनाना है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि हमारे राज्य का हर गांव, हर शहर, हर व्यक्ति विकास की इस यात्रा का हिस्सा बने।

प्रदर्शनी में स्वास्थ्य, शिक्षा, पीडब्ल्यूडी, ग्रामीण विकास, जल संसाधन, पीडब्ल्यूडी, कृषि, उद्यानिकी, प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, पीएचईडी, डीआईसी, राजीविका, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग, वाटरशेड सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं और गत 18 माह में किए गए प्रमुख विकास कार्यों, उपलब्धियों, सफलताओं, परियोजनाओं आदि की सचित्र जानकारी प्रदर्शित की गई।

अवलोकन के पश्चात विधायक माहेश्वरी ने सूचना केंद्र परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। विधायक माहेश्वरी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने अपने स्तर पर पौधारोपण अवश्य करें एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दें। अंत में उन्होंने आगंतुकों से चाय पर चर्चा कर प्रस्थान किया।

## राजसमंद सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने उठाया बिचौलियों का मुद्दा

**कहा- किसान बिचौलियों पर रहते हैं निर्भर, बिचौलिये ले जाते हैं मुनाफे का बड़ा हिस्सा, जवाब में केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा- एमएसपी पर हो रही है रिकॉर्ड खरीद, दलहन और तिलहन की एमएसपी पर खरीद की योजना भी बनाई**



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद।** सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से किसानों की बिचौलियों पर निर्भरता कम करने और उन्हें सीधी बाजार पहुंच या सरकार समर्थित मंचों के माध्यम से उचित मूल्य दिलाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं के संबंध में प्रश्न पूछा।सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने कहा कि बिचोलिये किसान और बाजार के बीच मध्यस्तता की भूमिका निभाते हैं। मुनाफे का बड़ा हिस्सा बिचौलिये खुद रख लेते हैं, इससे किसानों की कमाई कम हो जाती है, किसानों की सौदेबाजी की शक्ति भी कम हो जाती है। बिचौलियों पर किसानों की निर्भरता कम करने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं?इस प्रश्न पर माननीय केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार ने एमएसपी पर खरीद का प्रावधान इसलिए किया ताकि राज्य सरकार की नामित एजेंसी के माध्यम से किसानों की फसल सीधे खरीदी जा सके, एमएसपी पर रिकॉर्ड खरीद हो रही है। दलहन और तिलहन की खरीद के लिए भी पीएम आशा योजना बनाई गई है। तुअर, मसूर और उड़द की सौ प्रतिशत एमएसपी पर खरीद की जाएगी, यह फैसला सरकार ने किया है। हम लगातार यह प्रयत्न कर रहे हैं कि बिचौलिये सफल नहीं हो पाएं और किसानों को फसल का असल मूल्य सीधा मिल सके।

## परिवहन विभाग - कर नहीं भरने पर 114 वाहनों के नेशनल परमिट निलंबित

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द।** परिवहन विभाग द्वारा राज्य सरकार को देय कर का भुगतान नहीं करने पर जिले के 114 वाहनों के नेशनल परमिट निलंबित कर दिए गए हैं। विभाग की ओर से पूर्व में इन वाहनों के स्वामियों को कर जमा कराने के लिए नोटिस जारी किए गए थे, किन्तु निर्धारित समयावधि में भी कर जमा नहीं कराया गया।प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिला परिवहन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह द्वारा उक्त वाहनों के नेशनल परमिट निलंबन की संस्तुति प्रादेशिक परिवहन अधिकारी को प्रेषित की गई। इस पर कार्रवाई करते हुए प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ने आज दिनांक 29 जुलाई 2025 को राजस्थान मोटर यान नियम 1990 के नियम 5.19 के अंतर्गत, देय कर के भुगतान में विफलता को स्पष्ट उल्लंघन मानते हुए संबंधित 114 वाहनों के नेशनल परमिट आगामी आदेश तक निलंबित कर दिए।परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि निलंबित परमिट वाले वाहनों का संचालन करते हुए पाया गया, तो उन्हें बिना वैध परमिट संचालन की श्रेणी में मानते हुए जब्त किया जाएगा तथा नियमानुसार शास्ति (जुर्माना) भी आरोपित की जाएगी।

## सहायक पुलिस उप निरीक्षक पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो(एसीबी) की डूंगरपुर टीम ने कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना चौरासी जिला डूंगरपुर के सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) जीवन लाल को परिवादी से पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी डूंगरपुर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके भाई व भतीजे को पुलिस थाना चौरासी (झौथरी) के सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) जीवन लाल सहायक ने थाने में ले जाकर बंद कर दिया गया। परिवादी ने पुलिस थाना चौरासी पर जाकर सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) जीवनलाल उसके भाई व भतीजे को बंद क्यों किया है पूछा तो कहा 4 महीने पहले एक अन्य व्यक्ति व भतीजे ने लाबासा दौड़ में झगड़ा किया था। जिस पर परिवादी द्वारा अपने भाई को छोडने का कहाँ तो सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) ने कहाँ की अन्य व्यक्ति को लाओ और भाई को ले जाओ। जिस पर अन्य व्यक्ति को लाया व परिवादी के भाई को छोडा गया।जब परिवादी द्वारा अपने भतीजे व अन्य व्यक्ति को छोडने का कहाँ तो सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) की ओर से दस हजार रुपये की रिश्वत मांगी गई। जिस पर रिश्वत मांग का सत्यापन हुआ। जिसमें सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) द्वारा परिवादी से तीन हजार रुपये रिश्वत ली गई व शेष सात हजार रुपये ग्रहण करने की सहमति देने की पुष्टि हुई। जिस पर एसीबी की टीम ने ट्रेप की कार्रवाई करते हुए सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) जीवन लाल पटेल को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड कर रिश्वत राशि बरामद की गई।

## बीस वर्षो से फरार चल रहा दस हजार रुपये का इनामी वारंटी राजू उर्फ सम्राट गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** चौमू थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम पश्चिम (डीएसटी) ने कार्रवाई करते हुए बीस वर्षो से फरार चल रहे दस हजार रुपये के इनामी वारंटी राजू उर्फ सम्राट को पकड़ा है। गिरफ्तार आरोपित राजू उर्फ सम्राट मारपीट,धोखाधड़ी, एवं राजकार्य में बाधा के प्रकरण में वांछित चल रहा था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर शहर (पश्चिम) हनुमान प्रसाद ने बताया कि चौमू थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम पश्चिम (डीएसटी) ने कार्रवाई करते हुए बीस वर्षो से फरार चल रहे दस हजार रुपये के इनामी वारंटी राजू उर्फ सम्राट निवासी निवासी रींगस चौमू को गिरफ्तार किया है। आरोपित वारंटी के विरुद्ध विभिन्न न्यायालयों से 4 स्थाई वारंट जारी है। आरोपित के खिलाफ पुलिस थाना चौमू विश्वकर्मा जयपुर पश्चिम, विधाधर नगर जयपुर उत्तर कालाडेरा जयपुर ग्रामीण में विभिन्न धाराओं में कुल 8 प्रकरण दर्ज है ।

**राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड**
कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, किसान भवन लालकोठी, खण्ड-टर्मिनल मार्केट, जयपुर

क्रमांक :- राजकाज रेफरेंस 16832363 दिनांक :- 28/07/2025

**बिड आमंत्रण सूचना संख्या 07/2025-26**

राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, खण्ड–टर्मिनल मार्केट, जयपुर के कार्यो हेतु ऑफ लाईन बिड उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत बिडर्स से आमंत्रित की जाती है। बिड से संबंधित विस्तृत विवरण बोर्ड की वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb पर भी देखा जा सकता है। जिसका UBN No AGM2526WSOB00454 to AGM2526WSOB00456 है।

राज.संवाद/सी/25/7118 अधिशाषी अभियंता

# भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर उमड़ा हरित जनसैलाब

**पर्यावरण योद्धा संदीप चौधरी का सैकड़ों पर्यावरण प्रेमियों ने किया भव्य स्वागत**

**30 जुलाई को होने जा रहे 102वें स्टार्टअप लॉन्च को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह, ऐतिहासिक दिन को लेकर तैयारियां पूरी, स्टार्टअप लॉन्चिंग इवेंट रहेगा लाइव प्रसारित, सेव अर्थ मिशन के नायक की मौजूदगी ने ओडिशा को दिया हरित ऊर्जा का संदेश, हर कोई बना बदलाव का भागीदार**

बढ़ता राजस्थान




जयपुर। भुवनेश्वर ओडिशा देश और दुनिया में जलवायु क्रांति के अगुआ संदीप चौधरी जैसे ही भुवनेश्वर एयरपोर्ट पहुंचे, वहां मौजूद सैकड़ों पर्यावरण प्रेमियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया 'पृथ्वी का किसान पुत्र' के नाम से पहचाने जाने वाले संदीप चौधरी के स्वागत के लिए लोग पारंपरिक वेशभूषा, हरे झंडे और सेव अर्थ मिशन के नारों के साथ एयरपोर्ट पहुंचेएक व्यक्ति का स्वागत नहीं, बल्कि पर्यावरण चेतना की उस लहर का प्रतीक था, जो भारत के कोने-कोने से उठ चुकी चौधरी का 102वां स्टार्टअप जो 30 जुलाई को लॉन्च होने जा रहा एक व्यावसायिक पहल नहीं बल्कि हर स्टार्टअप, एक समाधान की अवधारणा को साकार करता हैकार्यक्रम को लेकर लोगों में गजब का उत्साह है पूरे इवेंट को लाइव प्रसारित किया जाएगा ताकि देश-दुनिया के लोग इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बन सकें।भुवनेश्वर में होने वाला यह कार्यक्रम सिर्फ एक लॉन्च नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को समर्पित एक पर्यावरणीय आंदोलन है, जिसमें चौधरी की सोच, संकल्प और समर्पण झलकता है.संदीप चौधरी ने कहा, यह स्टार्टअप सिर्फ मेरा नहीं, हर उस युवा का है जो समाधान बनना चाहता है, समस्या नहीं। ओडिशा की धरती से एक नया इतिहास लिखा जाएगा।

## कोटपूतली-बहरोड ज़िले में पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली।बिल्लूराम सैनी)** कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक,कोटपूतली-बहरोड में देवेंद्र कुमार बिश्नोई(आई.पी.एस.), पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों सहित समस्त थानाधिकारी एवं अपराध सहायक उपस्थित रहे।गोष्ठी में वैभव शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली, शालिनी राज, एएसपी नीमराना, राजेन्द्र कुमार बुरड़क, डीएसपी कोटपूतली, शिप्रा राजावत, डीएसपी विराटनगर, कृतिका यादव, डीएसपी बहरोड एवं सचिन शर्मा, डीएसपी नीमराना ने भी भाग लिया।पुलिस अधीक्षक बिश्नोई ने जिले में अपराधों की समीक्षा करते हुए बताया कि संज्ञेय अपराधों में कमी लाने के प्रयास किए जाएँ तथा लोकल एवं स्पेशल एक्ट के मामलों में कार्यवाही को बढ़ाया जाए। उन्होंने पोक्सो, बलात्कार, महिला अत्याचार एवं एससी/एसटी से संबंधित प्रकरणों का दो माह के भीतर प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए।लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण, चालान एवं एफ.आर. समय पर न्यायालय में प्रस्तुत करने, सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा एक्ट एवं राजपासा के अंतर्गत कार्यवाही करने, और वांछित व उद्घोषित अपराधियों पर कठोर कार्रवाई करने हेतु भी निर्देश जारी किए गए।चोरी और नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश के लिए रात्रि गश्त बढ़ाने, भू-माफिया, शराब माफिया व मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ सख्त कार्यवाही, जप्तशुदा वाहनों के निस्तारण, सड़क दुर्घटनाओं में कमी के प्रयास, और सम्पत्ति संबंधी अपराधों में बरामदगी प्रतिशत बढ़ाने जैसे मुद्दों पर भी गंभीर चर्चा हुई।साइबर अपराधों को लेकर आमजन को जागरूक करने, सम्मनों/वारंटों की समय पर तामील, आसूचना तंत्र को मजबूत बनाने और पुलिस कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने पर भी विशेष बल दिया गया।अंत में, बिश्नोई ने पुलिस अधिकारियों को आमजन से मधुर व्यवहार रखने, नियमित जनसुनवाई करने और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



## राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक- विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली।बिल्लूराम सैनी) मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के तहत विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई।इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी से महासिंह चौधरी, राजेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र चौधरी, अरुण कुमार सैनी, रमेश चंद रावत, दाताराम सैनी और राजवीर यादव उपस्थित रहे। वहीं, इंडियन नेशनल कांग्रेस से प्रकाश चंद सैनी,सतीश निमोरिया, विकास सिंह शेखावत, राजेन्द्र प्रसाद और भीम सिंह गुर्जर ने भाग लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह से जांचना है। इस प्रक्रिया में सभी पात्र मतदाताओं के नामों को सूची में शामिल किया जाएगा और अपात्र नामों को हटाया जाएगा, ताकि मतदाता सूची सटीक, पारदर्शी और विश्वसनीय बनी रहे।उन्होंने यह भी बताया कि यह सूची बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के पास हार्ड कॉपी में उपलब्ध रहेगी, साथ ही सीईओ (मुख्य निर्वाचन अधिकारी) और डीईओ (जिला निर्वाचन अधिकारी) की वेबसाइट पर ऑनलाइन भी देखी जा सकेगी।घर-घर गणना और आवश्यक दस्तावेजपुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत, बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं की पहचान के रूप में एक एक साल सरल गणना प्रपत्र भरवाया जाएगा और आवश्यक दस्तावेज प्राप्त किए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि गणना प्रपत्र में निर्वाचक का नाम, मतदाता पहचान पत्र संख्या, मतदाता का पुराना फोटो, पता, भाग संख्या और विधानसभा क्षेत्र का नाम पहले से ही मुद्रित होगा।मतदाता को गणना प्रपत्र में केवल अपना नाम, वर्तमान रंगीन फोटो, जन्म तारीख, मोबाइल नंबर, आधार संख्या (जो वैकल्पिक है), पिता का नाम, माता का नाम, पत्नी/पति का नाम और यदि इनके मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध हों, तो उनकी प्रविष्टियां ही करनी होंगी।निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों पर चर्चा उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अतिरिक्त कलक्टर) ओमप्रकाश सहारण ने विस्तार से निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के बारे में जानकारी दी।



## डिप्टी सीएम डॉ. बैरवा ने मेधावी छात्रा अंतिमा को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने सांगानेर के गोविन्दपुरा की शिक्षा सागर कॉलोनी स्थित एसएस पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल की मेधावी छात्रा अंतिमा शर्मा को एक विशेष समारोह में सम्मानित किया। इस दौरान शाला के निदेशक डॉ. ओपी टांक, प्रबंध निदेशक एडवोकेट घनश्याम टेलर, प्रिंसिपल शिवपाल प्रजापत सहित छात्रा के अभिभावक भी उपस्थित रहे। बता दें कि दसवीं कक्षा की छात्रा अंतिमा शर्मा ने 97त्न अंक प्राप्त कर सभी को गौरवांवित किया है। डिप्टी सीएम बैरवा ने छात्रा के अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह आदि प्रदान कर सम्मानित किया। विद्यालय परिवार, शिक्षकों व अभिभावकों ने इस उपलब्धि पर गर्व महसूस करते हुए छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवपाल प्रजापत ने कहा कि यह सम्मान न केवल छात्रा के लिए, बल्कि पूरे विद्यालय के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने आशा जताई कि अन्य विद्यार्थी भी इससे प्रेरणा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।



## वृक्षारोपण महाअभियान हरियालो राजस्थान- पुलिस अधिकारियों ने लगाए 1301 पौधे

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली। बिल्लूराम सैनी)।** राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे वृक्षारोपण महाअभियान हरियालो राजस्थान के तहत एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत, मंगलवार को कोटपूतली के ग्राम मोहनपुरा-जोधपुरा स्थित पुलिस की 18 बीघा जमीन पर एक विशाल पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) देवेंद्र कुमार बिश्नोई के नेतृत्व में जिले के पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न किस्म के 1301 पौधे लगाए।एसपी बिश्नोई ने बताया कि जिला पुलिस ने कुल 10 हजार पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा है। इसी कड़ी में जिले के समस्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी), पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) और थानाधिकारियों को अपने-अपने कार्यालयों व थानों में इस महाअभियान के तहत पेड़ लगाने के निर्देश दिए गए हैं।इस अवसर पर एएसपी कोटपूतली वैभव शर्मा, एएसपी नीमराणा शालिनी राज, डीएसपी कोटपूतली राजेंद्र कुमार बुरड़क, डीएसपी विराटनगर शिप्रा राजावत, डीएसपी बहरोड़ कृतिका यादव, डीएसपी नीमराणा सचिन शर्मा सहित जिले के समस्त थानाधिकारी, अपराध सहायक, पुलिस गार्ड और दानदाता दादूपंथी रूड़ीकाला मंदिर के महंत प्रहलाद दास आदि उपस्थित रहे।



# बीएलओ के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का प्रशिक्षण आयोजित

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली।बिल्लूराम सैनी)मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र के बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) के प्रशिक्षण का दूसरा दिन लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय, कोटपूतली में आयोजित हुआ। इस दौरान उप-जिला निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश सहारण ने निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए।सहारण ने उपस्थित बीएलओ को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की बारीकियां बताते हुए कहा कि इस प्रक्रिया में घर-घर जाकर मतदाताओं की पहचान की जाती है। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया राजस्थान में 23 साल पहले 2002 में की गई थी। वर्तमान में बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र भरवाए जाने हैं और आवश्यक दस्तावेज प्राप्त किए जाने हैं। इस गणना प्रपत्र में मतदाताओं की जानकारी पहले से भरी होगी, जिसमें उन्हें अपनी वर्तमान रंगीन फोटो, जन्म तिथि, मोबाइल नंबर, आधार संख्या सहित अन्य प्रविष्टियां करनी होंगी।उप-जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि राजस्थान में लगभग 53 प्रतिशत मतदाता ऐसे मिलेंगे जिनका नाम मतदाता सूची में होगा और उनसे किसी भी प्रकार का कोई



दस्तावेज नहीं लिया जाना है, केवल गणना प्रपत्र भरवाना है। अन्य मतदाताओं से एक या दो दस्तावेज (एक स्वयं का और दूसरा उनके माता-पिता का) लिए जाएंगे, और केवल 3 प्रतिशत मतदाता ऐसे होंगे जिनसे तीन दस्तावेज प्राप्त करने होंगे। उन्होंने बीएलओ को आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की परेशानी या जानकारी के लिए वे डीएलएमटी (जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर) और एलएमटी (स्थानीय मास्टर ट्रेनर) से संपर्क कर सकते हैं।इस अवसर पर डीएलएमटी राजेश कुमार यादव ने बीएलओ को सर्वे के दौरान किए जाने वाले कार्यों और बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) एवं स्वयंसेवकों से संपर्क कर गणना प्रपत्र संकलन के बारे में जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर रामबीर यादव ने बताया कि मतदाता से गणना प्रपत्र कैसे भरवाया जाना है और फॉर्म नंबर 6, 7 एवं 8 किस तरह से ईआरओ (निर्वाचकरजिस्ट्रीकरण अधिकारी) द्वारा स्वीकार/अस्वीकार किए जाएंगे।प्रशिक्षण के दौरान 50 बूथ स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सत्यवीर सिंह यादव (मास्टर ट्रेनर), अतुल कुमार आर्य, रामावतार नागर, विजय सिंह, मुकेश मीणा, पप्पू यादव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# दो दिन की यात्रा में ही मोदी ने तमिलनाडु की राजनीति के सारे पत्ते फेंट दिये

प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा का सबसे बड़ा आकर्षण था उनका गंगईकोंडा चोलापुरम मंदिर में जाना। यह मंदिर चोल वंश की गौरवगाथा का प्रतीक है और यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है। मोदी ने पारंपरिक तमिल परिधान वेष्टी और अंगवस्त्रम पहनकर मंदिर में पूजा-अर्चना की।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल की दो दिवसीय तमिलनाडु यात्रा ने न केवल भाजपा कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया है, बल्कि अन्नाद्रमुक कार्यकर्ताओं के लिए भी यह एक बड़ा उत्साहवर्धन साबित हुई। आगामी 2026 तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले इस यात्रा को भाजपा-एआईएडीएमके गठबंधन को मजबूत करने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।

हम आपको बता दें कि मोदी ने हवाई अड्डे पर अन्नाद्रमुक प्रमुख ई.के. पलानीस्वामी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं जैसे के.पी. मुनुसामी, एस.पी. वेलुमणि और थालावई सुंदरम से मुलाकात की। यह मुलाकात इस बात का संकेत मानी जा रही है कि भाजपा, एआईएडीएमके को गठबंधन में अहमियत दे रही है। प्रधानमंत्री ने ओ. पन्नीरसेल्वम ( से दूरी बनाकर यह संदेश भी दिया कि गठबंधन में वही पार्टियां रहेंगी जिन पर भाजपा को भरोसा है। भाजपा नेताओं के अनुसार, इस यात्रा ने जमीनी स्तर पर विश्वास और सामंजस्य बढ़ाया है, जिससे एआईएडीएमके कार्यकर्ताओं के मन में पहले जो आशंका थी कि को भाजपा दबाव में रखती है, वह अब कम हो गई है। एआईएडीएमके कार्यकर्ताओं ने मोदी के त्रिची रोड शो में बड़ी संख्या में भाग लेकर गठबंधन के प्रति अपनी निष्ठा प्रदर्शित की। भाजपा नेताओं का कहना है कि वह भी आने वाले समय में इसका पूरा प्रत्युत्तर देंगे। हम आपको यह भी बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु यात्रा के दौरान भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई से भी मुलाकात की। यह मुलाकात कई स्तरों पर महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि पिछले कुछ महीनों से तमिलनाडु भाजपा में आंतरिक गुटबाजी और मतभेदों की खबरें लगातार सामने आती रही हैं। अन्नामलाई के साथ प्रधानमंत्री की सार्वजनिक नजदीकी ने उनके विरोधी खेमों को संकेत दिया है कि केंद्रीय नेतृत्व को उन पर पूरा भरोसा है। साथ ही मोदी ने अपनी यात्रा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री और एनडीए नेता OPS से कोई मुलाकात नहीं की। यह संकेत स्पष्ट है कि भाजपा और एआईएडीएमके गठबंधन में OPS की भूमिका कम होती जा रही है। एआईएडीएमके ने पहले ही OPS को पार्टी से बाहर कर दिया है और भाजपा भी यह संदेश दे रही है कि वह EPS (ई.के. पलानीस्वामी) के नेतृत्व को ही गठबंधन का प्रमुख चेहरा मानती है। माना जा रहा है कि OPS जल्द ही खुद एनडीए छोड़ देंगे।

इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा का सबसे बड़ा आकर्षण था उनका गंगईकोंडा चोलापुरम मंदिर में जाना। यह मंदिर चोल वंश की गौरवगाथा का प्रतीक है और यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है। मोदी ने पारंपरिक तमिल परिधान वेष्टी और अंगवस्त्रम पहनकर मंदिर में पूजा-अर्चना की और आदि तिरुवातिरै उत्सव में भाग लिया। यह यात्रा राजेंद्र चोल प्रथम की जयंती के अवसर पर हुई, जिन्हें दक्षिण-पूर्व एशिया तक साम्राज्य का विस्तार करने वाले महान शासकों में गिना जाता है।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 30 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1619 अमेरिका में पहली प्रतिनिधि सभा, वर्जीनिया के बर्गेस के हाऊस में पहली बार बुलाई गई।
- 1656 राजा चार्ल्स एक्स गुस्ताव द्वारा नेतृत्व में, स्वीडन और ब्रैंडेनबर्ग की सेनाओं ने वारसा के पास पोलिश-लिथुआनियाई राष्ट्रमंडल की सेनाओं को हराया।
- 1676 वर्जीनिया के उपनिवेशवादी नथानिएल बेकन और उनकी सेना ने जारी किया, वर्जीनिया की जनता की घोषणा, गवर्नर विलियम बर्कले के शासन के खिलाफ एक विद्रोह को उकसाया।
- 1733 पहला अमेरिकी लॉज बोस्टन के फ़ॉरिमेसिस की सोसाइटी में बनाया गया।
- 1756 बर्तोलोमेओ रास्ट्रेलि नव निर्मित कैथरीन पैलेस को महारानी एलिज़ाबेथ और उसके दरबारियों को प्रस्तुत किया गया।
- 1811 मिगुएल हिडाल्गो वाई कोस्टिला, जो मैक्सिकन वारोफ इंडिपेंडेंस के शुरुआती नेता थे, को स्पेनिश अधिकारियों ने मार डाला था।
- 1824 जीयोचिनो रॉसीनी थिएटर इटालियन, पेरिस के नए प्रबंधक बने।
- 1825 माल्दन द्वीप की खोज हुई।
- 1836 अमेरिका के हवाई में अंग्रेजी भाषा का पहला अखबार प्रकाशित हुआ।
- 1864 क्रेटर की लड़ाई- जनरल बर्न्सइड्स पीटर्सबर्ग के हमले में विफल रहे।
- 1865 क्रिसेंट सिटी, कैलिफ़ोर्निया, अमेरिका के तट से दूर, स्टीमरशिप जोनाथन, जो 1996 तक पुनः प्राप्त नहीं किए जा सकने वाले सोने के सिक्कों की एक बड़ी खेप को ले जाता, एक अज्ञात चट्टान से टकराकर डूब गया, जिससे 225 लोगों की मौत हो गई।
- 1877 पीलेन की घेराबंदी में दूसरी लड़ाई शुरू हुई।
- 1909 राइट बंधुओं ने सेना के लिए पहला विमान बनाया।
- 1912 जापान के सम्राट मीजी की मृत्यु हो गई और उनका उत्तराधिकारी उनके पुत्र योशीहिटो ने लिया, जिसे अब सम्राट तैशो के नाम से जाना जाता है।
- 1914 ऑस्ट्रिया की आर्टिलरीर बेलग्रेड शहर सर्बिया की राजधानी बना।
- 1916 जर्मन एजेंटों ने एक बड़े विस्फोट का कारण बना जब उन्होंने मैटरियल को प्रथम विश्व युद्ध के मित्र राष्ट्रों द्वारा इस्तेमाल होने से रोकने के लिए अजमेरिकन गोला-बारूद की आपूर्ति में तोड़फोड़ की।
- 1930 एनबीसी रेडियो पर देथ वैली डेज का पहला प्रसारण हुआ।
- 1930 उरुग्वे ने अर्जेंटीना को 4-2 से हराकर मोंटेवीडियो में अपने घरेलू दर्शकों एस्तादियो सेंटेनारियो के सामने पहला फुटबॉल विश्व कप जीता।
- 1932 अमेरिका के लास एंजिल्स में दसवें आधुनिक ओलंपिक खेल की शुरुआत हुई।
- 1938 पहला बच्चों का कॉमिक द बीनो ब्रिटेन में प्रकाशित हुआ।
- 1942 जर्मन की सेना ने बेलारूस के मिंस्क में 25000 यहूदियों की हत्या की।
- 1961 43 वीं पीजीए चैम्पियनशिप पूरी हो गई है। जेरी बार्बर ने ओलंपिया फील्ड्स द्ध्रुमें 277 की शूटिंग की। यह उनके द्वारा की गई एक शानदार उपलब्धि थी।

विशेष आलेख

# खेल एक, मापदंड दो — क्रिकेट ही अपवाद क्यों?

**भारत-पाकिस्तान के मुकाबले क्रिकेट की दुनिया का ताज हैं। 2023 के विश्व कप में इन दोनों टीमों के बीच हुए मैच को 1 अरब से ज्यादा लोगों ने देखा, जिसने क्रिकेट की वैश्विक अपील को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। भारत का इन मुकाबलों से हटना न केवल करोड़ों प्रशंसकों के जज्बात को ठेस पहुँचाता है, बल्कि उस मंच को भी कमजोर करता है, जहाँ भारत अपनी खेल निपुणता, मानसिक दृढ़ता और कूटनीतिक चातुर्य का परचम लहरा सकता है। जब भारत एशिया कप जैसे टूर्नामेंटों में पाकिस्तान से नहीं भिड़ता, तो यह अनजाने में पाकिस्तान को वैश्विक मंच पर अपनी छवि चमकाने और भारत को कटघरे में खड़ा करने का मौका देता है।**



आर.के.जैन

क्रिकेट उपमहाद्वीप में महज एक खेल नहीं, बल्कि एक ज्वलंत युद्ध है—जो दिलों में आग लगाता है, सीमाओं को लांघता है और हर भारतीय के सीने में गर्व की लहर दौड़ाता है। जब भारत और पाकिस्तान के बीच मैदान पर टक्कर होती है, तो हर गेंद एक कहानी रचती है, हर रन एक सपना बुनता है, और हर जीत राष्ट्र के साहस को विश्व पटल पर उकेरती है। यह 22 खिलाड़ियों का संघर्ष नहीं, बल्कि दो देशों की आत्मा, जुनून और अटल संकल्प का संगम है। लेकिन जब भारत इस ऐतिहासिक रणभूमि से पीछे हटता है, तो यह सिर्फ क्रिकेट का नुकसान नहीं, बल्कि उस चिंगारी का बुझना है, जो भारत की अजेयता को विश्व मंच पर और चमकाने का दम रखती है। मैदान छोड़ना यानी बिना लड़े हार मानना—यह भारत की शान के खिलाफ है।

भारत सरकार का आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ रुख और राष्ट्रीय सम्मान की रक्षा हर भारतीय के दिल में गर्व जगाती है। मगर सवाल यह उठता है—जब भारत ओलिंपिक, एशियाई खेलों और सैफ खेलों में पाकिस्तान से भिड़ सकता है, तो क्रिकेट जैसे वैश्विक मंच पर तटस्थ स्थानों पर होने वाले टूर्नामेंटों से परहेज क्यों? यह परहेज क्या भारत की उस शक्ति को कमजोर नहीं करता, जो हर चुनौती को अवसर में बदलने का माद्दा रखती है? क्रिकेट का मैदान वह रणक्षेत्र है, जहाँ खिलाड़ी सिपाहियों की तरह देश का परचम लहराते हैं। जैसे सैनिक सीमा पर दुश्मन का सामना करते हैं, वैसे ही खिलाड़ियों को मैदान पर उतरकर भारत की अजेयता का सबूत देना चाहिए।

भारत-पाकिस्तान के मुकाबले क्रिकेट की दुनिया का ताज हैं। 2023 के विश्व कप में इन दोनों टीमों के बीच हुए मैच को 1 अरब से ज्यादा लोगों ने देखा, जिसने क्रिकेट की वैश्विक अपील को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। भारत का इन मुकाबलों से हटना न केवल करोड़ों प्रशंसकों के जज्बात को ठेस पहुँचाता है, बल्कि उस मंच को भी कमजोर करता है, जहाँ भारत अपनी खेल निपुणता, मानसिक दृढ़ता और कूटनीतिक चातुर्य का परचम लहरा सकता है। जब भारत एशिया कप जैसे टूर्नामेंटों में पाकिस्तान से नहीं भिड़ता, तो यह अनजाने में पाकिस्तान को वैश्विक मंच पर अपनी छवि चमकाने और भारत को कटघरे में खड़ा करने का मौका देता है। यह वॉकओवर देना उसी तरह है, जैसे युद्ध में बिना लड़े मैदान छोड़ देना—यह भारत के गौरव के खिलाफ है।

इतिहास साक्षी है कि भारत ने क्रिकेट के रणक्षेत्र में पाकिस्तान को बार-बार धूल चटाई है। 1992 से 2023 तक विश्व कप में सात शानदार जीतें और 2022 के टी20 विश्व कप में विराट कोहली की ऐतिहासिक पारी ने साबित किया कि भारत न केवल खेलता है, बल्कि जीतता भी है। तटस्थ स्थान पर खेलना भारत के लिए एक सुनहरा अवसर है, यह दिखाने का कि हम हर मोर्चे पर, चाहे वह सीमा हो या स्टेडियम, अजेय हैं। क्रिकेट का मैदान सिर्फ खेल का अखाड़ा नहीं, बल्कि एक कूटनीतिक हथियार है। जब भारत मैदान पर पाकिस्तान को हराता है, तो यह स्कोरबोर्ड की जीत नहीं, बल्कि एक वैश्विक संदेश है—भारत न डरता है, न झुकता है।

पाकिस्तान बार-बार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत के खिलाफ झूठी कहानियाँ गढ़ता है। वह खुद को खेल भावना का झंडाबरदार बताने की कोशिश करता है, जबकि उसकी नीतियाँ क्षेत्रीय शांति के लिए खतरा बनी हुई हैं। भारत का मैदान से हटना उसे यह मौका देता है कि वह भारत को कमजोर दिखाए और अपनी छवि चमकाए। लेकिन भारत सरकार की दूरदर्शिता और मजबूत रणनीति ने हमेशा ऐसी साजिशों को नाकाम किया है। अब समय है कि हम क्रिकेट के मैदान पर भी यही जवाब दें—खेलें, जीतें और दुनिया को दिखाएँ कि भारत हर चुनौती को स्वीकार करने में सक्षम है।

भारत क्रिकेट के वैश्विक राजस्व का 38प्रतिशत हिस्सा उत्पन्न करता है (2023 के आँकड़ों के अनुसार), और उसकी आवाज एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) में गूंजती है। ऐसे में, टूर्नामेंटों से हटना भारत की इस प्रभावशाली भूमिका को कमजोर करता है। भारत सरकार ने खेल को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ी—2023 के क्रिकेट विश्व कप की शानदार मेजबानी हो या 2036 ओलिंपिक की तैयारियाँ, भारत ने साबित किया है कि वह खेल के क्षेत्र में भी महाशक्ति है। तटस्थ स्थान पर पाकिस्तान के खिलाफ क्रिकेट खेलना भारत के लिए एक अवसर है—यह दिखाने का कि हम अपने सिद्धांतों से समझौता किए बिना हर चुनौती का सामना कर सकते हैं।

पाकिस्तान के खिलाफ क्रिकेट मैच सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि एक रणनीतिक मास्टरस्ट्रोक है। यह दर्शाता है कि भारत न केवल सीमाओं पर, बल्कि हर मंच पर—चाहे वह खेल हो, कूटनीति हो या वैश्विक मंच—पाकिस्तान को करारा जवाब देना जानता है। यह युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत और विश्व पटल पर भारत की अजेय शक्ति का प्रतीक होगा। भारत सरकार की दृढ़ नीतियों और सशक्त नेतृत्व ने हमें यह अटूट विश्वास दिलाया है कि हम हर क्षेत्र में विजय हासिल कर सकते हैं। क्रिकेट का मैदान भी इसकी जीवंत मिसाल बनेगा।

यह महज एक क्रिकेट मैच नहीं, बल्कि भारत का शक्तिशाली उद्घोष होगा—हम हर चुनौती को अवसर में बदलने का हुनर जानते हैं। भारत सरकार की दूरदर्शिता और अटल संकल्प ने हमें वह ताकत दी है, जिससे हम न केवल अपनी सीमाओं पर, बल्कि विश्व के हर मंच पर अपनी धमक कायम करते हैं। मैदान पर उतरें, पाकिस्तान को परास्त करें और दुनिया को दिखाएँ कि भारत की जीत स्कोरबोर्ड तक सीमित नहीं, बल्कि हर भारतीय के दिल में गूंजने वाली अमर गाथा है।

# कई बार वैज्ञानिक, डॉक्टर, विद्यार्थी पढ़ते हुए गुनगुनाते हैं इस से एकाग्रता और रचनात्मकता का विकास होता है



आर.के.जैन

**जब हमारा तन किसी ध्वनि को मन से गुनगुनाता है तो तन-मन का कंपन एक तालमेल में आ जाता है और उनका संघर्ष खत्म हो जाता है। इस संघर्ष के खत्म होने से ऊर्जा का ह्रास होने से बच जाता है। मन को शांति का अहसास होता है। गुनगुनाना हमारे मस्तिष्क की वेगस तंत्रिका को उत्तेजित करता है, जो पैरासिम्पेथेटिक सिस्टम से जुड़ी हुई होती है। इससे तनाव कम होता है और मानसिक स्पष्टता बढ़ जाती है। इससे सेरोटोनिन और डोपामाइन जैसे लाभकारी न्यूरो हार्मोंस का रिसाव बढ़ता है। ये दोनों ही हॉर्मोन खुशी उत्पन्न करने वाले माने जाते हैं। इनकी उत्पत्ति से व्यक्ति को खुशी एवं सुख का अनुभव होता है। गुनगुनाना संगीत का ही एक भाग है। भारतीय संगीत और इसके रागों में रोगों को दूर करने की अद्भुत शक्ति होती है।**


क्या आपने काम करते समय कोई गीत या ध्वनि गुनगुनाई है। अवश्य गुनगुनाई होगी। आपको यह पता होना चाहिए कि गुनगुनाना मात्र छोटी-सी बात नहीं है, अपितु इस गुनगुनाहट में बहुत सारे जीवन के सकारात्मक सार छिपे हुए हैं। यह गुनगुनाहट 'आंतरिक ध्वनि चिकित्सा' है जो व्यक्ति के जीवन के टूटे-फूटे तारों की मरम्मत करती है और उनके अंदर एक नई ऊर्जा एवं ध्वनि का संचार करती है। नादब्रह्म, ध्यान में गुंजार ऊर्जा का असीम स्रोत है। इस संदर्भ में ओशो कहते हैं कि, 'हां, यह ऊर्जा का एक बड़ा स्रोत है। हम अपने जीवन के स्रोतों को नहीं जानते और यह नहीं जानते कि उन स्रोतों से कैसे जुड़ें?' शोध बताते हैं कि 'भंवरे की तरह गुनगुनाना यानी कि हमिंग करने से न केवल तनाव कम होता है, अपितु इससे मूड भी सकारात्मक होता है। शरीर के अंदर से विषैले तत्व बाहर निकलते हैं और पेट संबंधी समस्याएं भी दूर होती हैं। स्वीडिश वैज्ञानिकों ने भी अपने एक शोध में यह पाया कि 'गुनगुनाने से मस्तिष्क में ऑक्सीजन की मात्रा में सुधार होता है।'

जब हमारा तन किसी ध्वनि को मन से गुनगुनाता है तो तन-मन का कंपन एक तालमेल में आ जाता है और उनका संघर्ष खत्म हो जाता है। इस संघर्ष के खत्म होने से ऊर्जा का ह्रास होने से बच जाता है। मन को शांति का अहसास होता है। गुनगुनाना हमारे मस्तिष्क की वेगस तंत्रिका को उत्तेजित करता है, जो पैरासिम्पेथेटिक सिस्टम से जुड़ी हुई होती है। इससे तनाव कम होता है और मानसिक स्पष्टता बढ़ जाती है। इससे सेरोटोनिन और डोपामाइन जैसे लाभकारी न्यूरो हार्मोंस का रिसाव बढ़ता है। ये दोनों ही हॉर्मोन खुशी उत्पन्न करने वाले माने जाते हैं। इनकी उत्पत्ति से व्यक्ति को खुशी एवं सुख का अनुभव होता है। गुनगुनाना संगीत का ही एक भाग है। भारतीय संगीत और इसके रागों में रोगों को दूर करने की अद्भुत शक्ति होती है।

प्राचीन काल में राजा-महाराजा जब युद्ध से लौट कर आते थे तो वे तन-मन से शिथिल और क्लान्त रहते थे। ऐसे में वे संगीतकारों को राजदरबार में बुलाकर उनसे राग सुना करते थे। कई बार तो वे गायक के साथ-साथ गुनगुनाते भी थे। इस गुनगुनाहट से उनकी थकान, चिंता सब गायब हो जाती थी तो और वे फिर से तरोताजा हो जाते थे। अपने अंदर ऊर्जा एवं स्फूर्ति का संचार कर वे राजकाज संभालते थे और गुनगुनाते हुए प्रजा के दुख दूर करते थे। अकबर के दरबार के नवरत्नों में से एक तानसेन को संगीत में उच्च कोटि की सिद्धि प्राप्त थी। यह भी किंवदंती सुनने को मिलती है कि जब वे राग दीपक गाते थे तो उसकी गर्मी से दीपक स्वयं जल उठते थे। इसी तरह मेघ मल्हार गाने से झमाझम बारिश होने लगती थी। इससे ही यह स्पष्ट हो जाता है कि संगीत और गुनगुनाहट में असीम शक्ति है। इस शक्ति से मनुष्य तो क्या पृथ्वी और प्रकृति तक झूमने लगते हैं।

मनोचिकित्सक मानते हैं कि रागों में व्यक्ति के तन-मन के रोगों को दूर की जादुई शक्ति छिपी है। संगीत और गुनगुनाहट को चिकित्सा प्रणाली में शामिल कर रोगियों को ठीक किया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि तोड़ी, भूपाली, अहीर भैरव राग सर्दी-जुकाम, सिरदर्द और उच्च रक्तचाप से राहत देते हैं।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



जे.आर.डी.टाटा

पेरिस में 29 जुलाई 1904 के जेआरडी टाटा का जन्म हुआ था। इनका बचपन अधिकतर फ्रांस में बीता। वहीं जेआरडी टाटा ने अपनी शिक्षा लंदन, फ्रांस, जापान और भारत से प्राप्त की। इनके पिता का नाम रतनजी दादाभाई टाटा और मां का नाम सुजैन ब्रिएरे था।
आज ही के दिन यानी की 29 जुलाई को जहांगीर रतनजी दादाभाई टाटा का जन्म हुआ था। वह व्यवसायी रतनजी दादाभाई टाटा और उनकी फ्रांसीसी पत्नी सुजैन ब्रिएरे की दूसरी संतान थे। भारतीय उद्योग ही नहीं बल्कि आधुनिक भारतीय इतिहास में भी जेआरडी टाटा एक सम्मानीय नाम हैं। वह टाटा समूह के लंबे समय तक चेयरमैन रहे और अपने अथक प्रयासों से समूह को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का काम किया। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर जेआरडी टाटा के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

जन्म और परिवार

पेरिस में 29 जुलाई 1904 के जेआरडी टाटा का जन्म हुआ था। इनका बचपन अधिकतर फ्रांस में बीता। वहीं जेआरडी टाटा ने अपनी शिक्षा लंदन, फ्रांस, जापान और भारत से प्राप्त की। इनके पिता का नाम रतनजी दादाभाई टाटा और मां का नाम सुजैन ब्रिएरे था।

प्राप्त किया पहला पायलट लाइसेंस

बता दें कि 10 फरवरी 1929 को जेआरडी टाटा ने भारत में जारी पहला पायलट लाइसेंस प्राप्त किया। फिर उनको भारत में नागरिक उड्डयन के पिता के रुप में जाना जाने लगा। वह टाटा एयरलाइंस के संस्थापक थे, जिसको बाद में एयर इंडिया के नाम से जाना गया। जेआरडी टाटा ने साल 1932 में एयर इंडिया की स्थापान की और इसका नाम टाटा एयरलाइंस पर रखा गया।

खुद भी उड़ाते रहे विमान

साल 1930 में आगा खान प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जेआरडी ने भारत से इंग्लैंड तक अकेले सफर किया था। इसके साथ ही जेआरडी टाटा ने कराची से बंबई की उड़ान भरी थी। फिर 78 साल की उम्र में उन्होंने अपने एकल उद्घाटन उड़ान को इसलिए दोहराया, ताकि युवा पीढ़ी में साहस की भावना आ सके।

टाटा समूह की तरक्की

अपने परिवार का व्यवसाय संभालने के लिए जेआरडी टाटा को साल 1924 में मुंबई बुलाया गया था। जहां पर उन्होंने बाम्बे हाउस में टाटा स्टील के प्रभावरी निदेशक जॉन पीटरसन अधीन काम किया।

## संस्मरण

# पश्चिमी कला के इतिहास में सबसे महान चित्रकार थे विंसेंट वैन गाग

नीदरलैंड में 30 मार्च 1853 को एक उच्च-मध्यमवर्गीय परिवार में विंसेंट वैन गाग का जन्म हुआ था। उनको बचपन से ही चित्रकारी का शौक था। लेकिन उनमें मानसिक अस्थिरता के लक्षण भी दिखते थे। युवावस्था में उन्होंने एक कला डीलर के तौर पर काम करना शुरू किया।विंसेंट वैन गाग एक डच पोस्ट-इंप्रेशनिस्ट चित्रकार थे। जिनको सबसे महान कलाकारों में माना जाता है। हालांकि उनको अपने जीवनकाल में बहुत कम मान्यता मिली थी। बता दें कि 29 जुलाई 1890 को वैन गाग ने अपने सीने में खुद को गोली मार ली थी। वहीं दो दिन बाद 37 साल की उम्र में उनकी मृत्यु हो गई थी। वैन गाग के कार्यों ने उनकी मृत्यु के बाद पहचान हासिल की थी। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर विंसेंट वैन गाग के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

जन्म और परिवार

नीदरलैंड में 30 मार्च 1853 को एक उच्च-मध्यमवर्गीय परिवार में विंसेंट वैन गाग का जन्म हुआ था। उनको बचपन से ही चित्रकारी का शौक था। लेकिन उनमें मानसिक अस्थिरता के लक्षण भी दिखते थे। युवावस्था में उन्होंने एक कला डीलर के तौर पर काम करना शुरू किया। वह अक्सर यात्रा करते रहते थे। वान गॉग कला में आधुनिकतावादी रुझानों से अच्छी तरह वाकिफ थे। 1881 में उन्होंने चित्रकला शुरू की, इसमें उनके छोटे भाई थियो ने आर्थिक सहायता प्रदान की।

वान गाग की कृतियां

उनकी शुरुआती कृतियों में ज्यादातर स्थिर जीवन चित्र और किसान मजदूरों के चित्रण शामिल हैं। साल 1888 में वह पेरिस चले गए, जहां पर उनकी मुलाकात कला जगत के अवांट-गार्डे के सदस्यों से हुई। फिर वह कलात्मक आश्रय और कम्यून स्थापित करने के लिए दक्षिणी फ्रांस के आर्ल्स चले गए। जहां पर उनके चित्र अधिक निखरते चले गए और उन्होंने अपना ध्यान प्राकृतिक दुनिया की तरफ लगाया। वान गॉग ने अपनी पहली बड़ी कृति %द पोटैटो ईटर्स% और %किसान चरित्र अध्ययनों की एक श्रृंखला थी। उन्होंने सिर्फ एक दशक में करीब 2,100 कलाकृतियां बनाई थीं।

मानसिक विकारों से पीड़ित थे वान गाग

वह मानसिक विकारों और भ्रमों से ग्रस्त थे। वान गाग अक्सर अपने शारीरिक स्वास्थ्य की उपेक्षा करते थे। वह खाना कम खाते थे और खराब का सेवन अधिक करते थे। वान गाग ने मनोरोग अस्पतालों में भी समय बिताया। हालांकि हॉस्पिटल से छुट्टी मिलने के बाद वह होम्योपैथिक चिकित्सक पॉल गैशेट की देखभाल में आ गए, लेकिन उनका अवसाद बना रहा।

मृत्यु

अपने जीवन के अंतिम वर्षों में वान गाग ने आलोचनात्मक कलात्मक ध्यान करना शुरू किया। वान गाग के काम को अगले दशकों में व्यापक आलोचनात्मक और व्यावसायिक सफलता मिली। वहीं 29 जुलाई 1890 को वान गाग ने रिवॉल्वर से खुद को सीने में गोली मार ली, जिससे उनकी मृत्यु हो गई।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
मेष राशि वालों का दिन मेहनत और लगन से काम करने का है। आपके पास साहस की कमी नहीं है, पर अकारण व्यवधान लाभ के रास्ते में रुकावट बन सकते हैं। यदि आप किसी नई योजना की शुरुआत करना चाहते हैं तो थोड़ा समय लें ।

### वृष
वृषभ राशि के लोगों के लिए दिन सावधानी से काम करने का है। किसी कार्य में अत्यधिक जल्दबाजी आपकी मेहनत पर पानी फेर सकती है। संयम बनाए रखें और खासतौर पर आर्थिक निर्णय सोच-समझकर लें।

### मिथुन
मिथुन राशि के लोगों के लिए दिन चुनौतियों से भरा रह सकता है। कार्यक्षेत्र में कोई नया टार्गेट या क्लाइंट मिलने की संभावना है, लेकिन यह आपके धैर्य की परीक्षा लेगा। पैसों के लेन-देन में लापरवाही भारी पड़ सकती है।

### कर्क
कर्क राशि के लोगों को सलाह है कि भाग्य के भरोसे न बैठें, आपको अपनी मेहनत के बल पर ही सफलता मिलेगी। कोई लंबी यात्रा की योजना बन सकती है जो थकान भरी होगी, पर उससे जुड़े लाभ भी होंगे। कार्यक्षेत्र में कोई अधूरा कार्य पूरा करने का दबाव रहेगा

### सिंह
सिंह राशि के लोगों के लिए समय अनुकूल है। आपके अधूरे काम सहजता से पूरे होंगे और मन में आत्मविश्वास बना रहेगा। कोई नया व्यवसायिक अवसर मिल सकता है, जिससे आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

### कन्या
कन्या राशि के लोगों का दिन शुभ रहेगा। सामाजिक समारोह में भाग लेने का मौका मिल सकता है। घर में किसी धार्मिक कार्य की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र में योजनाएं फलीभूत होंगी, विशेषतः शिक्षा और लेखन क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल है।

### तुला
तुला राशि वालों के लिए कार्यक्षेत्र में आपकी साख बढ़ेगी और प्रभाव भी मजबूत होगा। एक के बाद एक समस्याएं सुलझेंगी जिससे आत्मबल में वृद्धि होगी। पेट और आंखों की समस्या से सतर्क रहें।

### वृश्चिक
वृश्चिक राशि के लोगों का दिन तरक?की से भरा होगा। जटिल कार्यों का समाधान मिलेगा और नए प्रॉजेक्ट की शुरुआत हो सकती है। व्यापार में साझेदारी लाभकारी साबित होगी। मानसिक तनाव और सिरदर्द हो सकता है।

### धनु
स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। व्यापार-धंधे के लिए प्रवास की संभावना है। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे।

### मकर
मकर राशि के लोगों को लाभ होगा और पुरुषार्थ व साहस के बल पर आप नई ऊंचाइयां छू सकते हैं। कार्यक्षेत्र में किसी पुराने मुद्दे का समाधान मिलेगा। किसी चल-अचल संपत्ति का विवाद हल हो सकता है।

### कुंभ
कुंभ राशि के लोगों को लाभ होगा और बेहतर होगा कि आप किसी रिश्ते या कार्य में अनावश्यक शक से बचें। यह समय और धन दोनों का नुकसान करवा सकता है। नियोजित योजनाएं सफल होंगी।

### मीन
आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आप कुछ नया सीखने की कोशिश में लगे रहेंगे। आप राजनीति में भी हाथ आजमाने की सोचेंगे। यदि आपका प्रॉपर्टी को लेकर कोई मामला अटका हुआ था, तो वह भी सुलझ सकता है।

# संवेदनशील क्षेत्रों पर सतर्क निगरानी व आमजन की जागरूकता से ही रूकेगी बच्चों की तस्करी : शेफाली जैन



## विश्व मानव तस्करी विरोधी दिवस पर हुआ जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** विश्व मानव तस्करी विरोधी दिवस को लेकर प्रशासन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला बाल संरक्षण इकाई, रेलवे सुरक्षा बल, सिकोईडिकोन व जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन एलायंस के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सिकोईडिकोन संस्था परियोजना समन्वयक देवेंद्र कुमार ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड तथा अन्य संवेदनशील स्थानों पर बाल तस्करी की रोकथाम, बचाव कार्य को प्रभावी बनाना तथा समुदाय सहित विभिन्न विभागों को जागरूक एवं संगठित करना है। कार्यशाला में सहायक निदेशक नवल खान, मानव तस्करी विरोधी यूनिट प्रभारी बृजमोहन देवराज, बाल कल्याण समिति की सदस्य शेफाली जैन, आरपीएफ के एएसआई घनश्याम, श्रम विभाग के धारा सिंह, चाइल्ड लाइन कोऑर्डिनेटर कमलेश सैनी एवं सिकोईडिकोन संस्था के परियोजना समन्वयक देवेंद्र कुमार सहित जिला प्रशासन, बाल संरक्षण इकाई, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा अन्य विभागों और संगठनों के प्रतिनिधियों ने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में बाल तस्करी की स्थिति, पहचान, कानूनी अधिकार, बचाव प्रक्रिया, पुनर्वास और समुदाय की भागीदारी सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में मौजूद वक्ताओं ने आह्वान करते हुए कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों पर सतर्क निगरानी, विभागीय समन्वय व आमजन की जागरूकता से ही बच्चों की तस्करी को रोका जा सकता है।

# ‘लेडी ऑफ द लेक्स’ रणथंभौर की रानी मछली (टी-16) को समर्पित स्मारक का वन मंत्री ने किया अनावरण

## विश्व बाघ दिवस पर भारत की सबसे प्रतिष्ठित बाघिन को आधिकारिक श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** विश्व बाघ दिवस के अवसर पर वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने मंगलवार को सवाईमाधोपुर के रणथम्भौर टाइगर रिजर्व की गौरवशाली और विश्वविख्यात बाघिन मछली (टी-16) को चिरस्थायी स्मृति देने हेतु जोगी महल गेट रणथम्भौर पर भव्य स्मारक का अनावरण किया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने सवाईमाधोपुर जिलेवासियों को विश्व टाइगर दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रणथम्भौर टाईगर रिजर्व सवाई माधोपुर की पहचान है तथा इसके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए राज्य सरकार संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि रणथम्भौर टाईगर रिजर्व क्षेत्र को आबाद करने में बाघिन मछली (टी-16) की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि देश में टाईगर का यह द्वितीय स्मारक है। वन विभाग की ओर से यह स्मारक बाघिन मछली (टी-16) को सच्ची श्रद्धांजलि है। शावको के साथ यह स्मारक, न केवल उसकी महान विरासत को जीवंत करता है, बल्कि रणथंभौर भ्रमण पर आने वाले पर्यटकों एवं त्रिनेत्र गणेश मंदिर के श्रद्धालुओं के लिए वन्यजीव संरक्षण की एक प्रेरणास्पद झलक भी प्रस्तुत करेगा। रणथम्भौर की सबसे प्रसिद्ध बाघिन मछली (टी-16) का जन्म, 1997 में हुआ। वह अपने चेहरे पर मछली जैसी आकृति के कारण यह नाम पाई और वर्षों तक पदम तालाब, राजबाग और मलिक तालाब जैसे झीलों वाले क्षेत्र पर नियंत्रण रखने के कारण लेडी ऑफ द लेक्स एवं एक विशाल मगरमच्छ को परास्त कर क्रोकोडाइल किलर भी कहलाई। मछली ने 5 बार शावकों को जन्म दिया और 2004-05 के शिकार संकट के समय रणथंभौर को पुनः आबाद किया। रणथंभौर की वर्तमान बाघ आबादी का एक बड़ा हिस्सा मछली के वंशजों से बना है, जिनमें सुंदरी (टी-17) और ऐरोहेड (टी-84) जैसे नाम शामिल हैं। मछली की ही संतान बाघिन एसटी-2 राजमाता ने अलवर के सरिस्का को आबाद किया। 2016 में लगभग 19 वर्षों की आयु में मछली का देहांत हुआ, जो किसी जंगली बाघिन के लिए अभूतपूर्व आयु मानी जाती है। बाघिन मछली के जीवन पर बनी डॉक्यूमेंट्री द वर्ल्ड मोस्ट फैम्स टाईगर को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी प्राप्त हुआ। वर्ष 2013 में भारत सरकार ने मछली पर स्मारक डाक टिकट जारी कर उसे राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत 107 नवचयनित वन्यजीव गाइड्स को प्रशिक्षण समापन प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए। वन्यजीव गाइड खुश बैरवा (विस्थापन श्रेणी) और उमेश सैनी (ईडीसी श्रेणी) को रणथंभौर संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया।इस अवसर पर राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने का संकल्प लेकर हरियाली को जन आंदोलन बना रही है। यह पहल भविष्य के हरित राजस्थान की नींव बनेगी। खण्डार विधायक जितेंद्र गोठवाल ने गणेश मेले से पूर्व किले परिसर में दीवार निर्माण एवं मरम्मत व परिक्रमा मार्ग की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर अधिकारियों से चर्चा कर व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने पर बल दिया। उन्होंने बाघ विस्थापन, स्थानीय वन विकास व संरक्षण योजनाओं पर भी सार्थक सुझाव दिए। कार्यक्रम से पूर्व आलनपुर में रणथंभौर टाइगर रिजर्व की नवीन नर्सरी का उद्घाटन कर वन मंत्री संजय शर्मा, विधायक जितेन्द्र गोठवाल, जिला कलक्टर कानाराम, पुलिस अधीक्षक अनिल बेनीवाल एवं अन्य अतिथियों द्वारा सिन्दूर, अशोक और कदम के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, पीसीसीएफ शिखा मेहरा, एपीसीसीएफ डॉ. राजेश गुप्ता, सीसीएफ अनूप के.आर., डीसीएफ रामानंद भाकर एवं डीसीएफ प्रमोद धाकड़ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गांव व किसानों के विकास से ही होगा देश का विकास : मुकेश दाधीच

## भगवान बद्रीजी का आशीर्वाद लिया एवं की सुख-समृद्धि मनोकामना

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि राज्य व केन्द्र सरकार की मंशा है कि गांव व किसानों का विकास हो उन्होंने कहा कि गांव व किसानों के विकास से ही देश का विकास होगा। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच के क्षेत्र के दौरे को लेकर निवाई पहुंचे। जहां राष्ट्रीय राजमार्ग पर विधायक रामसहाय वर्मा के नेतृत्व में भाजपा के कई कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने प्रदेश उपाध्यक्ष दाधीच को माला व साफा पहनाकर स्वागत करते हुए क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा की। इस दौरान बद्रीनाथ मंदिर नटवाड़ा में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच व विधायक रामसहाय वर्मा ने मंदिर में भगवान बद्रीजी का आशीर्वाद लिया एवं पूजा-अर्चना करके प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की मनोकामना की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बद्री विजय, मुकेश कीर, शंकरलाल जाट, श्याम योगी, रामजीलाल बोकण, सांवरा योगी, हेमराज बोकण, हरि काका, रामदयाल रैगर, चिरंजीलाल रैगर, हनुमान धबााई, हीरालाल कसाना एवं रामसहाय जाट सहित कई भाजपा के कार्यकर्ता एवं

## बोदल से पूर्व ओघाड पुलिया का निरीक्षण

# वन मंत्री संजय शर्मा ने किया स्थलीय निरीक्षण, पुलिया निर्माण को मिलेगी गति

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** खंडार विधानसभा क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और आधारभूत संरचना को मजबूती देने की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा तथा खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल ने एनएच-552 पर स्थित बोदल से पूर्व ओघाड नाले की पुलिया का निरीक्षण किया। यह पुलिया, जो ओघाड पुलिया के नाम से विख्यात है, एक तीव्र मोड़ पर स्थित है और यहाँ अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत संवेदनशील इस मोड़ पर आमजन में लंबे समय से भय और असुविधा का वातावरण बना हुआ है। खण्डार विधायक गोठवाल ने बताया कि इस पुलिया हेतु भारत सरकार, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा दिनांक 31 मार्च 2021 को 572.26 लाख की स्वीकृति जारी की गई थी। किन्तु यह क्षेत्र वन्यजीव सीमा में आने के कारण अब तक वाइल्डलाइफ से सैद्धांतिक स्वीकृति प्राप्त नहीं हो पाने के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका था। खण्डार विधायक गोठवाल ने माननीय वन मंत्री को स्थलीय स्थिति से अवगत कराते हुए, इस अति आवश्यक पुलिया के शीघ्र निर्माण हेतु वन विभाग एवं वाइल्डलाइफ से अनुमतियाँ प्राप्त कराने की मांग रखी। इस पर मंत्री शर्मा ने मौके पर ही उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए एवं जनता को आश्वस्त किया कि सैद्धांतिक स्वीकृति शीघ्र दिलवाकर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। इस मौके पर उपस्थित क्षेत्रवासियों ने पुलिया निर्माण की दिशा में हुई इस सकारात्मक पहल के लिए खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल एवं वन मंत्री संजय शर्मा का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, पीसीसीएफ शिखा मेहरा, एपीसीसीएफ डॉ. राजेश गुप्ता, सीसीएफ अनूप के.आर सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# वन विभाग की टीम ने अवैध झीकरे से भरा एक डंपर किया जब्त

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** उप वन संरक्षक मरिया शाहीन ए के निर्देशन में वन विभाग के गश्ती दल ने अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अवैध झीकरा भरकर ले जा रहे डम्पर को जब्त किया है। क्षेत्रीय वन अधिकारी कालूराम जाट ने बताया कि मंगलवार को टीम ने निवाई वन क्षेत्र के नोहटा से अवैध रूप से झीकरा भरकर ला रहे एक डंपर को झिलाय रोड़ पुलिया के पास से पकड़ा है डंपर को जब्त कर जखीरा नर्सरी परिसर टोंक में खड़ा किया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई सहायक वन संरक्षक टोंक अनुराग महर्षि के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में शामिल टीम में क्षेत्रीय वन अधिकारी कालूराम जाट, सहायक वनपाल विक्रम शर्मा, मुकेश थोरी, वनरक्षक भरत शर्मा, सुनील कुमार व आशीष जाट शामिल रहे।

# नागा बाबा के स्थान से तेजाजी महाराज मंदिर तक का सडक़ मार्ग पूरी तरह हुआ क्षतिग्रस्त,फिसल कर गिर रहे हैं लोग,जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**निवाई ( का.स. )।** गांव गुड्डा आनंदपुरा में अतिवृष्टि के चलते नागा बाबा के स्थान से तेजाजी महाराज मंदिर तक का सडक़ मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। सडक़ मार्ग के क्षतिग्रस्त हो जाने से विद्यालय आने वाले छात्र-छात्राओं, दोनों



धार्मिक स्थलों पर जाने वाले श्रद्धालुओं, वाहन चालकों व पैदल चलने वाले राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सडक़ मरम्मत की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीण श्योलाल मीणा, राजाराम मीणा, केसरलाल मीणा, धर्मराज प्रजापत व राम प्रकाश गुर्जर सहित कई ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि सडक़ मार्ग के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण राहगीर व दुपहिया वाहन चालक फिसल कर गिर रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर अग्रवाल से सडक़ मार्ग की शीघ्रता से मरम्मत करवाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि समस्या को लेकर विधायक रामसहाय वर्मा व पंचायत समिति विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव को भी ज्ञापन दिया गया है।

# जिले में भारी वर्षा के मद्देनजर प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय अवकाश घोषित

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, राजस्थान बीकानेर के आदेश एवं मौसम विभाग राजस्थान जयपुर द्वारा जिले में भारी वर्षा की चेतावनी के मद्देनजर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारंभिक सवाई माधोपुर की अभिशंषा पर जिला कलक्टर काना राम ने जिले के समस्त राजकीय/निजी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 1 से 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 30 एवं 31 जुलाई का दो दिवसीय अवकाश घोषित किया है। उन्होंने आदेश दिए कि यह अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए है विद्यालय के समस्त शिक्षक विद्यालय में उपस्थित रहकर कार्य सम्पादित करेंगे। इसी प्रकार शासन सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग के आदेशानुसार जिले में संचालित समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी 30 एवं 31 जुलाई का शाला पूर्व शिक्षा गतिविधियों के 3-6 वर्ष के बच्चों के लिए अवकाश घोषित किया गया है।

# टीबी मुक्त भारत अभियान एवं एनटीईपी कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित

**टोंक, ( का.स. )।** जिला क्षय निवारण केंद्र टोंक में टीबी मुक्त भारत अभियान एवं एनटीईपी कार्यक्रम की समीक्षा बैठक मंगलवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेंद्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सीएमएचओ ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यक्रम की सफलता के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने वलनरेबल पॉपुलेशन स्क्रीनिंग, की पापुलेशन, नॉट टेस्ट, एक्स-रे, निक्षय पोषण योजना, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान, टीपीटी आउटकम, नोटिफिकेशन, एमबीपीएएल रेजीमेन, एसीएफ सर्वे, आदि बिंदु पर चर्चा की। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. हिमांशु मित्तल ने कम प्रगति वाले चिकित्सा संस्थानों को कार्य में प्रगति लाने, चेस्ट एक्स-रे के लिए समीप के लैब में जांच करवाने, टीपीटी में सीवाई टेस्ट करवाने के निर्देश दिए। बैठक में डॉ. निर्मला मालपानी, डीपीसी मसर्रत मियां एवं मुरली मनोहर आदि मौजूद रहे।

# केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर संगोष्ठी

## बाघ संरक्षण में युवाओं की भूमिका पर की चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से सूचना केंद्र स्थित वाचनालय में अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में ब्यूरो के प्रभारी नेमीचंद मीणा ने बाघों के महत्व,उनके संरक्षण,समस्याओं, चुनौतियों में युवा पीढ़ी के योगदान और भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह दिन दुनिया भर में बाघों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण याद दिलाता है। जंगल में बाघों की समक्ष आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने तथा संरक्षण प्रयासों को प्रोत्साहन करने के लिए इस दिवस की स्थापना की गई। साथ ही उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस का मुख्य उद्देश्य बाघों की संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उनकी घटती आबादी को रोकने के लिए महत्वपूर्ण कदम है। इसके साथ ही उन्होंने हमारा संविधान हमारा पर्यावरण सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा ने रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि टाइगर संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण स्थान है टाइगर की संरक्षण से यहां वनों की सुरक्षा पर्यावरण और पर्यटक स्थल इत्यादि पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में वरिष्ठ सहायक किरोड़ी लाल मीणा ने भी बाघ संरक्षण को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए मौखिक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया तथा विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

# जिला कलेक्टर ने जर्जर, क्षतिग्रस्त भवनों के सघन निरीक्षण की ब्लॉकवार समीक्षा की

बढ़ता राजस्थान




**टोंक, ( का.स. )।** जिले में बनास, सहोदरा एवं माशी नदियों में जल आवक बढ़ने और छोटे-बड़े बांधों के ओवरफ्लों होने की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है। मंगलवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा ने भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। इसमें सरकारी जर्जर भवन, स्कूल, आंगनबाड़ी के निरीक्षण की प्रगति एवं सुरक्षात्मक उपाय, अतिवृष्टि से बचाव एवं जिले में हुई जनहानि में मृतकों के आश्रितों को आर्थिक सहायता के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी उपखंड अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में नदियों के बहाव क्षेत्र एवं जल स्त्रोतों का जल स्तर बढ़ने के कारण सड़क मार्गों, रपटों, पुलिया आदि पर सुरक्षात्मक उपाय करें। साथ ही, आमजन को बहाव क्षेत्रों में नहीं जाने के लिए जागरूक करें। साथ ही, पूर्व में हुए हादसों के स्थानों को चिन्हित कर वहां विशेष निगरानी रखे। इसके लिए बैरिकेडिंग एवं अन्य सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित करें। सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी टीम भावना से कार्य करें। जिला कलेक्टर ने बीसलपुर बांध के अधिशासी अभियंता मनीष बंसल को निर्देश दिए कि बीसलपुर बांध पर आने वाले लोगों को बांध एवं पानी के आसपास नहीं जाने के लिए माइक से मुनादी कराकर जागरूक करें। जिला कलेक्टर ने देवली के उपखंड अधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक को मोती सागर बांध पर विशेष एतिहात बरतने एवं लोगों को बांध के ऊपर नहीं जाने की समझाइश कराएं। साथ ही, ऊपर की ओर जाने वाली सीढ़ियों के रास्तों को बंद करें। जिला कलेक्टर ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा किये जा रहे जर्जर, क्षतिग्रस्त, मरम्मत योग्य, नकारा एवं अनुपयोगी भवनों की जानकारी लेकर समीक्षा करते हुए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश प्रदान किए। जिला कलेक्टर ने विद्यालयों, छात्रावासों, आंगनबाड़ी के अंतर्गत असुरक्षित भवन अथवा कक्ष में किसी भी स्थिति में कक्षा संचालन नहीं करने तथा वैकल्पिक व्यवस्था करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी उपखंड अधिकारी सुनिश्चित करें की उनके क्षेत्र में स्थित भवनों का सर्वे यथाशीघ्र पूरा कर लिया जाएं। पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा ने कहा कि जिले में औसत से अधिक वर्षा को देखते हुए ब्लॉक स्तरीय अधिकारी प्रो एक्टिव होकर कार्य करें। जल बहाव वाले सड़क मार्गों पर बैरिकेटिंग करते समय यह भी सुनिश्चित करें कि डायवर्जन किये गए मार्गों की सूचना लोगों को दी जाएं। नदियों, झरनों एवं बांधों के पिकनिक स्पॉट पर विशेष निगरानी रखे। संवेदनशील स्थानों की स्वयं जाकर विजिट करें। बैठक में एडीएम रामरतन सौकरिया, सीईओ परशुराम धानका, एडीएम बीसलपुर भूपेंद्र यादव, उपखंड अधिकारी हुक्मीचंद रोहलानिया, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण एचएल मीणा, आरएसआरडीसी के परियोजना निदेशक लोकेश गुप्ता, महिला एवं बाल विकास की उपनिदेशक सरोज मीणा, डीईओ राजेश शर्मा एवं भंवर लाल कुम्हार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

दैनिक बढ़ता राजस्थान

# जिला कलक्टर के निर्देशन में ग्राम पंचायतवार गठित टीमों ने किया जिले के राजकीय भवनों का भौतिक सत्यापन

## सुरक्षा मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में जिले में स्थित राजकीय विद्यालय, मरदसे, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, देवनारायण विद्यालय, समस्त राजकीय छात्रावास भवन एवं समस्त आंगनबाडी केंद्रों आदि के भवनों की सुरक्षा की दृष्टि से ग्राम पंचायतवार टीम गठित कर भौतिक सत्यापन कराया गया। जिले के उपखण्ड क्षेत्रों में उपखण्ड अधिकारियों के नेतृत्व में गठित ग्राम पंचायतवार टीमों ने उपखण्ड गोविन्दगढ में ग्राम पंचायत बारोली, भैंसडावत, चिडवई, डूंगडी, फाहरी, गोविन्दगढ, ईंदपुर, खरसनकी, खेडा महमूद, मालपुर, नसवारी, न्याणा, नगर पालिका गोविन्दगढ पीईईओ रामबास, सैदमपुर, सैमलीखुर्द, तालडा एवं तिलवाड में स्थित सरकारी भवनों का भौतिक सत्यापन किया गया। इसी प्रकार उपखण्ड मालाखेडा में ग्राम पंचायत मालाखेडा, बरखेडा, जमालपुर, बडेर, बिलंदी, भडकोल, पाला, पूनखर, खेडली पिचनोत, भण्डोली, बालेटा, खारेडा, पृथ्वीपुरा, सारंगपुरा, परसा का बास, माधोगढ, बीजवाड नरूका, मोहब्बतपुर, बन्दीपुरा, महुआखुर्द, दादर, कलसाडा, लीली, सालपुर, हल्दीना, नैथरा, कैरवावाला, चौमू एवं ढाकपुरी तथा उपखण्ड उमरैण में ग्राम पंचायत अकबरपुर, खेडका, साहोडी, माचडी, पलखडी, बख्तपुरा, ढहलावास, उमरैण, केसरपुर, भूगोर, चांदौली, नांदनहेडी, शाहपुर, कस्बा डहरा, ठेकडा, हाजीपुर, घाटला, भण्डवाडा, जटियाना, नंगला रायसिस, बेलाका, गूजुकी, भजीट, देसूला, घेघोली, तूलेडा, रायबका, सिरमोली, ककराली, झाहरखेडा एवं सैथली स्थित सरकारी भवनों का भौतिक सत्यापन किया गया। टीम द्वारा भौतिक सत्यापन के दौरान असुरक्षित कमरों एवं भवनों को चिन्हित कर सील करवाया। निरीक्षण दल द्वारा भवन की छत व सीलिंग, विद्युत तार, चार दीवारी, पानी निकासी व्यवस्था एवं पेयजल भण्डारण टैंकों का सुरक्षा की दृष्टि से विशेषण निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के दिए निर्देश। इस दौरान संस्था प्रधानों को प्रतिदिन सुरक्षा की दृष्टि से भवन एवं परिसर का विशेष निरीक्षण करने तथा अतिभारी वर्षा की स्थिति में स्कूल को बंद रखने के लिए निर्देशित किया गया। गठित टीम द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सैदमपुर के भवन को जीर्णशीर्ण घोषित किए जाने पर विद्यालय की वैकल्पिक व्यवस्था कराने के निर्देश पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय नदीपार बास के विद्यालय भवन में अस्थाई रूप से संचालित करने की अनुमति दी गई है। उपखण्ड अधिकारी रैणी की अगुवाई में गठित टीम द्वारा राजकीय जनजाति बालिका छात्रवास रैणी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रैणी, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भजेडा, खेड़ली तरफ रेला, कस्तूरबा गांधी छात्रावास पिनान तथा उपखण्ड अधिकारी अलवर की अगुवाई में टीम द्वारा राजकीय विद्यालय व आंगनबाडी केंद्रों का ग्राम भंगडोली, लिवारी, देहतल, हरनेर, चुरानी, नंगला भूरिया का निरीक्षण कर जर्जर कमरों को बंद कराया गया तथा क्षतिग्रस्त भवनों की वृहद मरम्मत कराने के निर्देश दिये।



# क्षेत्र के विकास कार्य करवाना मेरी प्रथम प्राथमिकता : देवी सिंह शेखावत

## सवा दो करोड़ से होगा 8 सौ मीटर सड़क का चौड़ाईकरण और ओपन पाईप लाईन का निर्माण

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के विधायक देवीसिंह शेखावत ने मंगलवार को नारायणपुर नगरपालिका क्षेत्र के ज्ञानपुरा में कराणा रोड़ से नगरपालिका सीमा तक सड़क के चौड़ाईकरण और ओपन पाइपलाइन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर बोलते हुए विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्य करवाना मेरी प्रथम प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। हम किसी को नीचा दिखाकर ऊँचा नहीं देखना चाहते। हम विकास के लिए एक लम्बी लकीर खींचना चाहते हैं जिसके आस -पास भी कोई नजर नहीं आए।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश विकसित प्रदेश की और बढ़ रहा है। इस गति में बानसूर भी पीछे नहीं है।इस मौके पर विधायक देवीसिंह शेखावत का ग्रामीणों द्वारा माला साफा पहनाकर भव्य सम्मान किया गया।शेखावत ने कहा कि क्षेत्र में विकास के कार्यों में गति और आमजन की सुविधा को देखते हुए ज्ञानपुरा के कराना रोड़ से नगरपालिका सीमा क्षेत्र तक सड़क का चौड़ाईकरण और ओपन पाइपलाइन निर्माण कार्य का शिलान्यास के निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया गया है।जहाँ नगर पालिका क्षेत्र में 8सौ मीटर सड़क निर्माण और ओपन पाईप लाईन का निर्माण कार्य 2.25 करोड़ रुपए की लागत से होगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आने वाले समय में विकास कार्यों में तेजी लाई जाएगी।इस अवसर पर नगरपालिका चैयरमैन मन्नी सैनी, उपाध्यक्ष विजय इन्दौरिया,भाजपा अलवर उत्तर के जिला प्रवक्ता एडवोकेट नरेन्द्र चौधरी, सत्येंद्र शर्मा, निरंजन लाल सैनी, सुरेश ज्ञानपुरिया , भवानी सैनी, एडवोकेट संकेत लाटा सहित पार्षद और काफ़ी संख्या में नगर पालिका क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# एम आई स्कूल के बच्चों ने ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप में किया शानदार प्रदर्शन



**राजगढ़(अलवर)।** राजस्थान ताइक्वांडो एसोसिएशन की तरफ से अलवर में आयोजित ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में एम आई स्कूल की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय की निदेशक बबीता शेखावत ने बताया कि विद्यालय की छात्रा ध्रुवी यादव, डिम्पल सैनी, चकोर यादव, रूद्र भारती, कोमल लटवाल, सवन्या, हर्षिता शेखावत, मनस्वी मीना ने अलग-अलग भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। वहीं विद्यालय की छात्रा अदिति, पाखी, निवेदिता, भावेश ने सिल्वर मेंडल तथा मिस्टी, अवनी, विजयलक्ष्मी, गुंजन, शगुन, जसवंत, तन्मय, मुकुन्द, सानिया, मंजीत, प्रत्यक्ष विजय ने कांस्य पदक हासिल किया। विद्यालय के कोच राजेंद्र सैनी के सानिध्य में बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। अलवर ताइक्वांडो संघ के सचिव रजनीश जैमन ने सभी बच्चों को पदक देकर सम्मानित किया।

# विधिक जागरूकता शिविर में आपदा पीड़ितों को कानूनी सेवाओ की जानकारी दी

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर एवं तालुका विधिक सेवा समिति लक्ष्मणगढ़ के निर्देशानुसार पंचायत समिति गोविंदगढ़ के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोविंदगढ़ में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति लक्ष्मणगढ़ अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश एडीजे गोपाल सैनी के निर्देशन पर पीएलवी अनिल कुमार ने नालसा ;कानूनी सेवा प्राधिकरण के माध्यम से आपदा पीडितों को कानूनी सेवाएं, योजना। 2010 के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की नालसा की इस योजना का उद्देश्य प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाओं के पीड़ितों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करता है। इस योजना के तहत सामूहिक आपदा, हिंसा, बाढ़, सूखा, भूकंप,औद्योगिक आपदाओं के पीडितों व कम वार्षिक आय वाले व्यक्तियों के लिए उपलब्ध है। पीड़ितों को मुफ्त कानूनी सलाहए कानूनी कार्यवाही में प्रतिनिधित्व व सहायताए और अन्य आवश्यक कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। योजना का लक्ष्य आपदा पीड़ितों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना और उन्हें न्याय तक पहुंचने में मदद करना है नालसा के टोल फ्री राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्प लाईन नंबर 15100 कि जानकारी दी। राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम-2011 एवं नालसा एक्ट-1987 के विषय में बताया। शिविर में मालपुर एवं गोविंदगढ़ क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ता,डॉ एन के अग्रवाल, सुशील, पुष्पा आदि मौजूद रहें।

# श्री ऋषभदेव महिला मंडल तीसरा स्थापना दिवस बड़े धूमधाम के साथ मनाया



**अलवर (का.स.)।** श्री 1008 आदिनाथ धाम आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सौजन्य से श्री ऋषभदेव महिला मंडल तीसरा 'स्थापना 'दिवस बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें महिलाएं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भक्ति नृत्य की प्रस्तुति दी गई मंडल की सदस्य मनीषा जैन ने बताया कि महिलाएं लहरिया और बंधेज साड़ी में भक्ति नृत्य करती हुई प्रभु आराधना झूमते हुए प्रस्तुति दी गई भक्ति में दीपा एवं शिखा सोनिया,संतोष, विजयलक्ष्मी पूनम , रेनू जी निशा, नीनू मीनू ने मंडल की सभी महिलाओं ने भाग लिया जैन धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए अंत में सभी महिला मंडल द्वारा आभार व्यक्त किया गया। आयोजक श्री ऋषभदेव महिला मंडल यह जानकारी मंडल की सदस्य अंजू जैन मनीषा जैन द्वारा दी गई है।

# अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के उपलक्ष्य में बाघ परियोजना सरिस्का के सदर गेट पर एक पेड मां के नाम अभियान अंतर्गत उप वन संरक्षक सरिस्का की अगुवाई में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें वन विभाग की अधिकारियों एवं कार्मिकों तथा स्थानीय नागरिकों द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। उप वन संरक्षक सरिस्का अभिमन्यु सहारण ने उपस्थित लोगों को प्लास्टिक प्रदूषण के बारे में जानकारी देकर इससे पर्यावरण पर होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि सरिस्का टाईगर रिजर्व प्रशासन के द्वारा सदर गेट से थैंक्यू बोर्ड बेरियर रोड पर एक विशेष स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान आयोजित किया गया जिसमें वन विभाग के अधिनस्थ कार्मिक, नेचर गाइड, वाहन चालक एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। इसके पश्चात बाघ परियोजना सरिस्का क्षेत्र की समस्त रेंजों में कार्मिकों द्वारा लगभग 2 पौधे लगाए गए तथा आमजन को वर्षाऋतु में अधिकाधिक पौधारोपण हेतु जागरूक किया गया।

# अग्निपथ योजना के तहत सेना भर्ती हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा होगी 5 से 22 अगस्त आर.आर कॉलेज के ग्राउंड में होगी आयोजित

**अलवर (का.स.)।** अग्निपथ योजना के तहत सेना भर्ती हेतु अलवर, भरतपुर, डीग, धौलपुर, खैरथल-तिजारा और कोटपुटली-बहरोड जिले के ऑनलाइन लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों की शारीरिक दक्षता परीक्षा राजऋषि कॉलेज अलवर के ग्राउंड में 5 अगस्त से 22 अगस्त तक आयोजित होगी। सेना भर्ती निदेशक कर्नल आलोक रंजन ने बताया कि ने बताया कि रैली स्थल में प्रवेश सिर्फ रैली एडमिट कार्ड व जरूरी दस्तावेजों के साथ ही दिया जायेगा। अभ्यर्थी समय पर अपना रैली एडमिट कार्ड डाउनलोड कर लें और रैली नोटिफिकेशन में बताए गए सभी दस्तावेज की मूल दस्तावेज की तीन प्रतिलिपि और स्वयं की नवीनतम 20 पासपोर्ट साइज की फोटो लेकर आए। उन्होंने बताया कि सभी अभ्यर्थियों को आधार द्वारा लिंक मोबाईल फोन (स्मार्ट फोन) आवश्यक रूप से लेकर रैली ग्राउंड में निर्धारित समय पर पहुँचे और जिसमें मोबाईल डाटा पैक होना चाहिये। उन्होंने सभी उम्मीदवारों को सलाह दी है कि वे दलाल/धोखधडी करने वाले व्यक्ति से दूर रहे और नशीली दवाओं के प्रयोग से बचें।

# आचार्य चरक जयंती के अवसर पर निःशुल्क रक्तचाप,मधुमेह एवं अस्थि संधिगत विकार आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर एवं औषधीय पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** जिला आयुर्वेद चिकित्सालय बुध विहार अलवर में विश्व आयुर्वेद परिषद अलवर के संयुक्त तत्वाधान में आचार्य चरक जयंती महोत्सव के अवसर पर निःशुल्क रक्तचाप, मधुमेह एवं अस्थि संधिगत विकार आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन मंगलवार प्रातः 9 से 1 बजे तक किया गया। कार्यक्रम संयोजक विश्व आयुर्वेद परिषद के प्रदेश प्रभारी डॉ पवन सिंह शेखावत ने बताया कि शिविर के प्रारंभ में उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग अलवर डॉ करण सिंह दहिया ने आचार्य चरक प्रतिमा समक्ष दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सहायक निदेशक डॉ सुरेश वर्मा, वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ महिपाल सिंह चौहान, डॉ लक्ष्मी शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी योगेश शर्मा, गोकुलेंद्र कुमार शर्मा, हरदयाल, राजेश शर्मा, भुवनेश शर्मा, परसादी लाल वर्मा, सपना सोनी, रेखा चौधरी, ऊषा, शारदा, निर्मला, विजेंद्र सहित समस्त चिकित्सालय स्टॉफ ने आचार्य चरक की पूजा अर्चना कर आमजन के बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर चिकित्सालय परिसर औषध उद्यान वाटिका में औषधीय पौधारोपण किया गया। चिकित्सा शिविर में डॉ महिपाल चौहान, डॉ लक्ष्मी शर्मा एवं डॉ पवन सिंह शेखावत ने 56 रोगियों को चिकित्सा परामर्श दिया। इस अवसर पर रोगियों की निशुल्क बीपीए शुगर की जांच कर औषध वितरण किया गया। शिविर में डॉ पवन सिंह शेखावत द्वारा साइटिका, स्लिप डिस्क, सर्वाइकल के रोगियों को विद्कर्म चिकित्सा द्वारा लाभान्वित करते हुए तुरंत दर्द से राहत प्रदान किया गया।

# पांडुपोल हनुमान मंदिर में मंगलवार को उमड़ी श्रध्दालुओं की भीड़

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** मंगलवार को सरिस्का क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक आस्था के केंद्र पाण्डूपोल हनुमान मंदिर में हजारों की संख्या में महिला-पुरूष श्रद्धालु पहुंचे। जहां श्रद्वालुओं ने अपने आराध्य देव पाण्डूपोल जी महाराज के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं बड़ी संख्या में सिलीबेरी गेट से होकर श्रद्धालु श्री पांडूपोल हनुमान जी महाराज के दर्शन व सुख समृद्धि की कामना करने के लिए पहुंचे। सावन मास में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल दर्शन करने के लिए पहुंचे रहे हैं। राजगढ़, मालाखेड़ा सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से लोग सरिस्का के पांडुपोल स्थित हनुमान मंदिर पर पहुंचे जहां पर वाहनों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर पर पहुंचे। वहीं अलवर जिले के अलावा पंजाब, हरियाणा, दिल्ली सहित अन्य स्थानों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में हनुमान जी के दर्शन करने पहुंचे। पाण्डूपोल हनुमान जी मंदिर महंत पंडित चेतन शर्मा,पंडित महेश जोशी ने बताया कि मंदिर परिसर में अखंड भजन जागरण सत्संग का आयोजन विभिन्न श्रद्धालुओं के द्वारा किया गया। मंदिर में सुंदरकांड के पाठ तथा राम नाम संकीर्तन का आयोजन कर श्रद्वालुओं को प्रसाद वितरण भी किया गया।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ उपशाखा के पदाधिकारियों का किया सम्मान

मंगलवार को पाण्डूपोल हनुमान मंदिर पहुंचने पर श्रमजीवी पत्रकार संघ उपशाखा राजगढ़-रैणी के नवनियुक्त अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष नागपाल शर्मा, महासचिव रतन तिवाड़ी का श्री पाण्डूपोल मंदिर कमेटी के महंत महेश जोशी के द्वारा माला पहनाकर तथा पाण्डूपोल हनुमान जी की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया गया। इस दौरान मुकुल बड़ाया, लोकेश जैन आदि मौजूद रहे।

# वृताधिकारी दशरथ सिंह का भाजपाईयों और गणमान्य लोगों ने किया सम्मान

## 17 जुलाई को मुख्यमंत्री सराहनीय पदक से हुए थे सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** बानसूर वृताधिकारी दशरथ सिंह का भाजपाईयों और सर्वसमाज के गणमान्य लोगों ने माला साफा पहनाकर और मुँह मीठा कराकर भव्य सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि गत 17जुलाई 2025को बानसूर वृताधिकारी को राजस्थान प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री सराहनीय पदक से सम्मानित किया था और उनकी सेवा को मान्यता दी थी।इस सम्मान कार्यक्रम की अध्यक्षता बानसूर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेन्द्र लाटा ने की।इस मौके पर सर्व समाज के लोगों ने साफा माला एवं गुलदस्ता व तलवार भेंट कर सम्मान किया। मंच संचालन भाजपा जिला प्रवक्ता नरेंद्र चौधरी ने किया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के पूर्व उप निदेशक पाचूराम सैनी , व्यापार मंडल के अध्यक्ष महावीर बालासिया,अग्रवाल समाज के अशोक अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सजन मिश्रा, जिला मंत्री नीलम त्रिपाठी, हेमलता सिसोदिया, पीयूष पुरोहित,भूपेन्द्र चौहान,पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी भैरूराम गुर्जर, गिरधारी लाल ढांचोलिया, एडवोकेट रोशन लाल शर्मा, किशन लाल यादव, प्रवेश बोहरा, राजपूत समाज के अध्यक्ष पूरण सिंह शेखावत, पूर्व मंडल महामंत्री योगेश सोनी,विजय कुमावत, रूपराम प्रजापत, एडवोकेट विक्रम सिंह शेखावत, एडवोकेट अशोक बरगढ़, धर्मपाल यादव, एडवोकेट संकेत लाटा, रामानंद खोवाल, एडवोकेट विकास जोशी, तेजपाल जांगिड़, लक्ष्मी नारायण सोनी, विष्णु सोनी,मूलचंद वर्मा, बबलू वाल्मीकि, दिलीप सिंह, एडवोकेट कुंदन सिंह राजावत, सुरेंद्र सिंह चौहान,कैलाश प्रजापत,नरेश सिंह शेखावत, सावरमल सोनी, दीपक शास्त्री,सहित भाजपाई और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर दरा में चौबीस घंटे रोड रिपेयर टीम तैनात करने के निर्देश

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक : दुर्घटनाओं की रोकथाम व यातायात प्रबंधन पर दिए सख्त निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** जिला कलक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में मंगलवार को सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधीक्षण अभियंता जे.पी. गुप्ता ने विभिन्न विभागों द्वारा पूर्व एजेंडा बिंदुओं पर की गई प्रगति की जानकारी दी। बैठक में कलक्टर ने दुर्घटनाओं की रोकथाम, अधोसंरचना विकास और यातायात व्यवस्था को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए।



## बालवाहिनी की क्षमता से अधिक बच्चों पर होगी सख्त कार्रवाई

बैठक में कलक्टर समारिया ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी बालवाहिनी में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाना बच्चों की सुरक्षा से गंभीर खिलवाड़ है, जिस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्कूल प्रशासन व वाहनों के चालकों को पूर्णत: जिम्मेदार मानते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर और चालक का संपर्क विवरण सहित डेटाबेस तैयार किया जाए, ताकि समय-समय पर उन्हें यातायात नियमों एवं सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण दिया जा सके। दुर्घटना स्थलों पर तत्काल सुधारात्मक कार्य सुनिश्चित किया जाए बैठक में आर.के. पुरम थाने के पास हाईवे स्लिप लेन कट को स्थायी रूप से बंद करने के निर्देश दिए। कोटड़ी चौराहे पर हाल ही में हुई दुर्घटनाओं के मद्देनजर कलक्टर ने पुलिस, केडीए व पीडब्ल्यूडी की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर रिपोर्ट तैयार कर आवश्यक सुधार कार्य करने के निर्देश दिए।

## सड़क डिजाइन, जलभराव समाधान और डिवाइडर निर्माण पर विशेष निर्देश

बैठक में जानकारी दी गई कि अनंतपुरा स्थित गोमती धर्मकांटा तिराहे पर स्पीड ब्रेकर और बोर्ड का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, तथा सीआरआरआई नई दिल्ली द्वारा चौराहे का सर्वे किया गया है। इस पर कलक्टर समारिया ने निर्देश दिए कि सर्वे रिपोर्ट के बाद डिज़ाइन को शीघ्र अंतिम रूप दिया जाए। दरा क्षेत्र में लंबी दूरी तक डिवाइडर लगाए जाने व उनकी दूरी घटाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी और पुलिस विभाग समन्वय कर कार्य शीघ्र पूर्ण करें। साथ ही गड्ढों को भरने और सड़क सुधार कार्यों के लिए 24 घंटे एक रेस्पॉन्स टीम तैनात करने के निर्देश भी दिए।

## पेंशन सत्यापन कार्य 15 अगस्त तक पूर्ण किया जाए

पेंशन वेरीफिकेशन से संबंधित बैठक में कलक्टर समारिया ने निर्देश दिए कि सभी सत्यापन अधिकारियों को ड्यू लिस्ट सौंपी जाए और दैनिक लक्ष्य निर्धारित कर नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्य आगामी 15 अगस्त तक पूर्ण होना चाहिए।

## आवारा मवेशियों से दुर्घटनाओं की रोकथाम व मीडियन कटिंग पर निर्देश

बैठक में कलक्टर समारिया ने निर्देश दिए कि सड़क पर घूमते आवारा पशुओं की टक्कर से दुर्घटना रोकने के लिए उनके सींगों पर रेडियम कॉलर लगवाए जाएं। साथ ही नगर निगम को निर्देशित किया गया कि वह प्रतिवेदन दे कि साप्ताहिक रूप से कितने आवारा मवेशी पकड़े गए। मीडियन में लगे पौधों की नियमित कटाई व अंडरपास जलभराव पर अस्थायी समाधान हेतु श्रमिकों और मशीनों की तैनाती के निर्देश दिए। बैठक में कलक्टर समारिया ने नगर निगम को निर्देश दिए कि परमिटधारी बसों के लिए तय स्थान चिन्हित करे। बैठक में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुजीत शंकर, डीएफओ अपूर्व श्रीवास्तव, एडीएम सिटी अनिल सिंघल, एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला, अधीक्षण अभियंता जे.पी. गुप्ता, केडीए सचिव कुशल कोठारी, नगर निगम आयुक्त अनुराग भार्गव व अशोक त्यागी, जिला शिक्षा अधिकारी के.के. शर्मा, महिला अधिकारिता विभाग से संयुक्त निदेशक सविता कृष्णिया सहित स्वास्थ्य, परिवहन, एनएचएआई एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

वित्तीय सशक्तिकरण की ओर कोटड़ी का बढ़ता कदम

# बीडीओ रामबिलास मीणा की अगुवाई में बीएलबीसी बैठक में बनी समावेशी रणनीति



बढ़ता राजस्थान

**कोटड़ी (भीलवाड़ा)।** पंचायत समिति कार्यालय में मंगलवार को आयोजित ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक कोटड़ी ब्लॉक के लिए एक निर्णायक मील का पत्थर साबित हुई। बैठक में वित्तीय समावेशन, डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन मंथन किया गया। इस चर्चा को दिशा देने का श्रेय जाता है विकास अधिकारी श्री रामबिलास मीणा को, जिनकी पहल ने बैंकिंग को केवल खाता खोलने तक सीमित न रखकर विश्वास और जागरूकता का सेतु बनाने पर बल दिया। बैठक की अध्यक्षता जिला अग्रणी प्रबंधक अशोक कुमार पांडे ने की, जबकि संचालन स्वयं विकास अधिकारी मीणा ने किया। उनकी दूरदृष्टि और संगठित कार्यशैली ने बैठक को प्रभावशाली और जनोपयोगी बना दिया।

**बैंक अब होंगे जन-जन के सहभागी**

मीणा ने कहा कि अब बैंक केवल वित्तीय लेनदेन का केंद्र नहीं, बल्कि ग्रामीण जनता के लिए मार्गदर्शक की भूमिका निभाएं। बैंक कर्मचारियों को चाहिए कि वे ग्राहकों को वित्तीय सुरक्षा, डिजिटल लेनदेन की समझ, और सरकारी योजनाओं के लाभ से अवगत कराएं।

**साइबर अपराध के विरुद्ध व्यापक अभियान**

सभी बैंकों को निर्देशित किया गया कि वे शाखाओं में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाएं ,साइबर जागरूकता के बैनर और पोस्टर लगाएं

ग्राहकों को ओटीपी लिंक और अनजान कॉल से सतर्क रहने का प्रशिक्षण दें

**तेज़ हो विकास की रफ्तार**

मीणा ने सभी बैंकों से अपील की कि वे आगामी एफआई कैंपों में सक्रिय भागीदारी निभाएं ताकि ग्रामीणों को अधिकतम योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने विशेष रूप से आश्वनित ब्लॉक के लिए कार्यरत बैंकों को अधिक से अधिक ऋण और योजनाओं के लाभ दिलाने को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

**टास्क फोर्स का गठन और पूर्व तैयारियों पर बल**

प्रत्येक FI कैंप की सफलता सुनिश्चित करने के लिए ग्राम विकास अधिकारियों, कनिष्ठ सहायकों, कृषि पर्यवेक्षकों और पंचायतकर्मियों की एक विशेष टास्क फोर्स गठित की गई है। इसका कार्य होगा-

पूर्व सूचना और जन-जागरूकता अभियान

अधिक से अधिक नागरिकों की भागीदारी

डिजिटल जागरूकता का प्रचार-प्रसार

**राज्य स्तरीय मॉडल ब्लॉक की ओर कदम**

विकास अधिकारी रामबिलास मीणा की नेतृत्व क्षमता, निष्पक्ष कार्यशैली और व्यापक दृष्टिकोण के चलते कोटड़ी ब्लॉक राज्य स्तरीय मॉडल ब्लॉक बनने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। बैंकिंग केवल खाता खोलना नहीं, बल्कि विश्वास और जागरूकता का सेतु बनना चाहिए।

**रामबिलास मीणा,**
**विकास अधिकारी, कोटड़ी**

# होटल मैस स्ट्रीट वेंडर की सघन चेकिंग, 26 नमूने सील जांच के लिए भेजे

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (विनोद गौड़)।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत कोटा जिले में होटल ,मैस , रेस्टोरेंट व स्ट्रीट फूड वेंडर के खिलाफ सघन जांच की जा रही है। इसके अन्तर्गत सोमवार व मंगलवार को कोटा शहर के विभिन्न स्थानों पर चल प्रयोगशाला व खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के संयुक्त जांच दल द्वारा 16 स्ट्रीट फूड वेंडर , होटल ,मैस व रैस्टोरेंट का निरिक्षण किया गया। यूआईटी व सीएडी परिसर में स्थित केंटिन में साफ सफाई के निर्देश प्रदान करते हुए 8 नमूने बिस्कुट, नमकीन व चाय के लिए। आकाश माल स्थित रुफ टाप रेस्टोरेंट के किचन का निरिक्षण करने पर एक ही फ्रीज में वेज व नोन वेज रखे हुए थे,मेओनीज अवधिपार काम में ली जा रही थी, फूड हैंडलर्स का मेडिकल व पेस्ट कंट्रोल सर्टिफिकेट मौके पर नहीं पाये गये, मौके से दही , ग्रेवी,मसालों के 7 नमूने लिए गए। रथकाकंडा स्थित एक नामी डे बोर्डिंग स्कूल की मैस का निरिक्षण करने पर बहुत खामियां पाई गई, मैस बिना फूड लाइसेंस के संचालित की जा रही थी,साफ सफाई का समुचित अभाव था , अवधि पार मसाले व सास काम में लिया जा रहा था,पानी की जांच रिपोर्ट,फूड हैंडलर्स के मेडिकल व पेस्ट कंट्रोल सर्टिफिकेट मौके पर नहीं मिला मौके से घी ,पनीर, दही व सास के चार नमूने लिए गए। पाई गई कमियों के लिए खाद्य सुरक्षा एंव मानक अधिनियम के तहत इम्प्रूवमेंट नोटिस दिया जा रहा है। कार्यवाही आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण एच गुईटे तथा जिलाधीश महोदय कोटा पीयूष समारिया के निर्देशन पर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोटा डा नरेन्द्र नागर के नेतृत्व की गयी। खाद्य सुरक्षा एंव मानक अधिनियम के तहत लिये गये 26 नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला कोटा भेजा गया रिपोर्ट, प्राप्त होने पर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। उपरोक्त कार्यवाहियों में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, अरुण सक्सेना व मौजीलाल कुम्भकार शामिल रहे।



# आगामी महानगर के हम परिवर्तन लाने वाले कार्यकर्ता, किसान का संगठित होना आवश्यक : तरूण कुमार

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (विनोद गौड़)।** भारतीय किसान संघ कोटा महानगर की बैठक अध्यक्ष बृजराज नागर की अध्यक्षता में बलदाऊ भवन (कोटा संभाग कार्यालय) काला तलाव पर संपन्न हुई। बैठक में जिला संगठन मंत्री तरुण कुमार ने महानगर के कार्यकर्ताओं एवं किसान बन्धुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय किसान संघ का प्रत्येक कार्यकर्ता व्यवस्था परिवर्तन करने में सक्षम है, परंतु किसानों को संगठित होने की आवश्यकता है। किसानों को संगठित करने का कार्य ग्राम समिति के गठन एंव मासिक बैठक के द्वारा सरलता एवं सहजता से पूर्ण हो सकता है। संगठित ग्राम समितियां प्रशिक्षित होगी तो प्रशिक्षित कार्यकर्ता हर प्रकार की समस्याओं का स्वयं समाधान करने की क्षमता को विकसित कर सकेंगे। संगठित होकर संख्या बल में हम ऊभर के आएंगे तो हर व्यवस्था में हम जो चाहेंगे वह परिवर्तन लाने में सक्षम और शक्ति संपन्न हो सकेंगे। इस दौरान कोटा कृषि विश्वविद्यालय के कृषिवैज्ञानिक डॉ. श्रवण ने ग्राम समिति का गठन करने और जैविक खेती के विषय पर अपने विचार रखे। दूसरी ओर मृदा विज्ञान के वैज्ञानिक डॉ. विनोद द्वारा मृदा परीक्षण कर जैविक खेती के लिए मृदा तैयार करने एवं फसल चक्र करके उन्नत फसलों का उत्पादन एवं उनसे किसान द्वारा बीज का उत्पादन करने के बारे में चर्चा की।

# दुकानदारो के ज्ञापन के बाद हरकत में आया पालिका प्रशासन

## नालियो एंव सीसी सड़क का होगा नया निर्माण

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** शहर के मुख्य बाजार में दुकानो के पास निकल रही नालियो का पानी दुकानो एंव सड़क में रिसाव होने से दुकानो में दरारे आ जाने से आक्रोसित व्यापारियो ने उपखण्ड कार्यालय पर ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया कि शहर के मुख्य बाजार में दुकानदार अपनी दुकाने लगा कर जीवकोपार्जन कर रहे है। लेकिन वर्षो पुरानी नालियो की मरम्मत नहीं होने से नालियो का पानी दुकानो की नींवो में रिसने से दुकाने ढहने के कगार पर है। कई दुकानो में बड़ी बड़ी दरारे आ गई है। कुछ दुकाने क्षतिग्रस्त भी हो गई है। दुकानो के गिरने की संभावना को देखते हुए सभी दुकानदार भयभीत है। उन्होने क्षतिग्रस्त दुकानदारो को उचित मुआवजा दिया जाने एंव नालियो का नव निर्माण एंव सड़क की मरम्मत किया जाने की मांग की है। ज्ञापन के दौरान विनोद कुमार मारवाड़ा, राजकुमार जैन, नरेन्द्र, अमन जैन, जम्बु कुमार जैन, सोनु पटवा, पारस जैन सहित कई दुकानदार मोजूद रहे। पालिका ने शुरू की त्वरित कार्यवाही- पालिका अधिशाषी अधिकारी शिकेश कांकरिया ने बताया कि मुख्य बाजार में नालियो का पानी का रिसाव होने से दुकानो एंव सड़क क्षतिग्रस्त हुई है। उन्होने मामले को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार को जेसीबी से क्षतिग्रस्त नालियो एंव सीसी सड़क को उखाड़ने का कार्य शुरू करवा दिया है। शीघ्री ही दुकानदारो की समस्या का समाधान करके उच्चाधिकारियो को अवगत करवा दिया जायेगा।

# स्वर्णकार महासभा संस्था तहसील कार्यकारणी का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** मैढ़ क्षत्रीय स्वर्णकार महासभा संस्था तहसील कार्यकारिणी शपथ ग्रहण समारोह कॅवर महाराज की छतरियां आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथिगणो में महासभा जिलाध्यक्ष डॉ.दीक्षांत सोनी, सह संगटन मंत्री हरिमोहन सोनी, सलाहकार मंत्री बालकिशन सोनी-गणेश सोनी, शिवदत्त सोनी, जिला मिडिया प्रभारी चैतन्य सोनी, महासभा तहसील हिण्ड़ोली अध्यक्ष डॉ.योगेश सोनी, तहसील संरक्षक पुरुषोत्तम सोनी-ओमप्रकाश सोनी रहे। महासभा जिलाध्यक्ष डॉ.दीक्षान्त सोनी ने उपस्थित तहसील कार्यकारिणी के सदस्यों को शपथ दिलाई तथा समाज को एकजूट रहने एंव एक दूसरे का सहयोग किया जाने का संकल्प दिलवाया। कार्यक्रम में हरिमोहन सोनी, शिवदत्त सोनी, पुरुषोत्तम सोनी ने भी समाज के उत्थान एंव एकजूटता पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर इस महासभा जिला उपाध्यक्ष नारायण सोनी, सह मंत्री रामचरण सोनी तहसील अध्यक्ष कुलदीप सोनी, नवीन कार्यकारिणी सदस्य सत्यनारायण सोनी, श्यामसुंदर सोनी, ओमप्रकाश सोनी, अमित सोनी, आदित्य सोनी, मुरारी सोनी, उत्तम सोनी, महावीर सोनी, रिंकु सोनी, रितिक सोनी तथा धनराज सोनी लोकेश सोनी सियाराम सोनी कौशल सोनी पवन सोनी मनोज सोनी आदि स्वर्णकार समाज बंधु मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री महेश सोनी ने किया। सभी पधारे हुए समाज बन्दुओ का तहसील अध्यक्ष कुलदीप सोनी ने धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया।

विश्व बाघ दिवस पर विशेष पहल

# साइकिल रैली से शुरू हुआ जागरूकता अभियान, मियावाकी पद्धति से लगाए गए 2000 पौधे

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (विनोद गौड़)।** विश्व बाघ दिवस के अवसर पर कोटा में पर्यावरण संरक्षण और बाघ संरक्षण को लेकर एक व्यापक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कोटा ग्रीन कम्युनिटी, मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व, वाइल्ड लाइफ डिविजन कोटा और कोटा दक्षिण नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में साइकिल रैली, सफाई अभियान और वृक्षारोपण जैसी गतिविधियां शामिल रहीं।

## बाघ संरक्षण का महत्व

डीसीएफ एस मुथू ने बताया कि टाइगर डे पर जनभागीदारी के सहयोग से यह आयोजन सफल रहा। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डीसीएफ वाइल्डलाइफ अनुराग भटनागर ने बाघ संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाघ संरक्षण केवल बाघों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जंगल में पेड़ों से लेकर शाकाहारी जानवरों और बाघों तक के संपूर्ण जीवन चक्र को संरक्षित करने का काम करता है।



## प्रात :काल साइकिल रैली से हुई शुरुआत

संयोजक प्रणव खीची ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह छह बजे मुकुंदरा डीसीएफ ऑफिस से साइकिल रैली के साथ हुई। मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) सुगनाराम जाट ने हरी झंडी दिखाकर 55 साइक्लिस्टों की इस रैली को रवाना किया। रैली में सीसीएफ सुगनाराम जाट, उप वन संरक्षक (डीसीएफ) एस मुथू और डीसीएफ वाइल्डलाइफ अनुराग भटनागर ने भी साइकिल चलाकर भागीदारी की। साढ़े सात बजे यह रैली गरड़िया महादेव पहुंची, जहां प्लास्टिक मुक्त गरड़िया अभियान चलाया गया। इस दौरान कोटा ग्रीन कम्युनिटी और नगर निगम दक्षिण के सहयोग से नॉन-बायोडिग्रेडेबल कचरे की सफाई का व्यापक अभियान चलाया गया।

## मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दौलतगंज वन भूमि पर नौ बजे से शुरू हुआ वृक्षारोपण था। जापानी मियावाकी पद्धति से 2000 पौधे लगाए गए। इस विशेष तकनीक में पौधों को एक से दो फीट की दूरी पर लगाया जाता है, जिससे कुछ समय बाद पौधे धूप पाने की प्रतिस्पर्धा में एक-दूसरे से तेजी से ऊपर की ओर बढ़ते हैं। कोटा ग्रीन कम्युनिटी के सदस्यों ने इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर कोटा ग्रीन कम्युनिटी के संस्थापक प्रणव राज सिंह खींची सहित मनीष त्रिपाठी, वीर राघवाचार्य, यशस्विनी चौधरी, आर बी गिरी, रितेश जैन, कृष्णा पाराशर, ज्योत्सना सिंह, अचला त्रिपाठी, आकाश कथूरिया, पीयूष बंसल, वीरेंद्र सिंह शक्तावत, विजेश यादव और रामावतार सुमन जैसे पर्यावरणप्रेमी उपस्थित रहे।

# मेज नदी पर बनी हाईलेवल पुलिया को शीघ्र चालू करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी (विश्वनाथ शर्मा)।** कोटा लालसोट मेघा हाइवे रोड पर स्थित पापड़ी तथा नयागांव के बीच में स्थित मेज नदी पर बनी हाईलेवल पुलिया को चालू करवाने की मांग को लेकर बहुजन समाज पार्टी के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि संभाग में हो रही तेज बारिश के चलते पानी की आवक ज्यादा होने के चलते मेज नदी की पुलिया पर पानी खतरे के निशान से ऊपर आने पर तथा पुलिया पुरानी होने के चलते पुलिया के क्षतिग्रस्त होने की आशंका के चलते प्रशासन द्वारा पुलिया पर आवागमन बंद करवा दिया जाता है। कई बार यह आवागमन कुछ घंटों से लेकर दिनों तक का हो जाता है। इस जाम के चलते उपखंड का कोटा मुख्यालय से संपर्क टूट जाता है। उक्त समस्या को देखते हुए राजस्थान सरकार द्वारा मेज नदी पर उच्च स्तरीय पुलिया का निर्माण करवाया जा चुका है, जिसे प्रशासन की ढुलमुल रवैए के कारण इस उच्च स्तरीय पुलिया के दोनों ओर का लिंक रोड का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। ज्ञापन में बहुजन समाज पार्टी के जिला सचिव



रामस्वरूप ने शीघ्र ही मेज नदी पर बने हाई लेवल ब्रिज को अविलम्ब चालु करवाने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी अरविंद शर्मा को ज्ञापन सौंपा जिससे आमजन को बार बार जाम को समस्या से छुटकारा मिल सके।

## खाटूश्यामजी वाली रोडवेज की बस बयाना बसेड़ी बाड़ी होकर धौलपुर आये

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर/ बाड़ी/ बसेड़ी धौलपुर डिपो की बस धौलपुर से सुबह 5.30 पर चलकर बाड़ी बसेड़ी बयाना जयपुर होते हुए खाटूश्यामजी तक जाती हे ।जो दूसरे दिन खाटूश्यामजी से जयपुर भरतपुर आगरा होते हुए धौलपुर आती हे।बसेड़ी बाड़ी के नागरिकों द्वारा पिछले 2 वर्ष से अधिक समय से इस बस की बापसी खाटूश्यामजी से जयपुर बयाना बसेड़ी बाड़ी होते हुए चलाये जाने की निरंतर मांग की जा रही हे*। लेकिन धौलपुर डिपो के अधिकारियों द्वारा इस ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा हे। सबसे खास बात हे कि निगम को न तो कोई अतरिक्त स्टॉफ लगाना हे ओर न ही कोई दूसरी बस लगानी हे* इस बस के संचालन से खाटूश्यामजी से बयाना बसेड़ी बाड़ी के लोगों को सीधी बस मिल जाएगी तथा जयपुर से भी बसेड़ी बाड़ी मार्ग पर बस सुबिधा मिल पाएगी। *खाटूश्यामजी से यह बस सुबह लगभग 7 बजे तथा जयपुर से 10 बजे के लगभग चलकर बयाना बसेड़ी बाड़ी होते हुए शाम को धौलपुर आयेज्ञात हो कि जयपुर से भरतपुर - आगरा मार्ग पर कुछ मिनिटों के निरंतर अंतराल पर बस हे लेकिन जयपुर से बसेड़ी मार्ग पर सुबह 6 बजे के बाद पूरे दिनभर मे एकमात्र बस दोपहर 12 बजे हे।जिनमे अत्यधिक यात्री भार के चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता हे। इधर बयाना से धौलपुर मार्ग पर सुबह 10 बजे के बाद शाम 4.30 पर बस हे। इस बस से बयाना से धौलपुर की कनेक्तवीति बढ़ेगी।




## सावन के तीसरे सोमवार को बाबा कमलेश्वर पर फूल बंगला झांकी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी 29 जुलाई – शहर में सावन मास में लगातार भोले के मंदिरों पर विशेष आयोजन देखने को मिल रहे हैं। सावन के तीसरे सोमवार को कल देर शाम शहर के कमलेश्वर महादेव मंदिर पर बाबा की विशेष फूल बंगला झांकी सजाई गई साथ में बाबा को छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया। ऐसे में शाम 8 बजे से जैसे ही बाबा की आरती शुरू हुई तो शहर के लोग सैकड़ो की संख्या उमड़ पड़े।कमलेश्वर महादेव मंदिर से जुड़े श्रद्धालु एडवोकेट रूपसिंह किलेदार ने बताया कि सावन के हर सोमवार को बाबा के विशेष श्रृंगार के साथ विशेष आयोजन किया जा रहा है।तीसरे सोमवार को मंदिर से जुड़े श्रद्धालुओं और युवाओं द्वारा बाबा की फूल बंगला झांकी सजाई गई। शिवलिंग को गुलाबों के फूलों से सजाया गया। वहीं बाबा की प्रसादी के लिए 56 भोग लगाए गए। आरती के दौरान शहर के महिला पुरुष और बच्चे,बुजुर्ग सैकड़ो की संख्या में उमड़ पड़े।जिन्होंने बाबा की विशेष झांकी के दर्शन किए और मनौती मांगी। इस दौरान आरती के बाद सभी को भोग प्रसादी का वितरण किया गया है। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट से जुड़े लाला यादव,दुष्यंत सिंह,धर्मेंद्र यादव,कालू यादव,अशोक यादव,महेश भटेले,बच्चू सिंह यादव,देव मीणा एवं अन्य मौजूद रहे।



## नागरिको के लिए बिजली विभाग ने लगाया एक दिवसीय शिविर 120 नए कनेक्शन के लिए फाइल हुई जमा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ।** शहर के धौलपुर रोड स्थित तिवरिया हनुमान मंदिर के पास स्थित सहायक अभियंता कार्यालय पर मंगलवार को बिजली विभाग द्वारा नए कनेक्शन के लिए फाइल लगाने, डीसी, पीडीसी एवं अन्य विवादित मामलों में समझौता करने और सोलर कनेक्शन के लिए आवेदन को लेकर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बारिश होने के बाबजूद शहर के नागरिक पहुंचे। जिन्होंने नए कनेक्शन की फाइल लगाने के साथ पुराने विवादित मामलों का निस्तारण कराया।डिस्कॉम के सहायक अभियंता आरडी मीणा ने बताया कि यह एक दिवसीय शिविर अधिशासी अभियंता गोविंद सिंह की अध्यक्षता में डिस्कॉम कार्यालय पर लगाया गया। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित इस शिविर में शहर और ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों ने भाग लिया। जिसमें नए विद्युत कनेक्शन के लिए 120 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बकाया राशि एवं डीसी और पीडीसी श्रेणी में जो बिजली कनेक्शन कटे हुए हैं साथ में बिल में सुधार को लेकर भी दर्जनों मामलों का निस्तारण किया गया है। जिसमें 10 लाख रुपए का राजस्व जमा कराया है और सोलर कनेक्शन के लिए एमवी सोलर्स और श्री कैलादेवी सोलर कंपनी के मार्फत 39 लोगो ने आवेदन किया हैं। कई उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत मीटर और विद्युत सप्लाई से जुड़ी समस्याएं भी अधिकारियों के सामने रखी हैं जिनका निस्तारण किया जा रहा है। शिविर के दौरान सिटी जेईएन जगदीश मीणा,ग्रामीण जेईएन कुलदीप शर्मा के साथ डिस्कॉम के कार्मिक मौजूद रहे।



## अग्निपथ योजना के सफल अभ्यर्थियों की रैली

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** सेना द्वारा ऑनलाइन भर्ती परीक्षा 30 जून से 10 जुलाई 2025 तक देश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित की गई। राजस्थान के सेना भर्ती कार्यालय अलवर के अन्तर्गत 6 जिलों अलवर, भरतपुर, डीग, धौलपुर, खैरथल तिजारा और कोटपुटली-बहरोड़ के उम्मीदवारों ने लिखित परीक्षा में हिस्सा लिया। अलवर भर्ती कार्यालय द्वारा 26 जुलाई को जारी परीक्षा परिणाम में लगभग 7 हजार 500 उम्मीदवार सफल रहे, जिनका एडमिट कार्ड रैली के लिये जारी कर दिया गया है। सभी सफल उम्मीदवारों को उनके ईमेल द्वारा सूचित किया जा चुका है।

सेना भर्ती कार्यालय अलवर के निदेशक कर्नल आलोक रंजन ने बताया कि राज्य में भर्ती अग्निपथ योजना के तहत शारीरिक शिक्षा मैदान आर आर कॉलेज अल्कापुरी अलवर में 5 से 22 अगस्त 2025 तक चलेगी। भर्ती में राजस्थान के 6 जिलों के उम्मीदवार हिस्सा लेंगे। इन उम्मीदवारों ने अपनी ऑनलाइन लिखित परीक्षा पास कर ली है।

रैली में दस्तावेजों के साथ पहुंचे अभ्यर्थी

उन्होंने बताया कि आयोजित रैली स्थल में प्रवेश सिर्फ रैली एडमिट कार्ड व जरूरी दस्तावेजों के साथ ही दिया जायेगा। सभी अभ्यर्थी समय पर अपना रैली एडमिट कार्ड डाउनलोड कर लें और रैली नोटिफिकेशन में बताए गए सभी दस्तावेज की मूल प्रतिलिपी, तीन प्रतिलिपि और स्वयं की नवीनतम 20 पासपोर्ट साइज की फोटो लेकर ही अभ्यर्थी रैली ग्राउंड पर आए। उन्होंने बताया कि सभी अभ्यर्थियों को आधार द्वारा लिंक मोबाईल फोन (स्मार्ट फोन) आवश्यक रूप से लेकर रैली ग्राउंड में निर्धारित समय पर पहुँचे और जिसमें मोबाईल डाटापैक होना चाहिये। उन्होंने सभी उम्मीदवारों को सलाह दी है कि वे दलाल, धोखाधडी करने वाले व्यक्ति से दूर रहे और नशीली दवाओं के प्रयोग से बचें।

### महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय का पंचम दीक्षान्त समारोह

# विश्वविद्यालय वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान द्वारा युवाओं में तार्किक एवं रचनात्मक क्षमता विकसित करें - राज्यपाल

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय् )** महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय का पंचम दीक्षान्त समारोह माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ किसनराव बागडे की अध्यक्षता में बीडीए ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। समारोह के विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा रहे।

राज्यपाल बाडगे ने कहा कि ज्ञान का परिदृश्य पूरे विश्व में तेजी से परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान के चलते विश्वभर में कुशल कामगारों की जरूरत और मांग बढेगी। युवाओं को तार्किक एवं रचनात्मक रूप से सोचते हुये विविध विषयों के बीच अर्न्तसंबंधों और बदलती परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में बौद्धिक क्षमता के आंकलन की सुव्यवस्थित पद्धति होनी चाहिए जिससे युवाओं के कौशल एवं ज्ञान का पारदर्शिता से आंकलन हो सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक बीज की भांति है जो निरंतर जीवन को निखारने का कार्य करती है। जिस प्रकार बीज एक पेड़ बनकर समाज को ऑक्सीजन, फल, फूल, छाया, ईंधन आदि देने का कार्य करता है उसी प्रकार शिक्षा प्राप्त करने वाले को भी अपनी ज्ञान का उपयोग समाज को प्रगति में करना चाहिये। शिक्षा का उद्देश्य जीविकोपार्जन तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि इसका उपयोग समाज को दिशा देने एवं उत्थान के लिए होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति एवं पुरातन शिक्षा पद्धति विश्वभर में अग्रणी रही है, उच्च शिक्षा के लिए गुरूकुल परम्परा शोध, अनुसंधान के साथ जीवन के सर्वांगीण विकास का आधार होती थी। उन्होंने कहा कि विश्व विद्यालयों में हमारी पुरातन संस्कृति एवं शिक्षा को संरक्षित करते हुए शोध कार्य को प्रोत्साहन मिले इस दिशा में कार्य करना चाहिए। अनुसंधान नये ज्ञान का सृजन करता है इसे समाज के उत्थान में काम लेकर युवा देश के विकास में भागीदार बनें।




उन्होंने विश्वविद्यालय के शिक्षाविदों को आव्हान किया कि शिक्षा को उन्मुक्त बनाकर अधिक से अधिक फैलाऐं, जितना विस्तार होगा युवाओं में उतना ही बौद्धिक क्षमता का विकास होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को हमारी संस्कृति एवं अनुसंधान पद्धति पर गर्व हो इसके लिए विश्वविद्यालयों को कार्य योजना बनाकर आगे बढने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि न्यूटन ने गुरूत्वाकर्षण का सिद्धांत 16 वीं सदी में दिया था जबकी भास्कराचार्य ने लीलावती ग्रंथ में काफी पहले ही सौरमंडल में गुरूत्वाकर्षण के बारे में बता दिया था। उन्होंने कहा कि जब विश्व में उच्च शिक्षा के लिए 6 विश्वविद्यालय हुआ करते थे उस समय भारत में दो विश्वविद्यालय नालंदा एवं तक्षशिला विद्यमान थे जिनमें विदेशी विद्यार्थी भी विद्या प्राप्त करने आते थे। उन्होंने कहा कि समारोह में बालिकाओं की संख्या अधिक है हर क्षेत्र में नारी शक्ति अपनी पहचान सिद्ध कर रही है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय ज्ञान का प्रकाश फैलाने वाले आलोक रहे हैं यहीं से ज्ञान का प्रकाश विद्यार्थियों के जरिये चहुंओर फैलता है। उन्होंने कहा कि आचार्य शास्त्रों के ज्ञान के सत्य को अपने विद्यार्थियों में संप्रेषित कर उन्हें बौद्धिक सामर्थ्य के साथ तैयार करें जिससे समाज को नई दिशा मिल सके। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह हमारी प्राचीन संस्कृति की ओर ले जाता है जब गुरूकुल में अध्येता शिक्षार्थी अध्ययन पूरा कर गृहस्थ में प्रवेश करते थे। इसी प्रकार दीक्षांत के बाद विद्यार्थी अपने शिक्षा का उपयोग समाज के विकास एवं उन्नति में लेकर देश-प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उच्च शिक्षा के विस्तार एवं नवीन शिक्षा पद्धति के अनुसार सुविधाऐं प्रदान करने के लिये संकल्पित है। उन्होंने उपाधियां एवं पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुये सफलताऐं और उपलब्धियों को समाज को लाभान्वित करने का आव्हान किया।

कुलगुरू प्रोफेसर त्रिभुवन शर्मा ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों के बारे में बताते हुये कहा कि भरतपुर, डीग एवं धौलपुर जिले के 171 कॉलेज जुडे हुये हैं। विश्वविद्यालय प्रगति के पथ पर बढते हुये नवीन संकाऐं निरन्तर शुरू कर रहे है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव चव्वन सिंह जौरवाल ने समारोह का संचालन करते हुये दीक्षार्थियों एवं अतिथियों को आभार व्यक्त किया।

**दीक्षांत समारोह**

दीक्षांत समारोह में चांसलर गोल्ड मेडल श्रुति जैन को, स्वर्ण पदक जगवंत राय बंसल मेडल स्वाति शर्मा को, श्रीमति सुफाल माला बंसल मेडल पायल को, हाकिम सिंह त्यागी मेडल प्रियंका सिंहोलिया को एवं देवरिशु चौहान को दिया गया। समारोह में 36 स्वर्ण पदक, 8 सिल्वर पदक प्रदान किये गये तथा 15 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई।

इस अवसर पर संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी, जिला कलक्टर कमर चौधरी, जिला कलक्टर डीग उत्सव कौशल, पुलिस अधीक्षक दिगंत आन्नद, आयुक्त बीडीए कनिष्क कटारिया, सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा, विश्वविद्यालय के डॉ. अरूण पाण्डे, डॉ. फरगट सिंह सभी डीन, प्रोफेसर उपस्थित रहे।

## उचित मूल्य दुकानों के लिए 31 जुलाई से करें आवेदन

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर, 29 जुलाई। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत जिले में नवसृजित, रिक्त उचित मूल्य दुकानों के लिए इच्छुक एवं पात्र व्यक्तियों से राजस्थान खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक पदार्थ के तहत प्राधिकार पत्र जारी किए जाने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। जिला कलक्टर रसद श्रीनिधि बी टी ने बताया कि जिला रसद कार्यालय जिला कलक्ट्रेट परिसर से सशुल्क आवेदन पत्र 31 जुलाई से प्राप्त किए जाकर जमा करवाने की अंतिम तिथि 20 अगस्त सायं 6 बजे तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करवाए जा सकेगें। उन्होंने बताया कि तहसील धौलपुर में वार्ड संख्या 22, 23, 24 शहरी धौलपुर महिला आरक्षित, वार्ड संख्या 9 शहर धौलपुर महिला आरक्षित, वार्ड संख्या 13, मांगरोल महिला आरक्षित, बरैठा, सादिकपुर, जलालपुर, खेरली, विनतीपुरा महिला आरक्षित, दूबरा, खेड़ा, नकटपुरा, नीमखेड़ा, लखेपुरा महिला आरक्षित एवं सोहा में, तहसील बाड़ी में धनौरा, सिंगोरई, गढ़ी सुक्खा एवं उमरेह महिला आरक्षित, तहसील राजाखेड़ा में वार्ड संख्या 23, नदौरा, बीच का पुरा, सिलावट, नागर, मरैना, सदापुर (जारह) महिला आरक्षित, सदापुर महिला आरक्षित, समौना, हथवारी महिला आरक्षित, नाहिला महिला आरक्षित, मरैना एवं महदपुरा में, तहसील बसेड़ी में सलेमपुर, एकटा, भारली महिला आरक्षित, एकटा (पत्तीपुरा), नगर पालिका बसेड़ी महिला आरक्षित, तहसील सैपऊ में मानपुर महिला आरक्षित, पिपहेरा, पिपहेरा, भदियाना, करीमपुर महिला आरक्षित, रजौराकलां एवं फूलपुर में तथा तहसील सरमथुरा में मदनपुर, गौलारी महिला आरक्षित, झिरी एवं नगर पालिका सरमथुरा में उचित मूल्य दुकानों के आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है।

यह रहेगी आवेदक की योग्यताएं एवं शर्ते

उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में होना चाहिए, जिस पर आवेदनकर्ता का रंगीन नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो तथा दो फोटो अलग से आवेदन के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्र केवल जिला रसद कार्यालय से जारी किए जाएगें। अन्य किसी स्थान टाईपिस्ट, नोटरी स्टोर से प्राप्त किए गए आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएगें। एक आवेदन पत्र का मूल्य 100 रूपये निर्धारित है जो जिला रसद अधिकारी कार्यालय के नाम से आवेदन पत्र प्राप्त करने से पूर्व ई-चालान के जरिए 1475-00-800-04-01 मद में जमा कराया जाकर आवेदन पत्र प्राप्त किए जा सकेगें।

उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र उचित मूल्य दुकान के लिए आवेदक उसी वार्ड का निवासी होना चाहिए जिस वार्ड में उपभोक्ताओं को राशन सामग्री वितरण करनी है। उचित मूल्य दुकान की अधिकारिता क्षेत्र में स्थित वार्डो में से किसी एक वार्ड का निवासी होना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र में उचित मूल्य दुकान के मामले में आवेदक उसी पंचायत के किसी भी ग्राम या वार्ड का निवासी होना आवश्यक है। जिस पंचायत में उचित मूल्य दुकान स्थित है। एक से अधिक योग्य आवेदन पत्रों के प्राप्त होने के स्थिति में वरीयता उसी वार्ड के निवासी को दी जाएगी जिसमें उचित मूल्य की दुकान स्थित है। उचित मूल्य दुकान के लिए सभी श्रेणी के आवेदकों की आयु 21 वर्ष से 45 वर्ष तक होना चाहिए अर्थात आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि को आवेदक की आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में जिला रसद अधिकारी कार्यालय कलक्ट्रेट परिसर में जाकर सम्पर्क किया जा सकता है।

## धौलपुर ने दिखाया दम, संपूर्णता अभियान में चार संकेतकों की संतृप्ति पर कांस्य पदक से सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर।** राज्य के आशान्वित जिलों में शुमार धौलपुर ने एक बार फिर विकास की मुख्यधारा में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई है। नीति आयोग द्वारा देशभर में संचालित संपूर्णता अभियान के अंतर्गत राज्य स्तरीय समारोह में जिले को चार प्रमुख संकेतकों की संतृप्ति पर कांस्य पदक और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जिले के बसेड़ी ब्लॉक को भी तीन संकेतकों की संतृप्ति के लिए ताम्र पदक से नवाजा गया।यह सम्मान मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा राजधानी जयपुर स्थित एचसीएम रीपा के भगवंत सिंह मेहता सभागार में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। धौलपुर की ओर से यह पुरस्कार जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी के प्रतिनिधि ने ग्रहण किया।

## रैली स्थल में रैली एडमिट कार्ड वालों को ही मिलेगा प्रवेश

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर।** सेना द्वारा ऑनलाइन भर्ती परीक्षा 30 जून से 10 जुलाई तक देश के विभित्र हिस्सों में आयोजित की गई। राजस्थान के सेना भर्ती कार्यालय अलवर के अन्तर्गत 6 जिलों अलवर, भरतपुर, डीग, धौलपुर, खैरथल-तिजारा और कोटपुटली-बहरोड़ के उम्मीदवारां ने लिखित परीक्षा में हिस्सा लिया। इसका परिणाम 26 जुलाई को जारी कर दिया गया है। परिणामों पर नजर डाले तो लगभग साढ़े सात हजार उम्मीदवार अलवर भर्ती कार्यालय से सफल रहे जिनका एडमिट कार्ड रैली के लिये जारी कर दिया गया है।राजस्थान राज्य में भर्ती अग्रिपथ योजना के तहत शरीरिक शिक्षा मैदान आरआर कॉलेज, अल्कापुरी, अलवर में 5 अगस्त से जारी होकर 22 अगस्त तक चलेगी। इस भर्ती में राजस्थान के 6 जिलों अलवर, भरतपुर, डीग, धौलपुर, खैरथल-तिजारा और कोटपुटली-बहरोड़ के उम्मीदवार हिस्सा लेंगे। इन उम्मीदवारों ने अपनी ऑनलाइन लिखित परीक्षा पास कर ली है। रैली स्थल में प्रवेश सिर्फ रैली एडमिट कार्ड व जरूरी दस्तावेजों के साथ ही दिया जायेगा। सभी उम्मीदवारों को यह सूचित किया जाती है कि दिये गए दिवसों को भर्ती रैली में हाजिर होकर ज्यादा से ज्यादा सफल उम्मीदवारी का रिकॉर्ड बनायें।सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वह समय पर अपना रैली एडमिट कार्ड डाउनलोड कर लें और रैली नोटिफिकेशन में बताए गए सभी दस्तावेज की मूल प्रतिलिपि, तीन प्रतिलिपि और स्वयं की नवीनतम 20 पासपोर्ट साइज की फोटो लेकर ही अभ्यर्थी रैली ग्राउंड पर आए।

## शहर में निकली हिन्दू जागरण यात्रा,जगह जगह संतों और यात्रा का स्वागत

### सनातन धर्म की रक्षा और जागरूकता बढ़ाने को लेकर संतो का जिला भृमण

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी 29 जुलाई – शहर में सनातन धर्म हिंदू जागरण यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा राजराजेश्वरी केला माता मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी। जिसमें संतों का सानिध्य देख लोग भी उनको प्रणाम कर यात्रा से जुड़ते चले गए। हिंदू जागरण मंच के तहत आयोजित हो रही यह यात्रा पूरे जिले में भ्रमण करेगी। सोमवार 28 जुलाई को यह यात्रा सरमथुरा के महाकालेश्वर मंदिर से प्रारंभ हुई है। जो 31 जुलाई को धौलपुर के चौपड़ा महादेव मंदिर पर जाकर संपन्न होगी।

हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अंजनी पाराशर ने बताया कि यह यात्रा सनातन धर्म को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाने और सावन मास में बाबा भोलेनाथ की विशेष पूजा को लेकर दिगंबर संत राजू गिरी महाराज के सानिध्य में आयोजित की जा रही है। जिसमे विभिन्न आश्रमों से आया संत समाज भी शामिल है।



सोमवार को महाकालेश्वर बाबा मंदिर सरमथुरा से यात्रा शुरू हुई है। जिसका भूतेश्वर महादेव पर विश्राम कराया गया। आज यह यात्रा बसेड़ी होते हुए सैपऊ पहुचेगी। 30 जुलाई को सैपऊ से मनिया और राजाखेड़ा का भृमण करेगी। 31 जुलाई को धौलपुर शहर के भ्रमण और संत समाज की संबोधन के साथ चोपड़ा महादेव मंदिर पर इसका समापन किया जाएगा।

यात्रा के दौरान भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा को डोले पर सजाया गया। जिसमें आगे-आगे संत समाज और पीछे हिंदू जागरण मंच के साथ हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी और शहर के नागरिक यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान शहर के लोगों ने पुष्प वर्षा का यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान

धौलपुर जिले के विख्यात संत पागल बाबा,महिला सुरक्षा एवं सम्मान के जिला प्रभारी डॉ अशोक शर्मा,जिला संरक्षक चिम्मन दास महाराज,जिला संपर्क आयाम प्रमुख बद्री प्रसाद शर्मा,सूचना प्रभारी मनोज कुमार,बाड़ी नगर संयोजक धीरज पाठक,युवा आयाम प्रमुख यश पाराशर, अग्रवाल समाज अध्यक्ष राधेश्याम गर्ग,पूर्व अध्यक्ष मुन्ना लाल मंगल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 25 हजार का इनामी रेप का आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर।** धौलपुर पुलिस ने बलात्कार के मामले में वांछित 25 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले दो साल से फरार था और अपनी पहचान छिपाकर महाराष्ट्र, गाजियाबाद, नोएडा और गुड़गांव में रह रहा था।पुलिस अधीक्षक धौलपुर विकास सांगवान के निर्देशन में महिला थाना प्रभारी सहीराम के नेतृत्व में साइबर सेल प्रभारी नरेंद्र चौधरी ने यह कार्रवाई की गई। आरोपी को आगरा से पकड़ा गया।मामला 31 मार्च 2023 का है जब एक महिला ने दीपेश तोमर के खिलाफ बलात्कार की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।



# तालाबशाही बांध पर धमा-चौकड़ी करते सात युवा गिरफ़्तार

### हादसों को देखते हुए उपखंड प्रशासन ने की है एडवायजरी जारी, नहीं जाये बांध और रपट पर

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी 29 जुलाई – सावन महीने में लगातार हो रही बारिश और भारी बारिश से क्षेत्र के लबालब बांधो पर घूमने जाने वाले युवाओं को हादसों से रोकने के लिए उपखण्ड प्रशासन द्वारा ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के नागरिकों के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की गई है। वही पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए है कि बांधो के किनारे और रपट पर युवाओं को धमा-चौकड़ी करने से रोका जाए। जिससे कोई हादसा घटित न हो। ऐसे में सदर थाना पुलिस ने सोमवार की शाम कार्रवाही करते हुए तालाबशाही बांध किनारे नहाते ओर धमा-चौकड़ी करते 07 युवकों को गिरफ्तार किया। जिनके खिलाफ शांतिभंग की धाराओं में कार्रवाही की है।

सदर थाना अधिकारी विनोद कुमार ने बताया उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी ने विशेष निर्देश जारी किए हैं कि बांध किनारे किसी भी प्रकार से कोई हादसा ना हो इसको लेकर लोगों को बांधो पर जाने से रोका जाए। जिसके लिए मौके पर मौजूद पुलिस जवान समझाइश कर रहे है लेकिन फिर भी युवा युवा चोर रास्तों से बांधो पर पहुच सेल्फी लेने और नहाने से नही मान रहे। ऐसे में सोमवार की शाम तालाबशाही बांध के चांदनी चौक पर नहाते हुए 07 युवक गिरफ्तार किये है।



एसडीएम भगवत शरण त्यागी ने बताया कि वर्तमान में उपखंड सहित जिलेभर में अत्यधिक वर्षा हो रही है। ऐसे में जनहानि व पशुहानि को रोकने के लिए नदी,तालाब,नालो से लोगो को दूर रहने की सलाह दी गई है। इसके बावजूद भी। लोग नहीं मान रहे है। पानी के समीप जाकर पिकनिक मनाने,घूमने,एवं सेल्फी लेने वालों के विरुद्ध अब सख्त कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए है।


**सदर पुलिस ने पकड़े 07 युवक**

तालाबशाही बांध के चांदनी चौक पर पानी में सेल्फी लेते और नहाते हुए 07 युवक सदर पुलिस ने गिरफ्तार किए हैं।जिनमें दिलीप पुत्र नरेश स्टेशन रोड बाड़ी,पंकज पुत्र रामेश्वर सैया जिला आगरा,रामलखन पुत्र फूलसिंह तांतपुर जिला आगरा,सोनू पुत्र रामकिशन धनोरा रोड बाड़ी,सूरज पुत्र रामेश्वर कांसौटी खेड़ा बाड़ी,राकेश पुत्र भगवान दास कांसौटी खेड़ा बाड़ी और धर्मसिंह पुत्र मुकेश सैया जिला आगरा शामिल है।

# हजरत दीवाना शाह के 84वें उर्स के दौरान कपासन में 9 एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव होगा

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. के तीन दिवसीय 84वें उर्स के अवसर पर आगंतुक जायरीनों एवं यात्रियों हेतु 1 से 3 अगस्त तक 9 एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव होगा। दरगाह वक्फ कमेटी कपासन के सैक्रेट्री मोहम्मद अब्बास अशरफी ने बताया कि वक्फ कमेटी के अनुरोध एवं चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी. जोशी की अनुशंसा पर रेलवे विभाग द्वारा तीन दिवसीय उर्स दौरान उक्त तीन एक्सप्रेस ट्रेनो का ठहराव दो मिनट के लिए किया जायेगा।जिसमे गाड़ी संख्या 19665 एवं खजुराहो-उदयपुर सिटी रेलसेवा जो दिनांक 31 जुलाई से 2 अगस्त तक खजुराहो से प्रस्थान कर कपासन रेलवे स्टेशन पर 4.51 बजे आगमन व 4.53 बजे प्रस्थान करेगी।साथ ही गाड़ी संख्या 19666, उदयपुर सिटी-खजुराहो रेलसेवा जो 1 से 3 अगस्त तक उदयपुर सिटी से प्रस्थान कर कपासन रेलवे स्टेशन पर 23.22 बजे आगमन व 23.24 बजे प्रस्थान करेगी।गाड़ी संख्या 22901,बान्द्रा टर्मिनस-उदयपुर सिटी रेलसेवा जो 31 जुलाई एवं 2 अगस्त को बान्द्रा टर्मिनस से प्रस्थान कर कपासन स्टेशन पर 12.51 बजे आगमन कर 12.53 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 22902,उदयपुर सिटी-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा जो 1 एवं 3 अगस्त को उदयपुर सिटी से प्रस्थान कर कपासन आगमन 22.19 व 22.21 बजे प्रस्थान करेगी।गाड़ी संख्या 12315,कोलकाता-उदयपुर सिटी रेलसेवा जो 31 जुलाई को कोलकाता से प्रस्थान कर कपासन स्टेशन पर 22.43 बजे आगमन व 22.45 बजे प्रस्थान करेगी।गाड़ी संख्या 20971 उदयपुर सिटी-शालीमार रेलसेवा जो 2 अगस्त उदयपुर सिटी से प्रस्थान कर कपासन 2.18 पर आगमन व 2.20 बजे प्रस्थान करेगी।गाड़ी संख्या 19616 कामाख्या-उदयपुर सिटी रेलसेवा जो 31जुलाई को कामाख्या से प्रस्थान कर कपासन स्टेशन 21.55 पर आगमन व 21.57 बजे प्रस्थान करेगी।गाड़ी संख्या 12981 जयपुर-असारवा रेलसेवा जो 31 जुलाई से 2 अगस्त तक जयपुर से प्रस्थान कर कपासन स्टेशन पर 2.02 बजे आगमन व 2.04 बजे प्रस्थान करेगी।गाड़ी संख्या 12982 असारवा-जयपुर रेलसेवा जो 31 जुलाई से 2 अगस्त तक असारवा से प्रस्थान कर कपासन 1.34 बजे आगमन व 1.36 बजे प्रस्थान करेगी।



## पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी संघ कपासन ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** पंचायती राज मंत्रालयिक संवर्ग द्वारा अपनी वाजिब मांगों पर प्राकृतिक न्याय दिलाने तथा संवर्ग के विरूद्ध दमनात्मक कार्यवाही बन्द कराने की मांग को लेकर मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर को ज्ञापन सौंपा गया। ब्लॉक अध्यक्ष माधवलाल नायक ने बताया कि पंचायती राज मंत्रालयिक कार्मिकों की व्यथा यह है कि उन्हे अपने ही संवर्ग के अन्य विभागों के मुकाबले पदो का आवंटन नही करने से उनके पदोन्नती के अवसर व्यर्थ जा रहे है।जब भी हमारी मांग पर सरकार द्वारा सार्थक गतिविधियों का संचालन होते ही पंचायती राज के अन्य अधिनस्थ संवर्ग द्वारा अनैतिक हथकण्डे अपनाकर,झुठी एवं निराधार शिकायते कर पत्रावलिया एवं सार्थक गतिविधियों को दबा दिया जाता है। पंचायत समिति कपासन के सहायक प्रशासनिक अधिकारी कैलाशचंद्र गर्ग ने बताया कि कनिष्ठ लिपिक भर्ती 2013 के मंत्रालयिक कार्मिकों पर दस्तावेज जांच के नाम पर दमनात्मक कार्यवाही अधिनस्थ संवर्ग विशेष द्वारा राज्य स्तर पर बार-बार झुठी एवं निराधार शिकायते की जा रही है।ग्राम पंचायतों में कनिष्ठ सहायकों का जॉब चाट जारी कराने,भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने हेतु सिंगल ओटीपी व्यवस्था समाप्त कर मेकर-चेकर-अप्रुवर की व्यवस्था की जाने तथा स्टेट पेरोटी मेन्टेन कराने की मांग करते हुवे विधायक अर्जुनलाल जीनगर को सापेक्ष कार्यवाही कराने हेतु ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन दौरान आशीष शर्मा,सन्तोष गुप्ता,लोकेश गौड़,गायत्री बैरागी,ललिता शर्मा,बाबूलाल शर्मा, किशनलाल जाट,बृजेश जैसवाल,प्रकाश गर्ग, कैलाशचंद्र जाट आदि मंत्रालयिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लायंस क्लब कपासन ने गौसेवा एवं पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर क्षैत्र में लायंस क्लब के संयोजन में मंगलवार को जीव दया एवं पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत गौसेवा एवं पौधे लगाकर जन जन को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। जानकारी अनुसार नगर क्षैत्र में लायंस क्लब कपासन के संयोजन में जीव दया एवं पोधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के धमाणा मार्ग स्थित ब्राह्मणी माता गौशाला एवं नानेश रामेश गौशाला में गौमाता को हरा चारा खिलाकर गौसेवा की गयी।साथ ही लायंस क्लब कपासन के पदाधिकारियों द्वारा जाशमा मार्ग स्थित नई नानेश रामेश गौशाला में नीम,सहजन एवं शहतूत आदि के पौधे लगाकर जन जन को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में लायन अध्यक्ष मधु कोठारी,सचिव मंजुला सोमानी,गायत्री देवी सोमानी,रामप्रकाश सोमानी,अनिल बजाज, नवीनकमल न्याति,बालेंद्र कोठारी एवं राकेश सोमानी द्वारा उपस्थिति के साथ सहयोग प्रदान किया गया।

## नगर निगम द्वारा जर्जर एवं खतरनाक भवनों पर कार्यवाही जारी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा ) ।** नगर निगम द्वारा शहर में स्थित जर्जर एवं खतरनाक भवनों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम में पूर स्थित एक भवन जो जर्जर होकर आमजन को नुकसान पहुंचा सकता था उसे गिराने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है एवं 15 जर्जर भवन मालिकों को नोटिस जारी किया गया है। आयुक्त हेमाराम चौधरी ने बताया कि शहर में जर्जर भवनों से आम जनता को कोई नुकसान नहीं पहुंचे, इस हेतू नगर निगम द्वारा लगातार कार्यवाही की जाएगी।

## खनन प्रभावित क्षेत्रों के श्रमिकों व परिजनों की टीबी एवं सिलिकोसिस जांच के लिए कैम्पों का आयोजन 1 अगस्त से

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** चिकित्सा विभाग द्वारा अगस्त माह में सिलिकोसिस रोग की रोकथाम व जांच हेतु जिले के विभिन्न ब्लॉकों में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ये शिविर जिला मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट के सहयोग से संचालित सिलिकोसिस एमएमयू वेन आरजे 06 पीए 6606 के माध्यम से लगाए जाएंगे, जिनमें श्रमिकों और उनके परिजनों की स्क्रीनिंग, जांच, परामर्श व जागरूकता की सेवाएं नि:शुल्क उपलब्ध होंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सीपी गोस्वामी ने बताया कि जिले में खनन प्रभावित क्षेत्रों में श्रमिकों एवं उनके परिजनों को अपने निवास स्थल व कार्यस्थल के नजदीक ही टीबी एवं सिलिकोसिस की जांच सुविधा का लाभ देने के उद्देश्य से सिलिकोसिस वेन के माध्यम से अगस्त माह में विशेष शिविरों की शुरुआत की जा रही है। डॉ. गोस्वामी ने सभी संबंधित अधिकारियों को शिविरों में अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने और अधिक से अधिक श्रमिकों तक प्रचार-प्रसार कर शिविर का लाभ दिलवाने के निर्देश दिए हैं।

## विद्या भारती शोध परिषद की जिला बैठक संपन्न

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** विद्या भारती शोध परिषद की जिला बैठक मंगलवार को विद्या भारती विद्यालय आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुई। जिसमें संस्थान द्वारा जिले में संचालित विद्यालयों के शोध विषय प्रमुखों ने भाग लिया। विद्या भारती के जिला सचिव उदय प्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की बैठक में जिला शोध प्रमुख राजेंद्र कुमार निर्मल उपस्थित रहे।इस अवसर पर उन्होंने बताया की विद्या भारती शोध समिति का लक्ष्य विद्या भारती के विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना एवं शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देना है। विद्यालय अभिभावक एवं छात्रों समस्याओं को पहचान कर उनका अपने प्रयासों से समाधान ही क्रियात्मक शोध है।सभी विद्यालय शोध संयोजकों ने शिक्षा के क्षेत्र में वर्तमान समस्या का चयन कर उस विषय पर शोध कार्य को करने का निर्णय लिया गया। तथा अभिभावक एवं छात्रों के प्रशिक्षण की आगामी कार्य योजना पर विचार विमर्श किया। अंत में झालावाड़ जिले के पिपलोदी स्कूल में हुए हादसे में मृतक छात्रों को 2 मिनट का मौन रखकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। आभार एवं शांति मंत्र के साथ बैठक का समापन हुआ। यह जानकारी विद्या भारती के जिला प्रचार प्रमुख संजय बांगड़ द्वारा दी गई।

## नरेश मीणा के बयान पर गुर्जर समाज का विरोध प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** नरेश मीणा के कथित अमर्यादित बयान के खिलाफ मंगलवार को गुर्जर समाज के लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। समाज के सैकड़ों लोगों ने रैली निकालकर जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और नरेश मीणा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।



### वीडियो वायरल, भावनाएं आहत

गुर्जर समाज के प्रमुख नेता ओम धगाल ने बताया कि नरेश मीणा द्वारा सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल किया गया, जिसमें उन्होंने गुर्जर समाज के लोगों के खिलाफ अमर्यादित और भड़काऊ भाषा का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि इस वीडियो ने समाज की भावनाओं को गहराई से आहत किया है, और इससे सामाजिक समरसता को ठेस पहुंची है।

### लोकतंत्र में सबको है अधिकार

गुर्जर नेता ओम धगाल ने दो टूक कहा कि लोकतंत्र में हर नागरिक को अपने मत का प्रयोग करने की आज़ादी है। किसी भी व्यक्ति विशेष को किसी समाज या समुदाय को टारगेट करने या टिप्पणी करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

### प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

*प्रदर्शन के बाद समाज के प्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा, जिसमें नरेश मीणा के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि इस प्रकार के भड़काऊ और समाज को बांटने वाले बयानों को किसी भी हाल में सहन नहीं किया जाएगा।*

### माफी की मांग, नहीं तो उग्र आंदोलन की चेतावनी

गुर्जर समाज ने मांग की है कि नरेश मीणा अपने बयान को सार्वजनिक मंच से वापस लें और पूरे समाज से माफी मांगे। समाज के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि यह माफी जल्द नहीं मांगी जाती, तो गुर्जर समाज प्रदेश भर में उग्र आंदोलन करेगा।

## श्री कालाजी बावजी मंदिर में नागपंचमी पर्व पर अभिषेक कर किया अनुष्ठान, बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालु



**चित्तौड़गढ़( नि.स. )।** बोजुंदा पॉलिटेक्निक कॉलेज के निकट स्थित श्री कालाजी बावजी मंदिर में नागपंचमी पर्व पर अभिषेक एवं अनुष्ठान मंगलवार को किया गया। अभिषेक के पश्चात भक्तजनों ने पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। सभी श्रद्धालुओ को खीर प्रसाद वितरीत की गई उक्त जानकारी देते हुए पुजारी बाबूलाल जटिया ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नाग पंचमी पर्व पर श्री शेषावतार व नागदेवता का विशेष अभिषेक कर अनुष्ठान किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंच कर दर्शन किए वह पूजा अर्चना का विशेष आशीर्वाद प्राप्त किया। बाद में सभी भक्त श्रद्धालुओं को खीर प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालूओं ने शेषावतार जी, श्री काल भैरव जी, मां कालीका, दुर्गा, और शिव परिवार मंदिर में दर्शन पूजन का लाभ लिया और भक्ति मय माहौल में झूमते रहे। अभिषेक पूजा में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं ने सफेद धोती - कुर्ता, पजामा धारण करके सेवा लाभ उठाया। ऐसी मान्यता है कि नाग पंचमी पर्व पर अभिषेक में शामिल होने मात्र से ही कालसर्प दोष व अन्य दोष दूर हो जाते हैं। उल्लेखनीय कि श्री काला जी बावजी मंदिर स्थल पर श्री शेषावतार, श्री काल भैरव जी, कालिका मां, अंबे माता व शिव परिवार के मंदिर भी स्थित है। यहां श्रावण मास में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शनार्थ पहुंच रहे हैं।

## शिव महापुराण कथा का भव्य शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे में स्थित प्राचीन वनेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में मंगलवार से संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। यह दिव्य कथा 4 अगस्त तक प्रतिदिन भक्तिभाव से संपन्न होगी। कथा वाचन का पावन कार्य आचार्य दुर्गेश कृष्ण तिवारी द्वारा किया जा रहा है, जो अपने भावपूर्ण और ज्ञानवर्धक प्रवचनों के लिए प्रसिद्ध हैं।कथा आरंभ से पूर्व एक भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा कस्बे के नर्वेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कथा स्थल वनेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा के दौरान गायरी चन्देल परिवार, जो कथा के आयोजक हैं, के सदस्य सिर पर पवित्र श्री शिवपुराण ग्रंथ धारण किए हुए आगे-आगे चल रहे थे। महिलाओं ने कलश सिर पर धारण कर भक्ति भाव से जयघोष करते हुए भाग लिया। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा और भजन-कीर्तन के माध्यम से यात्रा का स्वागत किया।कस्बे के विभिन्न स्थानों पर भक्तों द्वारा शिवपुराण की पूजा-अर्चना कर कलश यात्रा का अभिनंदन किया गया। पूरा वातावरण हर हर महादेव और बोल बम के जयकारों से गूंज उठा। डोल-नगाड़ों और शंखनाद से माहौल अत्यंत श्रद्धामय बन गया।आयोजन स्थल को भव्य रूप से सजाया गया है। श्रद्धालुओं के बैठने व प्रसाद वितरण की उत्तम व्यवस्था की गई है।

## कपासन के अंबेश भवन में प्रथम बार भिक्षु दया कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ कपासन के तत्वावधान में प्रथम बार नगर में भिक्षु दया कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमे 61 श्राविकाओ द्वारा एक दिवस हेतु साध्वी के नियमों का पालन किया तथा साध्वी रूप धारण कर घर-घर जाकर गोचरी ग्रहण की गयी। यहां नगर कपासन में स्थित अंबेश सौभाग्य स्वाध्याय भवन में महासाध्वी कंचन कुंवर, सुलोचना एवं सुलक्षणा के सानिध्य में भिक्षु दया हम भी करते हैं।एक दिन साधु वेश धारण कार्यक्रम का प्रथम बार आयोजन किया गया। इस अवसर पर कम से कम पांच सामायिक करने का लक्ष्य रखा गया। श्रमण संघ कपासन अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में महिला वर्ग द्वारा सफेद व हल्के गुलाबी रंग के आकर्षक वस्त्र एवं ओगा के साथ प्लास्टिक के टिप्पन में अलग-अलग घरों से गोचरी ग्रहण की गयी।इस दौरान श्राविकाओं द्वारा जैन साधु साध्वी की तरह धोवन जल से हाथ धोकर एक साथ बैठकर गोचरी की तथा साध्वी जीवन के पूर्ण नियमों का पालन किया गया। इस मौके पर प्रियंका दुग्गड़, पूर्व नगर पालिका कपासन पार्षद सुनीता सांवला, कुसुम ढीलीवाल, रेखा सांवला, नीलम दुग्गड़, चंद्रकिरण चंडालिया, अंगूरबाला सिरोया द्वारा पूर्ण साध्वी वेश धारण किया गया। साथ ही साध्वीयो द्वारा प्रवचन में कहा गया कि भिक्षु दया एक दिवस का अनुभव जीवन में बड़ा एवं नवीन परिवर्तन ला सकता है। यहां कार्यक्रम के दौरान सुबह 9 से 9.30 बजे तक धर्म सभा में घंटाघर कर्ण महावीर का जाप किया गया।



## भीलवाड़ा में मेडिटेशन फॉर द नेशन अभियान को सफल बनाने के लिए बैठक संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली और नालसा के निर्देशानुसार 1 जुलाई 2025 से 90 दिवसीय मेडिटेशन फॉर द नेशन अभियान का शुभारंभ किया गया है। इसी कड़ी में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा के अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश श्री अभय जैन ने मुख्यालय के सीजेएम स्तर के न्यायिक अधिकारियों एवं तालुका स्तर के सभी न्यायिक अधिकारियों के साथ ऑनलाइन वीसी के माध्यम से बैठक का आयोजन किया। बैठक के दौरान अभियान को सफल बनाने हेतु विस्तार से चर्चा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। श्री अभय जैन ने सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र में राजीनामा योग्य मामलों की पहचान करें, उनमें उपयुक्त मध्यस्थ नियुक्त करें और अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों को मध्यस्थता के माध्यम से समाधान हेतु प्रेरित करें, ताकि अधिकाधिक विवाद आपसी सहमति से समाप्त किए जा सकें। बैठक की शुरुआत में प्राधिकरण के सचिव श्री विशाल भार्गव ने अब तक न्यायालयों द्वारा अभियान की सफलता हेतु किए जा रहे प्रयासों एवं तैयारियों की जानकारी अध्यक्ष महोदय को दी। न्यायाधीश श्री अभय जैन ने सभी अधिकारियों से अभियान के दौरान मध्यस्थता के लिए अधिकाधिक मामलों का चयन कर शांतिपूर्वक समाधान सुनिश्चित करने का



आह्वान किया, जिससे न्याय व्यवस्था में विश्वास एवं त्वरित न्याय प्रक्रिया को बढ़ावा मिल सके। इस बैठक में सभी अधिकारियों ने अपने विचार एवं सुझाव साझा किए और अभियान की सफलता के लिए हरसंभव प्रयास करने का संकल्प लिया।

दैनिक
बढ़ता राजस्थान www.badhatarajasthan.in
RNI NO. RAJHIN/2010/35060



"पैसों से मिली खुशी कुछ समय लिए रहती है, लेकिन अपनों से मिली खुशी जीवन भर साथ रहती है।"
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# जयपुर में तेज बारिश से दीवार गिरी,सड़कों पर हुए गड्ढे

## घर के बाहर जमा हुए पानी के कारण लोग सो नहीं सके, पूरे शहर में दिखे खराब हालात

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** जयपुर में सोमवार शाम हुई बारिश ने शहर की पोल खोलकर रख दी। कुछ ही घंटों में 4 इंच पानी बरसा। सड़कें पानी से लबालब हो गईं। रुक-रुककर बूंदाबांदी का दौर देर रात तक चलता रहा ।बारिश के बाद मंगलवार सुबह सड़कों की हालत खराब दिखी। लोग जगह-जगह हुए गड्ढों और जलभराव की समस्या से परेशान दिखे। कॉलोनियों में कीचड़ फैल गया है। सड़कें धंस गईं ।बावड़ी की दीवार गिर गई। शहर की मुख्य सड़कों और कॉलोनियों में दुकानदार अपनी दुकानों की सफाई करते नजर आए। हालात- बारिश में दीवार गिरी

ब्रह्मपुरी में गोलीमार सदन स्थित सीताराम गली में बीती रात हुई बारिश के बाद घरों के बाहर पानी भरा रहा। यहां बारिश के कारण बावड़ी की दीवार गिर गई। स्थानीय निवासी विकास शर्मा ने बताया- यहां स्थित बावड़ी 50-60 साल पुरानी है। इसमें कभी इतना पानी नहीं भरता था। पिछले साल ही इसकी सफाई हुई है। इसमें जो भी कचरा था। वह प्रशासन ने बाहर निकला दिया था। इसके बाद इसमें नाले चालू हो गए। पानी इसमें बहने लग गया।

सोमवार को तेज बारिश के बाद यह दीवार गिर गई। हमारी गली 3 फीट की है। घर के बाहर मंगलवार को भी पानी बह रहा है। हम पूरी रात सोए भी नहीं हैं। हमने रात को खाना भी नहीं खाया। घरों की नींव में पानी जा रहा है। जब तक इस बावड़ी में आने वाले घरों के नाले बंद नहीं होते, तब तक हमारे घरों में यह समस्या रहेगी। प्रशासन की ओर से काफी धीमी रफ्तार में काम किया जा रहा है। कल रात को भी एक पंप से पानी निकालने का काम किया गया। जिसे बाद में रोक दिया और आज भी एक पंप से ही से पानी निकाल गया।

हालात - सड़क किनारे से धंसी, कवर करने के लिए लगाए सिर्फ पत्थर

झालाना इलाके में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (ऋहुष्ट) की



ओर जाने वाली सड़क पर बीते रात बारिश के बाद बड़ा गड्ढा हो गया। इस गड्ढे के किनारे पर प्रशासन की ओर से पत्थर लगाए गए हैं। वही, एक तरफ बैरिकेडिंग की गई है। यहां से जा रहे वाहन चालक चेतन वर्मा ने बताया- शहर भर में इस तरह के गड्ढे बने हुए हैं। उन पर सिर्फ बैरिकेडिंग लगाने की कार्रवाई की जा रही है।

शहर में सड़कों पर चलना किसी मुसीबत से कम नहीं। जाने कब हादसा हो जाए। झालाना से इस रूट पर निकलने वाले वाहन तेजी से निकलते हैं। गलती से कोई वाहन इसके पास से भी निकला तो सड़क के धंसने की आशंका भी है।

लोकेशन 3- सहकार मार्ग, परिवहन विभाग के सामने

हालात- सड़क धंसी, आज ही सुधारने का काम शुरू

जयपुर में बीती रात तेज बारिश के बाद सहकार मार्ग स्थित परिवहन विभाग ऑफिस के पास सड़क धंस गई। पहले एक छोटे हिस्से की सड़क धंसी। फिर लंबी दूरी तक एक हिस्सा धंस गया। यहां सड़क को सही करने के लिए मंगलवार सुबह विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। सड़क दुरुस्त करने के लिए निर्देश दिए। इसके बाद गड्ढे को भरकर सड़क को सही करने का काम शुरू हुआ है।

हालात- सड़क पर बड़ा गड्ढा हुआ

रामगंज से घाटगेट की ओर जाने वाले रास्ते पर बारिश के कारण बीती रात सड़क पर गड्ढा हो गया। इसके बाद स्थानीय पुलिस ने गड्ढे के ऊपर बैरिकेड्स लगा दिए। स्थानीय निवासी रफीक ने बताया- अधिकारियों ने इस गड्ढे के बारे में जानकारी भी नहीं ली। फिलहाल पुलिस ने गड्ढे को ढक दिया है ।बैरिकेड लगाने के कारण यहां ट्रैफिक जाम की स्थिति हो रही है। रामगंज से घाटगेट जाने वाले रास्ते की चौड़ाई कम है। ऐसे में बैरिकेड लगाने के कारण वाहनों को यहां से निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।


लोकेशन 5- भूरिया की प्याऊ, घाटगेट

हालात- सड़कें टूटी, बारिश के पानी के साथ सड़क पर सीवरेज का पानी

घाटगेट क्षेत्र में ही भूरिया की प्याऊ पर भी सड़कें टूटी नजर आईं। सड़क पर हुए गड्ढों में पानी भरा रहा। स्थानीय निवासी गफूर ने बताया- कुछ समय पहले यहां कुछ घरों के लिए सीवरेज का काम किया गया था। घरों में सीवरेज लाइन जोड़ने के लिए सड़क खोदी गई थी ।इसके बाद से ही यह रोड आए दिन टूटती रहती है। बारिश में सीवरेज का पानी भी सड़क पर जमा रहता है। इससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी होती है। वहीं, टूटी सड़क होने से आए दिन दोपहिया वाहन चालक गिर जाते हैं।

# चीन में बच्चा पैदा करने पर 1.30 लाख देगी सरकार

## वन चाइल्ड पॉलिसी की वजह से 7 साल में जन्मदर आधी हुई, 21 प्रतिशत आबादी बुजुर्ग



बढ़ता राजस्थान

**बीजिंग ( एजेंसी )।** चीन में बच्चा पैदा करने पर सरकार ने माता-पिता को 1.30 लाख रुपए देने का फैसला किया है। सरकार ने यह कदम जन्मदर में लगातार हो रही कमी को लेकर उठाया है ।चाइना डेली की रिपोर्ट के मुताबिक बच्चे के जन्म के बाद सरकार लगातार 3 साल तक माता-पिता को सालाना 3600 युआन (करीब 44,000 रुपए) देगी। चीन की 21प्रतिशत आबादी की उम्र 60 साल से ज्यादा है। चीन ने करीब एक दशक पहले अपनी विवादास्पद वन चाइल्ड पॉलिसी खत्म कर दी थी, लेकिन इसके बावजूद जन्म दर कम होती जा रही है ।दुनिया के बड़े देशों में चीन की जन्म दर सबसे कम है और यह लगातार घटती जा रही है। 2016 में चीन में 1.8 करोड़ बच्चे पैदा हुए थे। 2023 में यह संख्या 90 लाख पर आ गई ।सिर्फ 7 साल में चीन में बच्चे पैदा होने की रफ्तार में 50त्न फीसदी कमी आई। 2024 में इसमें थोड़ा इजाफा हुआ और यह 95 लाख हुई, लेकिन जनसंख्या में कुल गिरावट जारी रही क्योंकि मृत्यु दर जन्म दर से अधिक रही।

### तीन साल से कम उम्र के बच्चों को मिलेगा फायदा

जिन माता-पिता के बच्चों की उम्र तीन साल से कम है, उन्हें सरकार हर साल नकद पैसे देगी। ये योजना 1 जनवरी 2025 से लागू मानी जाएगी। इसमें वो बच्चे भी शामिल होंगे जिनकी उम्र अभी तीन साल से कम है ।ऐसे बच्चे जिनके पास चीनी नागरिकता है, उन्हें तीन साल का होने तक प्रति वर्ष 3,600 युआन (करीब 502 अमेरिकी डॉलर) दिए जाएंगे ।अगर कोई बच्चा पहले पैदा हुआ है, लेकिन अभी तीन साल से छोटा है, तो उसे भी उतने महीने के हिसाब से पैसे मिलेंगे, जितने महीने वो इस योजना के दायरे में आता है ।चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि ये पहली बार है जब पूरे देश में एक जैसी बाल देखभाल सब्सिडी दी जा रही है। इससे लगभग दो करोड़ परिवारों को हर साल फायदा मिलने की उम्मीद है।

### कई चीनी राज्य भी ऐसी स्कीम चला रहे

पहले चीन के अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग तरह की योजनाएं चलती थीं, जिनमें ज्यादातर सब्सिडी सिर्फ दूसरे या तीसरे बच्चे पर दी जाती थी, लेकिन इस नई योजना में पहले, दूसरे और तीसरे सभी बच्चों को बराबर मदद दी जाएगी ।विशेषज्ञों का मानना है कि पिछले कुछ सालों में चीन में पहले बच्चे के जन्म में सबसे ज्यादा गिरावट आई है, इसलिए ये योजना इस समस्या को भी ठीक करने में मदद करेगी ।साथ ही यह भी कहा गया कि केवल पैसे देने से ही जन्म दर नहीं बढ़ेगी, बल्कि इसे मातृत्व छुट्टी, बच्चों की देखभाल सेवाओं, स्कूलों और घर जैसी दूसरी सुविधाओं से भी जोड़ना जरूरी है ।सरकार की योजना है कि अगस्त 2025 के अंत तक पूरे देश में इस सब्सिडी के लिए आवेदन लेना शुरू कर दिया जाएगा। चीन सरकार अलग-अलग क्षेत्रों को उनके आर्थिक हालात के हिसाब से मदद देगी और स्थानीय सरकारें चाहें तो अपनी तरफ से सब्सिडी की राशि बढ़ा भी सकती हैं, लेकिन उसका खर्च उन्हें खुद उठाना होगा।

# मुठभेड़ कल ही क्यों हुई? ऑपरेशन महादेव पर अखिलेश ने उठाए सवाल, चीन को बताया राक्षस



बढ़ता राजस्थान


**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अखिलेश यादव ने कहा कि आज जब हम संसद में यह चर्चा कर रहे हैं तो सरकार को बताना चाहिए कि देश का कुल क्षेत्रफल कितना है। यादव ने संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा वाले दिन ही कश्मीर में ऑपरेशन महादेव संचालित होने पर सवाल उठाते हुए कहा कि मुठभेड़ कल ही क्यों हुई। लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर बहस के दौरान सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि आखिर ऐसी क्या वजह थी कि सरकार को युद्धविराम की घोषणा करनी पड़ी? उन्होंने तंज भरे लहजे में कहा कि हमें तो उम्मीद थी कि सरकार खुद ही इसकी घोषणा कर देगी। लेकिन चूंकि उनकी गहरी दोस्ती है, इसलिए सरकार ने अपने दोस्त से ही युद्धविराम की घोषणा करने को कहा। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा सवाल यह है कि सुरक्षा चूक की जिम्मेदारी कौन लेगा? सरकार जो दावा करती है कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद कोई आतंकवादी घटना नहीं होगी। अखिलेश यादव ने कहा कि आज जब हम संसद में यह चर्चा कर रहे हैं तो सरकार को बताना चाहिए कि देश का कुल क्षेत्रफल कितना है। यादव ने संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा वाले दिन ही कश्मीर में ऑपरेशन महादेव संचालित होने पर सवाल उठाते हुए कहा कि मुठभेड़ कल

# पहलगाम हमले के लिए कौन ज़िम्मेदार? खड़गे का सवाल- तीन दिन पहले पीएम मोदी ने क्यों रद्द किया था अपना दौरा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पूरे देश और इस सदन के साथ, मैं (पहलगाम में) हुए बर्बर हमले और पाकिस्तान द्वारा आतंकवादियों को लगातार दिए जा रहे समर्थन की निंदा करता हूँ। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर बहस के दौरान ऊपरी सदन में बोलते हुए पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों के ठिकाने के बारे में केंद्र से सवाल किया। खड़गे ने सबसे पहले कहा कि पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को मैं अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। मैं उनके परिवारों के प्रति भी अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं कहना चाहूंगा - मेहंदी वाले हाथों ने पति की लाश उठाई है, बेबस रोते बच्चों ने पापा की जान गंवाई है, अश्रु भरे लाचार खादी बेबस नारी को देखा है, पहलगाम घाटी में हमने अपनों को मरते देखा है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पूरे देश और इस सदन के साथ, मैं (पहलगाम में) हुए बर्बर हमले और पाकिस्तान द्वारा आतंकवादियों को लगातार दिए जा रहे समर्थन की निंदा करता हूँ। उन्होंने कहा कि हमने पहले भी पाकिस्तान की निंदा



की थी, आज भी करेंगे और अगर कल भी ऐसा ही चलता रहा, तो भी हम उसकी निंदा करते रहेंगे। लेकिन यहाँ हम उसकी निंदा करते हैं और आप उनकी दावत में शामिल होते हैं और उन्हें गले लगाते हैं।

खड़गे ने आगे कहा कि लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और मैंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की थी, लेकिन पत्र का कोई जवाब नहीं आया। उन्होंने तंज भरे लहजे में कहा कि हमारे पत्रों को कूड़ेदान में डाल दिया जाता है। वे उसे पढ़ते तक नहीं। अगर इतना अहंकार है, तो एक दिन आपके अहंकार को तोड़ने वाले लोग ज़रूर आएंगे। यह ठीक नहीं है। आपके पास एक-दो वाक्य लिखने का भी समय नहीं है। लोगों के गले पड़ने की फुर्सत है।

विपक्ष के नेता ने कहा कि हम बैठक (सर्वदलीय) में गए थे, लेकिन आप चुनाव प्रचार के लिए बिहार गए थे। क्या यही आपकी देशभक्ति है?...उन्हें आज सदन में आकर हमारी बात सुननी चाहिए थी। अगर आपमें सुनने की क्षमता नहीं है, तो आप उस पद पर रहने के लायक नहीं हैं।

# भरतपुर मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर को आया हार्ट अटैक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स )।** भरतपुर मेडिकल कॉलेज के सीनियर प्रोफेसर के आज दिन में ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक आ गया। सीने में हुए तेज दर्द के बाद परिजन उनको जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल लेकर आए, जहां उनकी एंजियोग्राफी करने के बाद डॉक्टरों ने बाइपास की सलाह दी है। डॉक्टर की तबीयत फिलहाल स्थिर है ।एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल और सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. दीपक माहेश्वरी ने बताया- जनरल मेडिसिन डिपार्टमेंट में सीनियर प्रोफेसर डॉ. सुनील पाठक को आज दिन में तेज सीने में दर्द हुआ, जिसके बाद परिजन उनको एसएमएस लेकर आए। यहां उनकी एंजियोग्राफी समेत अन्य जांच करने के बाद उनको बाइपास की सलाह दी है। डॉ. माहेश्वरी ने बताया- डॉ. पाठक की तबीयत अभी स्थिर है।

# गृह मंत्री मेरी मां के आंसुओं तक गए, लेकिन नहीं बताया कि युद्धविराम हुआ क्यों?

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता ने कहा कि 1948 से लेकर अब तक- जब पाकिस्तान की तरफ से कश्मीर पर हमला किया गया- हमारे देश की अखंडता की रक्षा करने में हमारे जवानों का बड़ा



योगदान है ।बहस के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा लोकसभा में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि कल रक्षा मंत्री ने एक घंटे तक भाषण दिया, आतंकवाद पर बात की, देश की रक्षा की बात की, इतिहास का पाठ भी पढ़ाया, लेकिन एक बात छूट गई - ये हमला कैसे हुआ? उन्होंने आरोप लगाया कि पहलगाम में सरकार ने लोगों को भगवान के भरोसे छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि मैं उन सभी जवानों को नमन करना चाहती हूं, जो हमारे देश के रेगिस्तानों में, घने जंगलों में, बर्फीली पहाड़ियों में... हमारे देश की रक्षा करते हैं।

# हाशिम मूसा के मारे जाने से पाक सेना और शाहबाज सदमे में, आतंकी आका भी बौखलाए

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** जहां तक ऑपरेशन महादेव की बात है तो उसके अंतर्गत भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त अभियान में मूसा समेत तीन आतंकियों को श्रीनगर के दाचीगाम क्षेत्र (माउंट महादेव के पास) में मार गिराया गया। यह वही क्षेत्र था जहाँ से मूसा कई महीनों से सक्रिय था ।जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मुख्य साजिशकर्ता और लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडर हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान शाह को सुरक्षा बलों ने सोमवार को मार गिराया। यह खबर सुनने के बाद से पाकिस्तान सरकार और पाकिस्तानी सेना के होश उड़े हुए हैं। सोशल मीडिया पर इस तरह की खबरें चल रही हैं कि पाकिस्तानी हुक्मरानों के बीच मातम छाया हुआ है क्योंकि जिस मूसा को इतना प्रशिक्षण देकर कश्मीर भेजा था आतंक फैलाने के लिए उसको भारतीय सुरक्षा बलों ने जहन्नुम में भेज दिया है। हम आपको बता दें कि मूसा उस समय अपने छिपे हुए ठिकाने में आराम कर रहा था, जब संयुक्त अभियान दल ने उस पर घेरा डाला और उसे



उसके साथियों के साथ ठोक डाला। हम आपको बता दें कि मूसा वही आतंकी था जिसने पहलगाम में हिंदू पुरुषों को उनके रोते-बिलखते परिवारों के सामने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था। मूसा इससे पहले सोनमर्ग हाईवे पर एक सुरंग के श्रमिकों पर हमले में भी शामिल था, जिसमें 7 निर्दोष लोगों की जान गई थी। उसकी यह गतिविधियाँ यह स्पष्ट करती हैं कि वह जम्मू-कश्मीर में भय और अस्थिरता फैलाने के लिए लगातार घातक हमलों की योजना बनाता रहा था।

जहां तक ऑपरेशन महादेव की बात है तो उसके अंतर्गत भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त अभियान में मूसा समेत तीन आतंकियों को श्रीनगर के दाचीगाम क्षेत्र (माउंट महादेव के पास) में मार गिराया गया। यह वही क्षेत्र था जहाँ से मूसा कई महीनों से सक्रिय था। सुरक्षा सूत्रों ने पुष्टि की है कि हाशिम मूसा पाकिस्तानी सेना की स्पेशल सर्विसेज ग्रुप (स्स्त्र) का पूर्व सैनिक था। यह इकाई असामान्य युद्ध, पहाड़ी लड़ाई, गुप्त हमले और उच्च स्तरीय बचाव तकनीकों के लिए जानी जाती है। मूसा को पारा-कमांडो स्तर का प्रशिक्षण मिला था, जिसने उसे जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने की क्षमता दी।

सूत्रों का कहना है कि मूसा बीते वर्ष कठुआ और सांबा सेक्टर के रास्ते भारत में घुसपैठ करके आया था। इसके बाद उसने राजौरी-पुंछ के डीरा की गली क्षेत्र को अपना आधार बनाया। यहीं से उसने सुरक्षा बलों पर हमलों की साजिशें रचीं और अपने लश्कर मॉड्यूल को सक्रिय रखा। हम आपको बता दें कि लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठन पाकिस्तानी विशेष बलों से प्रशिक्षित आतंकियों का उपयोग करते हैं ताकि जम्मू-कश्मीर में भय का वातावरण बनाया जा सके। मूसा का ऑपरेशनल पैटर्न—पहाड़ी इलाकों का उपयोग, स्थानीय नेटवर्क को मजबूत करना और उच्चस्तरीय हथियारों का इस्तेमाल—पाकिस्तानी स्स्त्र की रणनीति को दर्शाता है ।इसके अलावा, मूसा ने पाकिस्तान से मिले सैन्य प्रशिक्षण और हथियारों को स्थानीय मददगारों के साथ जोड़कर कश्मीर में घातक मॉड्यूल तैयार किया। उसकी पृष्ठभूमि और घुसपैठ की विधि इस बात का प्रमाण है कि आतंकी संगठनों को पाकिस्तान से प्रत्यक्ष सहायता मिलती है। लेकिन ऑपरेशन महादेव न केवल मूसा जैसे खूंखार आतंकी को खत्म करने में सफल रहा, बल्कि इसने आतंक के बुनियादी ढांचे को भी करारा झटका दिया ।देखा जाये तो हाशिम मूसा की मौत आतंकवाद के खिलाफ भारत की एक बड़ी जीत है, लेकिन यह भी स्पष्ट है कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी नेटवर्क अभी भी सक्रिय हैं। इसलिए जरूरी है कि भारतीय सुरक्षा एजेंसियां इस प्रकार के विदेशी प्रशिक्षित मॉड्यूल को समय रहते निष्क्रिय करने के लिए अपनी तकनीकी और मानवीय खुफिया क्षमताओं को और सुदृढ़ करें। हम आपको यह भी बता दें कि भारत के गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में बताया है कि आतंकियों के पास पाकिस्तानी वोटर ढ्ढष्ठ कार्ड, पाक निर्मित चॉकलेट्स और अन्य पाक सामग्री बरामद की गई है जिनसे उनकी पाकिस्तानी नागरिकता की पुष्टि हुई है। इससे यह सिद्ध हो गया है कि ये आतंकवादी पाकिस्तान की ओर से योजनाबद्ध थे।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार